धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार
20.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 220



12 आंध्र के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने संगम में लगायी डुबकी

## न्यूज डायरी

### चैंपियंस ट्रॉफी: पहले ही मैच में हारा पाकिस्तान

**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में ही मेजवान पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों 60 रनों की करारी हार झेलनी पड़ी। टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107), ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की पारियों के बाद विलियम ओरूर्क और मिचेल सैंटनर की शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को उसे 60 रनों से हरा दिया

### आज भारत- बांग्लादेश भिड़ंत

**नयी दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच गुरुवार को बांगलादेश के खिलाफ खेलेगी। इस मैच में टीम इंडिया जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। भारत टूनार्मेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है। गेंदबाजी इकाई चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति टीम को खल रही है।

### सीएम के वरीय आप्त सचिव बने सुनील कुमार

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव बनाये गये। संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। अधिसूचना में कहा गया है कि सुनील श्रीवास्तव को एक दिसंबर 2024 के प्रभाव से सीएम के वरीय आप्त सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है। यह नियुक्ति बिल्कुल अस्थाई और को-टर्मिनस है और किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।

### गिल और तीक्षणा एक दिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 796 रेटिंग अंक के साथ पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ कर दुनिया के नंबर वन एकदिवसीय बल्लेबाज बन गये हैं। वहीं श्रीलंका के महीश तीक्षणा ने 11 अंकों की छलांग मार कर गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये है।

### पांच राज्यों को आपदा मद में 1554 करोड़

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रूपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार मंजूरी दी।

### ज्ञानेश कुमार ने संभाला सीइसी का पद भार

**नयी दिल्ली।** ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा, राष्ट्र निर्माण की पहली सीढ़ी मतदान है, इसलिए जो 18 साल की आयु पार कर चुका है, उसे मतदान करना चाहिए। हीं डॉ. विवेक जोशी ने भी चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 80700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 101000 रु./प्रति किलो |




# डमरू और शंख ध्वनि से गूंजा इटखोरी महोत्सव

## तीन दिनों तक छाया रहेगा उमंग और उल्लास, उदघाटन में बोले पर्यटन मंत्री- झारखंड का विकास प्राथमिकता

### पर्यटन क्षेत्र के विकास को सरकार कृत संकल्पित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आगाज विश्व प्रसिद्ध शंख व डमरू वादक डॉ विपिन मिश्रा के स्त्रोत वादन के साथ हो गया। महोत्सव में शंख व डमरू के साथ स्त्रोत वादन की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। डॉ विपीन मिश्रा व उनके सहयोगी ने वैदिक परंपरा का निर्वहन करते हुए अपनी प्रस्तुति दी। बुधवार को पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने पर्यटन विकास का संकल्प लेते हुए दीप प्रज्वलित कर ग्यारहवें महोत्सव समारोह का उदघाटन किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, डीसी रमेश घोलप, इसपी विकास कुमार पाण्डेय, बौद्ध धर्म गुरु भंते प्रज्ञा दीप, भंते तिसावरो, पुजारी नागेश्वर तिवारी, झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचन्द जैन, शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री सुरेश झांझरी, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी तथा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी उपस्थित थे। अब तीन दिनों तक छाया रहेगा उमंग और उल्लास।






**संख-डमरी ध्वनि ने समां बांधी :** समारोह के उद्घाटन के दौरान डॉ विपिन मिश्रा के वैदिक स्त्रोत गायन के बीच शंख और डमरू से संगीत और भक्ति की समां बांध दी। 2015 से लेकर वे अब तक हर इटखोरी महोत्सव का गवाह बन रहे हैं। उपायुक्त और एसपी ने उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन से पूर्व सभी अतिथियों ने मां भद्रकाली और सहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

(शेष पेज 11 पर)

### आपसी सद्भाव बढ़ाने पर जोर

पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सभी धर्मों के बीच सह-अस्तित्व और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने पर जोर दिया। धर्म ने कभी भी लोगों को आपस में लड़ने की शिक्षा नहीं दी है। हिंदुस्तान में सभी धर्म सहजीविता के आधार पर एक-दूसरे की भावनाओं और आस्थाओं का सम्मान करते हुए साथ-साथ चलते आये हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया कि इटखोरी महोत्सव को धार्मिक समावेशन का प्रतीक बनाया जाये, ताकि इसकी पहचान पूरे राज्य, देश और विश्व स्तर पर स्थापित हो। पर्यटन मंत्री ने कहा कि यह स्थल अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के कारण वैश्विक पहचान बनायेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में विकास के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है।

# गिरिडीह सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

## मधुबन के लट्टकट्टो में स्कॉर्पियो और बाइक में टक्कर

### तेज रफ्तार के कारण हादसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** डुमरी-गिरिडीह पथ पर एक तेर रफ्तार के कारण भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी। हादसा हुआ है। यह हादसा उस समय हुआ, जब एक बाइक और स्कॉर्पियो के बीच जबरदस्त टक्कर हो गयी। टक कर के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो कर पेड़ से जा टकरायी। मरने वालों में से चार लोग स्कॉर्पियो पर सवार थे और बाकी लोग बाइक पर सवार थे।



यह हादसा मधुबन थाना इलाके के लट्टकट्टो में हुआ। मंगलवार की देर रात स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशा से आ रही थी। इसी दौरान लाइट से स्कॉर्पियो चालक का संतुलन बिगड़ गया और उसने पहले बाइक सवार को धक्का मार दिया फिर पेड़ से जा टकरायी। सूचना पर मधुबन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी। एसडीपीओ सुमित कुमार ने घटना की पुष्टि की और बताया कि छह लोगों की जान चली गयी है। मरने वालों में चार स्कार्पियो पर सवार थे तो दो बाइक पर।

घटना में सिर्फ एक शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने काफी मशक्कत से वाहन से शव को बाहर निकाला।

(शेष पेज 11 पर)

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की सीएम, आज शपथ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 12 दिनों तक नये सीएम के नाम पर जारी सस्पेंस बुधवार को खत्म हो गया। भाजपा विधायक रेखा गुप्ता दिल्ली की अगली मुख्यमंत्री होंगी। विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी। भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में रेखा गुप्ता दिल्ली नये मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लग गयी। दिल्ली के नये सीएम की 'ताजपोशी' के लिए रामलीला मैदान में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। गुरुवार दोपहर 12:35 बजे उपराज्यपाल वीके सक्सेना नये मुख्यमंत्री को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। 27 साल बाद दिल ली विधानसभा में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिली है। 70 सीटों में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है।

रामलीला मैदान में पीएम मोदी की मौजूदगी में दिल्ली की नयी सीएम की 'ताजपोशी' होगी। गुरुवार दोपहर 12:35 बजे उपराज्यपाल वीके सक्सेना न्उन्हें मुख्यमंत्री को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। शपथ ग्रहण के बाद पीएम मोदी दिल्ली की झुग्गी बस्तियों के प्रधानों से मिलेंगे। समारोह में दिल्ली की करीब 250 झुग्गी बस्तियों के प्रधानों को बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान रामलीला मैदान में 5,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी और 10 से अधिक अर्धसैनिक बलों की कंपनियां तैनात रहेंगी।



**चौथी महिला सीएम :** रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला सीएम होंगी। इनसे पहले उनसे पहले कांग्रेस की शीला दिक्षित, भाजपा की सुषमा स्वराज और आम आदमी पार्टी की आतिशी दिल्ली की सीएम रही हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में लगी मुहर

बुधवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में पार्टी के पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद और ओपी धनखड़ की उपस्थिति में रेखा गुप्ता के नाम पर मुहर लगी। दिल्ली के सीएम की रेस में प्रवेश वर्मा के अलावा सतीश उपाध्याय, विजेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता और शिखा राय जैसे कई चेहरों का नाम लिया जा रहा था, लेकिन, आखिरकार बाजी रेखा गुप्ता ने मार ली। नेता घोषित होते ही विधायकों और नेताओं ने रेखा गुप्ता को बधाई दी। उनके समर्थक जश्न मना रहे हैं। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, मैं रेखा गुप्ता को विधायक दल की नेता चुने जाने बधाई देना चाहती हूं। मुझे पता है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में वह दिल्ली में विकास का एक नया अध्याय लिखेंगी।

# इडी ने धनबाद के प्रमोद सिंह को किया गिरफ्तार

**एनआरएचएम घोटाला**

### तीन दिन रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी एजेंसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची, धनबाद। नेशनल रुरल हेल्थ मिशन (एनआरएचएम) घोटाले के आरोपी प्रमोद सिंह को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रमोद कुमार सिंह धनबाद के रहने वाले हैं। एनआरएचएम में हुए जिस घोटाला मामले में ईडी ने प्रमोद कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है, वह 9 करोड़ से अधिक रुपये का है। जानकारी के मुताबिक, एजेंसी की ओर से प्रमोद को 12 समन दिया जा चुका था। लेकिन वह एजेंसी के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुआ। इसके बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**अब तीन दिन पूछताछ करेगी एजेंसी :** प्रमोद कुमार को गिरफ्तार करने के बाद ईडी की टीम ने उन्हें रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विशेष कोर्ट में पेश किया, जहां ईडी ने कोर्ट से प्रमोद को सात दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की इजाजत मांगी। लेकिन कोर्ट ने सिर्फ तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। ईडी ने धनबाद के कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह की 1.163 करोड़ रुपए की संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया था। ईडी ने दो सितंबर 2024 को जानकारी देते हुए बताया था कि प्रमोद कुमार सिंह और उनके परिवार से संबंधित 1.63 करोड़ (लगभग) की अचल संपत्ति को जब्त किया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

### एक अफसर पर भड़के वित्त मंत्री कहा -मन नहीं लग रहा तो विदा ले लें

**मेदिनीनगर।** पलामू में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एक अधिकारी पर भड़क गये। खुले मंच पर जिला पशुपालन पाधिकारी को उन्होंने जम कर खरीखोटी सुनायी। श्री किसोर ने यहां तक कह दिया कि- रास नहीं आ रहा तो पलामू से विदा ले लीजिए महोदय। 45 वर्ष से राजनीति में हूं, मुझे मत सिखाइए। उन्होंनें कहा, हाथ जोड़कर विनती है कि पलामू जिला के लिए कुछ बेहतर करें। वित्त मंत्री शिवाजी मैदान में झारखंड सरकार में वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर प्रमंडलस्तरीय कृषि मेला को संबोधित करने के लिए खड़े हुए थे। संबोधन से पहले वित्त मंत्री ने पलामू के पशुपालन पदाधिकारी से विभाग के लक्ष्य और उपलब्धि के बारे में जानकारी मांगी थी, लेकिन उन्हें जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी। इसी बीच पशुपालन पदाधिकारी उनके पास डाटा लेकर पहुंचे।

# नहीं मिला मैट्रिक का एडमिट कार्ड, छात्र ने कर ली खुदकुशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** मैट्रिक का एडमिट कार्ड नहीं मिलने से हतोत्साहित एक छात्र ने खाया जहर खा कर जान दे दी। बुधवार को कांस्टेन्ट लिवांस अस्पताल मांडर में इलाज के दौरान छात्र ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार राय खेलरी निवासी भरत नायक के पुत्र पवन नायक (16) को हाई स्कूल राय से मैट्रिक का एडमिट कार्ड नहीं मिल पाया था। इससे दुःखी होकर घर में रखा सल्फास खा लिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों ने उसे आनन फानन में मांडर स्थित कांस्टेंट लीवंश अस्पताल पहुंचाया। सल्फास का मात्रा अधिक एवं आने मे बिलम्ब होने के कारण शरीर मे जहर फैल चुका था। डॉक्टरो के काफी प्रयास के बावजूद पवन को बचाया नहीं जा सका। परिजनों के बयान पर स्कूल के शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई हेतु खेलारी थाना को भेज दी गयी है। बताया जाता है की पवन को एडमिट कार्ड नहीं मिलने से वह स्कूल के शक्षकों को बोलते हुए स्कूल से निकला था, अगर हमें कुछ हो जाता है तो इसका जिम्मेदार आपलोग खुद होंगे। पवन की बातों को स्कूली टीचरों ने गंभीरता नहीं लिया। अगर स्कूल प्रबंधन थोड़ा भी गंभीर होता, तो आज यह घटना नहीं होती। मांडर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।



**छात्र क्लास नहीं करता था :** इस मामले को लेकर स्कूल के शिक्षक से बात करने पर बताया कि छात्र स्कूल में क्लास नहीं करता था। इस कारण जैक के द्वारा निर्धारित 75% मापदंड वाले ही छात्र का ही फॉर्म भरने की अनुमति है।

(शेष पेज 11 पर)

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर जमकर लताड़ा, कहा

# पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर पाकिस्तान को जमकर लताड़ा और उसे 'आतंकवाद का वैश्विक केंद्र' बताया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने यूएन सुरक्षा परिषद में कहा, पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध 20 से अधिक आतंकवादी संगठनों को पनाह देता है। साथ ही सीमा पार आतंकवाद को समर्थन प्रदान करता है। हरीश ने कहा, इसलिए यह एक बड़ी विडंबना है जब पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ थपथपाता है। स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, भारत, जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और हरकत उल मुजाहिदीन (एचयूएम) जैसे आतंकी समूहों के माध्यम से इस देश द्वारा किए गए आतंकी कृत्यों का शिकार रहा है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाये जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए हरीश ने कहा, वास्तव में, यह पाकिस्तान ही है जिसने जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल के चुनाव में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के लोगों ने फिर से भारत के प्रति अपनी निष्ठा को स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों ने पिछले साल ही सफल चुनाव में हिस्सा लिया और अपनी सरकार चुनने के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया।



(शेष पेज 11 पर)

### सुरक्षा परिषद में सुधार जरूरी : गुटेरेस

उधर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह समय अधिक व्यापक सहमति बनाने का है ताकि संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में विश्वास बना रहे। उन्होंने वैश्विक शासन में सुधार पर आयोजित एक बैठक में कहा कि सुरक्षा परिषद को बड़ा और आज की जियोस्ट्रैटिजिक वास्तविकताओं के अनुरूप अधिक भागीदारीपूर्ण बनाया जाना चाहिए। गुटेरेस ने याद दिलाया कि पिछले साल वैश्विक नेताओं द्वारा पारित पैक्ट फॉर द फ्यूचर में भी वठरउ सुधार की आवश्यकता को स्वीकार किया गया था। उन्होंने कहा कि अब हमें इस गति को बनाए रखते हुए क्षेत्रीय समूहों और सदस्य देशों के बीच व्यापक सहमति बनानी होगी ताकि सुधार प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके।

# मैराथन बैठक करने कल रांची आयेंगे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत 21 फरवरी को राजधानी रांची पहुंचेंगे। वह दोपहर दो बजे से रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन के सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद वे 22 फरवरी को रांची से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां सुबह 11 बजे चाईबासा, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन की ताजा स्थिति से अवगत होंगे। बुधवार को पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी 23 फरवरी की सुबह 10.30 बजे बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की बैठक में भी भाग लेंगे। इसके बाद 11.30 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। दो बजे से वे कांग्रेस अग्रणी मोर्चा संगठन और उसके अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे, फिर शाम सात बजे रांची से हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में होगा। 24 फरवरी को हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ में जिलाध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।

## खबर एक नजर में

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे सुदेश

**रांची।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा आमंत्रण मिला है। उस आमंत्रण पर श्री महतो बुधवार को दिल्ली रवाना हो गये। 20 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह है। यह जानकारी पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने दी।

### दिव्यांगों ने मांगी 2500 रुपये पेंशन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को झारखण्ड दिव्यांग आंदोलन संघ का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से राज्य के दिव्यांगजन को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की भांति ही 2500 रुपये पेंशन राशि सुलभ कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### चिकित्सकों के समतुल्य राशि देने की मांग



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम गुमला के चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा एवं अन्य ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल से राज्य के आयुष चिकित्सकों को एमबीबीएस चिकित्सकों के समतुल्य राशि प्रदान करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल अपर मुख्य सचिव से मिला



**रांची।** अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी से बुधवार को वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन की नवगठित राज्यस्तरीय समिति के प्रतिनिधियों ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए राज्य के सभी जिलों में इसकी इकाइयों की आवश्यकता बतायी। बताया कि वर्तमान में संगठन की बोकारो, गिरिडीह, गोड्डा, खूंटी, पाकुड़, पलामू, साहेबगंज, सिमडेगा एवं पश्चिमी सिंहभूम जिले में इकाइयां नहीं हैं। अपर मुख्य सचिव ने स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने पर बल दिया।

### राजीव झावर ने किया सरेंडर मिली जमानत

**रांची।** अवैध तरीके से आवंटित खदान मामले में चार्जशीटेड आरोपी ऊषा मार्टिन के एमडी राजीव झावर ने बुधवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। साथ ही, आरोपी ने जमानत याचिका भी दाखिल की। सुनवाई पश्चात अदालत सशर्त जमानत प्रदान की। अदालत ने उन्हें ₹50-50 हजार के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत दी है। उन पर साल 2005 में गलत तरीके से ऊषा मार्टिन को माइंस आवंटन कराने का आरोप है। सीबीआई ने 22 सितंबर 2016 में मेसर्स उषा मार्टिन लिमिटेड कंपनी के निदेशक, कंपनी के सहायक उपाध्यक्ष एसके सिंह, एनके पटौडिया इंद्र देव पासवान, तत्कालीन खान सचिव अरुण कुमार सिंह पर जांच पूरी करते हुये जनवरी 2023 में चार्जशीट दाखिल की थी। इसी मामले में हाल में ही सीबीआई कोर्ट ने संज्ञान लिया है।

कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव ने सीएम सेजेपीएससी अध्यक्ष नियुक्त करने की मांग की

# जेपीएससी अध्यक्ष का पद छह माह से खाली, जारी हो एग्जाम कैलेंडर: अंबा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेपीएससी अध्यक्ष का पद छह माह से खाली है। 22 अगस्त 2024 को डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा के रिटायर होने के बाद अब तक जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई है। इसे लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की और वार्ता कर एक पत्र सौंपा। पत्र के जरिये अंबा प्रसाद ने जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ-साथ जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं का कैलेंडर जारी करने की भी मांग की है। यह जानकारी अंबा प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी।





### पद खाली रहने से कई नियुक्तियां रूकीं

बताते चलें कि 22 अगस्त 2024 को जेपीएससी अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा अपने पद से रिटायर हो गयीं। नीलिमा केरकेट्टा को 2022 में जेपीएससी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था लेकिन नीलिमा के रिटायर होने के बाद से यानी छह माह से जेपीएससी के अध्यक्ष का पद खाली है। जेपीएससी का अध्यक्ष नहीं होने से 11वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर बहाली नहीं हो सकी है। अध्यक्ष नहीं होने से रिजल्ट जारी करने में देरी हो रही है। वहीं अभ्यर्थी इंटरव्यू की तारीख के इंतजार में बैठा हैं।

**मुख्यमंत्री जी इसे गंभीरता से लेंगे:** सरकार ने पहले ही यह प्रस्ताव पास किया है कि एक महीने के भीतरजेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया जायेगा। हमें पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री जी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, ताकि राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को उनका हक मिल सके।

**अनिश्चितता में है लाखों युवाओं के भविष्य :** कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव ने अपने पोस्ट में लिखा कि झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष पद की नियुक्ति और जेपीएससी-जेएसएससी की परीक्षाओं का कैलेंडर जारी करने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर वार्ता कर पत्र सौंपा। कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही देरी से लाखों युवाओं के भविष्य पर अनिश्चितता बनी हुई है।

### आजसू ने जेपीएससी अध्यक्ष और कुलपतियों की नियुक्ति की मांग उठायी

**रांची।** आजसू ने मुख्यमंत्री के नाम बुधवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में ज्ञापन सौंपकर जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति और नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय सहित राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रतिकुलपति, रजिस्ट्रार के रिक्त पदों को भरने का आग्रह किया। आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि लगभग छह महीनों से जेपीएससी अध्यक्ष का पद रिक्त है, इसके कारण सभी परीक्षाएं और परिणाम बाधित हैं। नीलांबर-पीतांबर विश्विद्यालय में 15-20 दिनों से कुलपति नहीं हैं, जिससे विश्वविद्यालय का पूरा काम ठप पड़ गया है।

# झारखंड में चल रहा अबुआ दिशुम, दिकू राज: रमाकांत

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार बिना नियोजन एवं स्थानीय नीति के बाहरियों को बेच रही नौकरियां



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो हेमंत सोरेन एवं उनकी सरकार को आड़े हाथों लेते हुये कहा है कि झारखंड में अबुआ दिशुम अबुआ दिशुम दिकू राज स्थापित किया जा रहा हैं। यही कारण है कि राज्य में बनी लोकप्रिय नियोजन एवं स्थानीय नीति को निरस्त कर बगैर नीति बनाये बाहरियों को नौकरियां बेच रहें हैं। साथ ही, सरकारी पैसा से चेहरे चमकाने के लिये विज्ञापन में पानी की तरह बहा रहे हैं। सरकार ढिंढोरा पिट रही है कि हम झारखंडी युवाओं को नौकरियां बांट रहे हैं, जो सत्य से परे है। उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्षों से अबतक के कार्यकाल के बीच जेएसएससी एवं सरकारी संस्थाओं के द्वारा जितने भी नियुक्तियां हुई हैं। उनमें से 75 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी झारखंड के बाहर के हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने जितनी भी नियुक्तियां की है, सभी में जमकर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति हो या लेब टेक्नीशियन की या नगर विकास, आवास विभाग या फिर अन्य विभाग की हों।सरकार संरक्षित धांधलियां हुई। उन्होंने नियुक्तियों पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिकूओं के बीच घिरे हैं। सीएम भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू,नीलांबर-पीतांबर वीर शहीदों के सपनों को नीलाम कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि मालदार पदों पर भ्रष्ट अधिकारियों की पोस्टिंग कर लूटने की खुली छूट दी गयी है।हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोप में जेल से बाहर निकली पूजा सिंघल की ईडी के मना करने के बावजूद पोस्टिंग की गई।ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग बन चुका है। उन्होंने कहा कि मईयाओं के खाते में हर महीने के 11 तारीख को राशि भेजने में सरकार विफल हो चुकी है।

## जेपीएससी परीक्षा की जांच के लिए दायर पीआइएल पर अब 17 मार्च को सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रथम, द्वितीय जेपीएससी और अन्य परीक्षाओं में गड़बड़ी की सीबीआई जांच जल्द पूरी करने के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में अब 17 मार्च को सुनवाई होगी। बुधवार को सीबीआई की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया कि इस मामले में सीबीआई की विशेष अदालत में पूरक शपथपत्र दाखिल किया गया है। इस मामले में आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया है। सुनवाई के दौरान आरोपपत्र की कॉपी भी सीबीआई ने हाईकोर्ट में पेश की।

इसके बाद जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत ने 17 मार्च को अगली सुनवाई निर्धारित की।




इस संबंध में बुद्धदेव उरांव ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। जनहित याचिका में कहा गया है कि जेपीएससी प्रथम व द्वितीय परीक्षा में गड़बड़ी की गई है। इसकी सीबीआई जांच की जा रही है, लेकिन अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। जेपीएससी के अधिकारियों की मिलीभगत से अयोग्य अभ्यर्थियों को पास किया गया। सभी लोग अभीनौकरी कर रहे हैं। ऐसे में इन्हें उनके पद से हटाते हुए सीबीआई जांच जल्द पूरी की जाए।

# आज से तीन दिन ओला-बारिश का ऑरेंज अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची समेत राज्यभर में अगले तीन दिन गरज के साथ ओलावृष्टि और तेज हवा के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि 20 से 22 फरवरी तक हल्की बारिश के साथ हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा हो सकती है। राज्य में 23 तक बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में एक से तीन डिग्री तक गिरावट होगी जबकि, रात के तापमान में बड़े बदलाव नहीं होंगे। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में 14 जिलों में 22 फरवरी को ओलावृष्टि के आसार हैं। इनमें 20 और 21 को सरायकेला, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, खूंटी, रांची, रामगढ़ और बोकारो में ओलावृष्टि के साथ तेज हवा के साथ हल्की बारिश होगी।



जबकि 22 को पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, दुमका, जामताड़ा, लोहरदगा में ओलावृष्टि के साथ तूफानी हवा चलेगी। 22 को राज्य के सभी हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। राज्य में मौसम बदलाव की प्रक्रिया शुरू होने के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है। बुधवार को रांची का न्यूनतम तापमान 16.4 और अधिकतम दर्ज किया गया। जबकि, राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री गुमला का रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, देश के उत्तरी भागों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी बंगाल से लेकर तेलंगाना तक एक निम्न दबाव क्षेत्र बन गया है। इसके प्रभाव से राज्य में हवा के रूख में परिवर्तन आया है। इससे अगले चार दिनों तक झारखंड का मौसम प्रभावित रहेगा और तेज हवा के साथ बारिश होगी।

| जिलों का न्यू. तापमान (डिग्री में) |
|---|
| गुमला 11.6 |
| गढ़वा 13.0 |
| चतरा 13.6 |
| खूंटी 14.1 |
| मेदिनीनगर 14.5 |
| देवघर 14.9 |
| बोकारो 15.1 |
| रांची 16.4 |
| जमशेदपुर 18.4 |
| पू सिंहभूम 20.6 |

पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान गरज और तेज हवा के साथ ओलावृष्टि और कहीं-कहीं वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 20 से 22 तक विभिन्न हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान है। राज्य में 23 तक बादल छाए रह सकते है।

**अभिषेक आनंद, वैज्ञानिक, मौसम विभाग, रांची**


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division Ranchi.**

**Short Notice- Inviting e-quotation Invitation Notice**
**Notice No. RCD/Ranchi-02/2024-25, (2nd Call), (First PR No.-345813)**

Quotations are invited for "Cast in situ pile of 2.00 m dia boring work as per below details, at Different ROB projects in Ranchi district in the state of Jharkhand."
All charges for executing "bored cast-in-situ M35 grade R.C.C. Pile excluding Reinforcement complete as per Drawing and Technical Specifications and removal of excavated earth with all lifts and lead upto 2000 m. (Piling rig of Bauer BG40 or of equivalent capacity inclusive of mobilization & demobilization of resources, Internal shifting of resource, fuels & lubricants, operator, all accessories tools, tackles, polymer, consumables and workmen)"

Quotatioers should quote their rates for unit mentioned in the table. The quotationer may quote rate for the item/work concerned. The rates should be exclusive of GST and Labour Cess.

1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration certificate.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
4. Quotationer may quote rate for all the Works/Items / any Items for which they are concerned.
5. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
6. The quotationer must submit complete rate analysis of all E-quoted items/Work duly signed by the quotationer.
7. The quotationer should have necessary Portal enrolment with their own digital signature Certificate.
8. For any query or clarification you may Contact Executive Engineer RCD, Road Division, Ranchi.

Detail requirement for qualifying quotationer and experience can be seen in terms and conditions on jharkhandtenders.gov.in.

नोट :- (1) वेबसाईट में ई-कोटेशन प्रकाशन की तिथि- 20.02.2025 के अपराह्न 12:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई-कोटेशन अपलोड की तिथि- 20.02.2025 के अपराह्न 12:00 बजे।
(3) ई-कोटेशन खोलने की तिथि- 06.03.2025 के अपराह्न 12:30 बजे।
(4) ई-कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।
(5) ई-कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :- 0651-2361018
(6) ई-कोटेशन खोलने का स्थान :- मुख्य अभियंता(या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Address for Communication :-**
Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Ranchi.
Near State Guest House, Mohrabadi, Ranchi-834008.
e-mail ID –eercdranchi-jhr@nic.in, eercdranchi.jhr@gmail.com

**Executive Engineer**
**RCD, Road Division, Ranchi.**

**PR 346744 Road Construction Dept Road Division Ranchi(24-25)#D**

अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार।
(खाद्य सुरक्षा-शाखा)

**आम सूचना।**

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 (Food Safety and Standard Act,2006) के तहत् खाद्य सुरक्षा एवं मानकों से जुड़े मामलों को नियंत्रित करने वाला कानून है। इस कानून के तहत् खाद्य पदार्थों के विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को नियंत्रित किया जाता है। इस अधिनियम के तहत् खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण(FSSAI) की स्थापना की गयी है। इस अधिनियम के तहत् खाद्य व्यवसाय शुरु करने से पहले लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है।

1. FSS Act-2006 की धारा-63 के तहत् सभी खाद्य कारोबारियों को (जैसे-किराना दुकान, खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, उत्पादक, वितरक, पूर्तिकार, प्रसंस्करणकर्त्ता, भण्डारक, पैकेजिंग, परिवाहक, मीट, मछली एवं चिकन बिक्री कर्त्ता, होटल, ढ़ाबा, रेस्टोरेन्ट, दवाखाना, मिठाई बिक्री कर्त्ता, फल और सब्जी दुकान, राईस मिल, आटा मिल, तेल मिल, पानी पैकेजिंग, चाय दुकान, गन्ना जूस, फुचका-चाट-छोला दुकान इत्यादि) को बिना वैध FSSAI License/Registration के कारोबार करना दंडनीय अपराध है, एवं इसमें धारा-63 के तहत् 10 लाख रूपये तक का जुर्माना किया जा सकता है।
2. FSSAI Registration के लिए आवश्यक दस्तावेज- पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड और दुकान का बिजली बिल लेकर आना सुनिश्चित करेंगे।
3. FSSAI License के लिए आवश्यक दस्तावेज- आधार कार्ड और दुकान का बिजली बिल, FSMS Plan form, Self Declaration form, GST Certificate, और पैन कार्ड लेकर आना सुनिश्चित करेंगे। सभी मीट, मछली एवं चिकन दुकान के लिए स्थानीय पंचायत या नगर निगम से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर आना सुनिश्चित करेंगे।
4. सभी होटल/रेंस्टोरेंट संचालक को सूचित किया जाता है कि खाद्य पदार्थ में उपयोग किये जाने वाले पानी की गुणवत्ता किसी भी FSSAI/ NABL Accredited Notified Lab से जाँच करा कर जाँच प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।
5. FSSAI एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एंव परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के आदेश संख्या-226(F) दिनांक-11.10.20219 के आदेशानुसार सभी तरह के खाद्य कारोबारकर्त्ता को FoSTaC का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। सभी खाद्य कारोबारी FoSTaC का प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करें। FoSTaC प्रशिक्षण हेतु आयोजन की सूचना खाद्य सुरक्षा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, लातेहार।

अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

PR 346763 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 24-25 (D)


## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के 14 अधिकारियों का तबादला

### अलका बनीं उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा


खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने बुधवार को 14 शिक्षा अधिकारियों का तबादला किया है। जारी अधिसूचना के तहत अलका जायसवाल को उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा बनाया गया है। वहीं दुर्गानंद झा के वार्ध्यक्य सेवानिवृति के पश्चात क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक संथाल परगना प्रमंडल दुमका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार दुर्गानंद झा को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक संथाल परगना प्रमंडल दुमका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

वहीं, अलका जायसवाल को उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा, नीलम आइलिन टोप्पो को उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा, प्रवीण रंजन को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग एवं प्राचार्य इंदिरा गांधी आवास विद्यालय हजारीबाग का अतिरिक्त प्रभार, मनोज कुमार को क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कोल्हान प्रमंडल चाईबासा का अतिरिक्त प्रभार, निशु कुमारी को प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रातू, संतोष गुप्ता को प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पाकुड़, कैलाश मिश्रा को जिला शिक्षा पदाधिकारी सरायकेला खरसावां का अतिरिक्त प्रभार, अभिषेक बड़ाईक को प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिला शिक्षा अधीक्षक चतरा का अतिरिक्त प्रभार से विमुक्त कर दिया गया है। दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर को जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा, अभिजीत कुमार को जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा, रामजी कुमार को जिला शिक्षा अधीक्षक चतरा, दीप्ति कुमारी को संयुक्त सचिव झारखंड अधिविध परिषद और अभिषेक झा को जिला शिक्षा पदाधिकारी धनबाद बनाया गया है।

## बाबूलाल मरांडी ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने गंगा मैया से सबके कल्याण की मंगलकामना भी की। बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर अपनी तस्वीर शेयर कर लिखा कि आज प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर पुण्य स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने लिखा कि मां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर अपार आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। महाकुंभ का यह दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन और श्रद्धालुओं की आस्था वास्तव में अद्भुत और अलौकिक है।

## जेएसएलपीएस की सीइओ कंचन सिंह और माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने किया योगदान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी (जेएसएलपीएस) में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) के पद पर बुधवार को कंचन सिंह ने योगदान कर दिया है। इनके अलावा माध्यमिक शिक्षा निदेशक के पद पर राजेश प्रसाद और उत्पाद आयुक्त के पद पर विजय कुमार सिन्हा ने भी योगदान कर दिया है। इनके अलावा डीके सिंह सिंह ने वित्त विभाग में, प्रीति रानी उद्योग विभाग में सीता पुष्पा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर योगदान कर दी हैं। इधर योगदान के साथ ही जेएसएलपीएस की सीईओ कंचन सिंह का जेएसएलपीएस के अधिकारियों-कर्मचारियों ने बूके देकर स्वात किया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने की हर संभव कोशिश होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि किसी भी काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।





वाणिज्यकर विभाग के अधिकारियों को मिली पोस्टिंग

## रतनलाल गुप्ता बनाये गये राज्यकर अपर आयुक्त प्रशासन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वाणिज्यकर विभाग ने राज्य के कई अधिकारियों को प्रोन्नति दी है। इसके बाद उन्हें पोस्टिंग दे दी गयी है। जारी अधिसूचना के अनुसार रतनलाल गुप्ता को राज्य कर अपर आयुक्त प्रशासन रांची प्रमंडल बनाया गया है। इसी तरह विनय कुमार सिन्हा को राज्य कर अपर आयुक्त अपील रांची प्रमंडल बनाया गया है। वहीं, अवधेश कुमार मेहरा को राज्य कर अपर आयुक्त मुख्यालय, कंचन लाल को राज्य कर अपर आयुक्त प्रशासन रांची प्रमंडल, प्रेम आरसेन कुजूर को राज्य कर अपर आयुक्त प्रशासन संथाल परगना प्रमंडल, दिलीप कुमार को अपर आयुक्त प्रशासन धनबाद प्रमंडल, कंचन बरवा को राज्य कर अपर आयुक्त अपील धनबाद प्रमंडल, जीव नारायण मंडल को अपर आयुक्त प्रशासन हजारीबाग प्रमंडल, प्रदीप खलखो अपर आयुक्त मुख्यालय रांची, योगेंद्र प्रसाद को राज्य कर संयुक्त आयुक्त हजारीबाग अंचल, सुनील कुमार चौधरी को राज्य कर संयुक्त आयुक्त तेनुघाट अंचल, राम प्रवेश प्रसाद को राज्य कर संयुक्त आयुक्त दुमका अंचल, अनूप गौरव को राज्य कर संयुक्त आयुक्त झरिया अंचल, मनोज कुमार को राज्य कर संयुक्त आयुक्त पलामू अंचल डाल्टनगंज, संजय कुमार गुप्ता को राज्य कर संयुक्त आयुक्त जमशेदपुर अंचल, गालीव अंसारी को राज्य कर संयुक्त आयुक्त धनबाद अंचल, विश्वजीत कुमार सिंह राज्य कर संयुक्त आयुक्त पूर्वी अंचल रांची, फिरदौस राजा खां को राज्य कर सहायक आयुक्त साहिबगंज अंचल, मौसमी नागेश को राज्य कर सहायक आयुक्त जमशेदपुर अंचल, ब्रजेश कुमार को राज्य कर सहायक आयुक्त दक्षिणी अंचल रांची, रंजना कुमारी को राज्य कर सहायक आयुक्त मुख्यालय रांची, फिरोज अहमद को राज्य कर सहायक आयुक्त मुख्यालय रांची, श्रवण कुमार प्रजापति को राज्य कर सहायक आयुक्त आदित्यपुर अंचल जमशेदपुर, सुरेंद्र कुमार गोप को उपनिदेशक वित्त रिम्स रांची, अंजू कुमारी भाकुनी को राज्य कर सहायक आयुक्त जमशेदपुर प्रमंडल, राजन जॉन खालखो को राज्य कर सहायक आयुक्त रांची एवं हजारीबाग प्रमंडल, उज्जवल मिंज को राज्य कर सहायक आयुक्त तेनुघाट अंचल, शशि कुमार को राज्य कर सहायक आयुक्त धनबाद एवं संथाल परगना प्रमंडल, रितेश कुमार सिंह राज्य कर सहायक आयुक्त पाकुड़ अंचल, जॉर्ज सिन्हा को राज्य कर सहायक आयुक्त रांची एवं हजारीबाग प्रमंडल, अनिर्वान आइच को राज्य कर सहायक आयुक्त नगरीय अंचल धनबाद, सुनील कुमार को राज्य कर सहायक आयुक्त धनबाद अंचल ,नीरज कुमार राज्य कर सहायक आयुक्त पलामू अंचल, श्रृंगी शरण राज्य कर सहायक आयुक्त जमशेदपुर प्रमंडल, कृष्ण कांत महतो राज्य कर सहायक आयुक्त रांची एवं हजारीबाग प्रमंडल, मनोज प्रजापति वित्त विभाग झारखंड रांची , मोहम्मद गुफरान अहमद राज्य कर सहायक आयुक्त बोकारो अंचल, संतोष कुमार सिंह राज्य कर सहायक आयुक्त दक्षिणी अंचल रांची, अजय कुमार सिंह राज कर सहायक आयुक्त प&मी अंचल रांची, विकास कुमार राज कर सहायक आयुक्त मुख्यालय रांची, केश्वर राम राज्य कर सहायक आयुक्त रांची एवं हजारीबाग प्रमंडल, संतोष कुमार राज कर सहायक आयुक्त दक्षिणी अंचल रांची, अब्दुल खालिक राज्य कर सहायक आयुक्त मुख्यालय रांची, अमोद कुमार राज कर सहायक आयुक्त मुख्यालय रांची, रविंद्र कुमार राज कर सहायक आयुक्त आदित्यपुर अंचल जमशेदपुर, रविंद्र प्रसाद राज्य कर सहायक आयुक्त विशेष अंचल रांची, संजय विनीत होरो राज्य कर सहायक आयुक्त जमशेदपुर अंचल, देवेंद्र नाथ पिंगुवा राज्य कर सहायक आयुक्त जमशेदपुर प्रमंडल, गुलाब चंद्र उरांव वित विभाग झारखंड रांची, शैलेश कुमार श्रीवास्तव राज्य कर पदाधिकारी देवघर अंचल, फिरोज आलम राज कर पदाधिकारी हजारीबाग अंचल, किरण कुमारी राज्य कर पदाधिकारी मुख्यालय रांची, मो. इमरान राज्यकर पदाधिकारी बोकारो अंचल, महेंद्र महतो राज्यकर पदाधिकारी हजारीबाग अंचल, मो शफीक राज्यकर पदाधिकारी हजारीबाग अंचल भेजा गया है। इनके अलावा प्रदीप टोप्पो, राहुल कुजूर, शुभ्रा निशांत, राघवेंद्र कुमार विपुल, संजय कुमार और दोमनिक लकड़ा की सेवा वित्त विभाग को सौंपी गयी है।

रांची जिला के विभिन्न विभागों की डीसी ने की समीक्षा, दिये उचित दिशा-निर्देश

# खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क और निबंधन शुल्क को लेकर जारी निर्देशों का अनुपालन हो : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने जिला में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं नगर विकास विभाग द्वारा जिले में किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार के कार्यों की समीक्षा करते हुए भजन्त्री द्वारा खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क के संबंध में विभागीय दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नकली स्टांप की बिक्री रोकने के संबंध में उन्होंने औचक सत्यापन करने का निर्देश दिया।




समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, अपर समाहर्त्ता राम नारायण सिंह, सहायक समाहर्त्ता-सह-सहायक दण्डाधिकारी आदित्य पांडेय, अपर जिला दण्डाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वरनाथ आलोक एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किये जानेवाले कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा निर्धारित समय में लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया गया। कायार्देश जारी होने के बाद किसी वेंडर द्वारा कार्य में अनियमितता तो नहीं बरती जा रही, इस संबंध में उन्होंने उपविकास आयुक्त को समीक्षा करने को कहा। अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा करते हुए भजन्त्री द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक और उचित दिशा-निर्देश दिये गये।

## ई-स्टाम्प का किया औचक सत्यापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर बुधवार को जिला प्रशासन की टीम द्वारा ई-स्टाम्प का औचक सत्यापन किया गया। कार्यपालक दंडाधिकारी मो. जफर हसनात और असीम बाड़ा द्वारा निबंधन कार्यालय परिसर एवं कचहरी अवस्थित वकालतखाना परिसर में स्टांप वेंडरों द्वारा विक्रय किया जा रहे ई-स्टाम्प का औचक सत्यापन किया गया।

**जांच के क्रम में सही पाए गए ई-स्टाम्प** : ई-स्टाम्प की जांच के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न वेंडरों द्वारा विक्रय किये गए लगभग 25 ई-स्टाम्प की जांच की गई। जांच के क्रम में जाली एवं वेंडर द्वारा ई-स्टाम्प का मूल्य से अधिक राशि लेने संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

**नियमित अंतराल पर जांच का निर्देश** : जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा वेंडरों द्वारा विक्रय किए जाने वाले ई-स्टाम्प के नियमित अंतराल पर जांच का निर्देश दिया गया है, ताकि ई-स्टाम्प के पीडीएफ में छेड़छाड़ कर नकली एवं वास्तविक मूल्य से अधिक मूल्य पर ई-स्टाम्प की बिक्री पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# फेसबुक और इंस्टाग्राम के उपयोग से बच्चों को बचायें : तनुश्री सरकार


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छोटानागपुर गर्ल्स स्कूल थड़पखना में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सी.डब्ल्यू.सी. की चेयरपर्शन तनुश्री सरकार ने कहा कि बाल श्रम कानूनन अपराध है। बच्चों से काम करने के बजाय उन्हें पढ़ायें ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सकें। मानव तस्करी पर कहा कि अपराधी चोरी-छिपे बच्चों को अपहरण कर एक राज्य से दूसरे राज्य ले जाया जाता है और उन्हें बेच दिया जाता है और उनके साथ शारीरिक शोषण भी किया जाता है। साइबर क्राइम के बारे में कहा कि फेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग बच्चों को न करने दें। पीएलवी सम्पा दास ने नशा के बारे में फोकस करते हुए कहा कि युवाओं को नशा से बचना चाहिए। पीएलवी प्रीति पाल ने बच्चों के कानून तथा उनके अधिकार और कर्त्तव्यों की जानकारी दी। मौके पर लॉटरी क्लब के सदस्य एवं डालसा के पीएलवी सम्पा दास और प्रीति पॉल मौजूद थी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बाल शोषण तथा साईबर क्रम के बारे में लोगों को जागरूक करना था।




## होल्डिंग टैक्स के बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची नगर निगम ने अपने राजस्व वसूली अभियान को और तेज करते हुए उन 73 बड़े बकाएदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। जिन्होंने नगर निगम द्वारा कई बार दिए गए नोटिस के बावजूद अब तक अपना होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया है। इन बकाएदारों पर कुल 2.33 करोड़ की देनदारी है, जिससे नगर निगम को राजस्व हानि हो रही है और शहरी सेवाओं के सुचारू संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है।

**पूर्व में दी गई थी चेतावनी, अब होगी कार्रवाई** : नगर निगम द्वारा पूर्व में 100 प्रमुख बकाएदारों को नोटिस जारी कर बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने का निर्देश जारी किया था। निगम के कर संग्रहकर्ताओं और अधिकृत एजेंसियों ने भी इन बकाएदारों से संपर्क कर उन्हें कर जमा करने के लिए प्रेरित किया, लेकिन अब तक 73 बकाएदारों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। ऐसे बकाएदारों की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए 20 फरवरी 2025 को इन सभी 73 बकाएदारों को अंतिम नोटिस जारी किया जाएगा। यदि तीन कार्यदिवस के भीतर अर्थात 23 फरवरी 2025 तक बकाया कर का भुगतान नहीं किया जाता है, तो नगर निगम बाध्य होकर इन बकाएदारों की नागरिक सुविधाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर देगा।

## सीसीएल के निदेशक हर्ष नाथ मिश्र को 'टॉप एचआर इनोवेटर' पुरस्कार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मुंबई में आयोजित वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस में सीसीएल (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र को मानव संसाधन प्रबंधन में उत्कृष्ट नवाचार और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए 'टॉप एचआर इनोवेटर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके सतत प्रयासों, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और संगठन को उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर करने की उनकी भूमिका को रेखांकित करता है। श्री मिश्र के नेतृत्व में, सीसीएल ने एचआर एवं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली पहल की है, जो न केवल संगठन के भीतर एक समावेशी और सशक्त कार्य संस्कृति विकसित कर रही है बल्कि व्यापक सामाजिक प्रभाव भी उत्पन्न कर रही है। श्री मिश्र के मार्गदर्शन में सीसीएल ने मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में अनेक प्रगतिशील नीतियों को लागू किया है, जिनमें कर्मचारी सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन एवं कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण निर्माण आदि है। साथ ही, सीएसआर के अंतर्गत सीसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन किया जा रहा है, जिससे समाज के वंचित वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है।

# बीआइटी लालपुर में रोचक रहा खो-खो और रस्सा-कस्सी का फाइनल मुकाबला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बीआईटी लालपुर में चल रहे ऑरोरा-2025 खेल महोत्सव के दूसरे दिन खो खो और रस्सा कस्सी का फाइनल मुकाबला बहुत ही संघर्ष पूर्ण रहा। खो खो की लड़कियों के मुकाबले में टीम चेस वारियर्स चैंपियन बनीं। उसने खप्ती टॉफी को पराजित किया। लड़कों के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला भी बहुत ही संघर्ष रहा। फाइनल मुकाबले में टीम गांडीव को हरा टीम शील्ड ने खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में प्रांजल, मोहित, विनीत गुप्ता, हर्षित, सुमित आयुष और अविष्कार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। फाइनल के मुकाबला में अतिथि के रूप में जयपुर बीआईटी के निदेशक डॉ पीयूष तिवारी उपस्थित थे। उनके साथ लालपुर के प्रभारी डॉ प्रणव कुमार, खेल संयोजक डॉ संदीप शाहदेव, डॉ आशुतोष मिश्रा, मनोज गिरी, डॉ अमृता प्रियम, डॉ संजय कुमार, सुश्री सोनी कुमारी, एलिस टोप्पो, मिनी दुबे, अनामिका, सरिता, डॉ अपर्णा शुक्ला, दीपक मिश्रा सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**आज से शुरू होगा दो दिनी ऑरोरा** : बीआईटी लालपुर में गुरुवार से दो दिवसीय ऑरोरा-2025 का आयोजन होगा। इसमें स्वादिष्ट व्यंजन, डांस, पेंटिंग, पारंपरिक परिधान सहित अनेक कार्यक्रम होंगे। इसकी जोरदार तरीके से तैयारी चल रही है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ आशुतोष मिश्रा ने बताया कि कल से पूरे बीआईटी लालपुर परिसर पूरी तरह से युवाओं को समर्पित रहेगा।

# राशन लेने वाले अयोग्य लाभुकों के घर छापेमारी करेगा धावा दल

कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मंइयां सम्मान योजना शुरू होने के बाद से रांची जिले में राशन कार्ड बनाने वालों की भीड़ जिला आपूर्ति कार्यालय में लग रही है। आवेदनों की भरमार है। ऐसे लोगों ने भी राशन कार्ड बना लिये हैं, जो राशन कार्ड के लिए आहर्ता नहीं रखते हैं। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। जिला आपूर्ति कार्यालय की ओर से धावा दल का गठन किया जा रहा है। यह धावा दल वैसे लोगों के यहां छापेमारी करेगा, जो कार्ड रखने के लिए आयोग्य हैं और संपन्न परिवार से हैं। ऐसे लोगों के पकड़े जाने पर जब से कार्ड बनाया गया है, तब से अनाज उठाने के एवज में राशि की वसूली वर्तमान बाजार दर पर की जाएगी।

### अनाज की कीमत के साथ चुकाना होगा 12 प्रतिशत ब्याज

जिला आपूर्ति कार्यालय के अनुसार, आयोग्य लाभुकों के पकड़े जाने पर जितना चावल और गेहूं या अन्य खाद्य पदार्थ का उठाव किया है, उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। चावल के लिए प्रति किलो 33.50 रुपए और गेंहू के लिए 35.00 रुपए की दर से कीमत चुकानी पड़ेगी। इसके अलावा 12 प्रतिशत ब्याज की भी वसूली होगी। पूर्व में भी रांची जिला आपूर्ति कार्यालय की ओर से आयोग्य लाभुकों के खिलाफ सख्ती बरती गई थी, तब किसी को 1.48 लाख रुपए तो किसी को 1.37 लाख रुपए का जुमार्ना अदा करना पड़ा। इसके अलावा कई लोगों के खिलाफ एफआईआर तो किसी के खिलाफ सर्टिफिकेट केस भी किया गया है। ऐसे में एक बार फिर से सख्ती से अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है।

### कार्रवाई से बचने के लिए सरेंडर का है मौका

राशन कार्ड बनाकर गरीबों के निवाले पर डाका डालने वाले अपात्र लाभुक कार्रवाई से बचने के लिए राशन कार्ड सरेंडर कर सकते हैं। जो लोग स्वेच्छा से कार्ड सरेंडर कर देंगे, उन पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होगी। लेकिन, जांच के दौरान पकड़े जाने पर जुमार्ना चुकाने के साथ कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है।

**ये हैं आयोग्य :** जिस परिवार का कोई सदस्य भारत सरकार/राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेश या इनके परिषद/उपक्रम/उद्यम तथा अन्य स्वायत्त निकाय जैसे-विश्वविद्यालय, नगर परिषद, न्यास आदि में नियोजित हों अथवा परिवार का कोई सदस्य आयकर, सेवा कर, व्यावसायिक कर आदि देता हो वह कार्ड नहीं बना सकते। इसके अलावा जिस परिवार के पास 5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि अथवा 10 एकड़ से अधिक भूमि हो, परिवार के किसी भी सदस्य के पास चारपहिया वाहन अथवा परिवार का कोई सदस्य सरकार के द्वारा पंजीकृत उद्यम या स्वामी का संचालक है अथवा वैसे परिवार जिनके पास रेफ्रिजरेटर, एयरकंडिशन, वाशिंग मशीन, जिनके पास कमरों में पक्की दीवारें तथा छत के साथ 3 एवं 3 से अधिक कमरों का मकान हो तथा वैसे परिवार जिनके पास चार पहिया वाले कृषि उपकरण (ट्रेक्टर) आदि हो, वैसे व्यक्ति राशन कार्ड के लाभुक नहीं हो सकते हैं।

## राज्यपाल ने पहला कदम दिव्यांग स्कूल के बच्चों संग किया संवाद



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को धनबाद स्थित पहला कदम दिव्यांग स्कूल के बच्चों और विद्यालय परिवार के सदस्यों से राजभवन में संवाद किया। उन्होंने बताया कि वे पहले भी इस विद्यालय का भ्रमण कर चुके हैं और इसके कार्यों से भली-भांति परिचित हैं। राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर दिया जोर** : मौके पर राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांगजनों के समग्र विकास और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग शब्द प्रयोग करने को उनकी सकारात्मक सोच और प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। साथ ही उन्होंने युवाओं से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

**विद्यालय प्रबंधन ने साझा की सफलता की कहानी** : विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि पहला कदम दिव्यांग स्कूल मात्र दो बच्चों के साथ शुरू हुआ था और आज यह कई दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वावलंबी बना रहा है। विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले सुनील पटनायक



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को सुनील पटनायक, कार्यकारी उपाध्यक्ष, इंस्टीट्युशनल एंड गवर्मेंट बैंकिंग हेड (झारखंड और उड़ीसा) ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम बने

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को झारखण्ड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच का एक शिष्टमंडल संस्था के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से राज्य के युवाओं में देशप्रेम की भावना को जागृत बनाए रखने एवं स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति को संजोए रखने के उद्देश्य से हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### राज्यपाल से जाति विसंगति दूर करने की मांग

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को चिक बड़ाईक समन्वय समिति रांची का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि उनके खतियान में कहीं चिक तो कहीं बड़ाइक दर्ज है और कहीं-कहीं चिक बड़ाइक है। राज्य में चिक बड़ाइक अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल है, जबकि तीनों एक ही हैं। इस विसंगति के कारण उनके खतियान में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं और उनकी भूमि की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। समिति ने राज्यपाल से इस दिशा में आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

### नोट और सिक्का विनिमय मेला का आयोजन

**रांची।** मुद्रा एक्सचेंज की सुविधा के ठोस प्रयास में केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, आईसीआईसीआई बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक ने आरबीआई पटना के सहयोग से रांची में विभिन्न जगहों पर नोट और सिक्का विनिमय मेलों का आयोजन बुधवार को किया। एक्सचेंज मेले का उद्घाटन आरबीआई के उप महाप्रबंधक अमित कुमार ने किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने लोगों को बताया कि कटे-फटे और गंदे नोटों को बदलने की सुविधा सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध है। उन्होंने जनता को इस तरह की पहल का लाभ उठाने और अपने पुराने या गंदे नोटों को नए नोटों से बदलने के लिए जागरूक भी किया। इस अवसर पर केनरा बैंक के करेंसी चेस्ट के दीपक कुमार, कोकर शाखा के प्रबंधक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 12 मार्च को

**रांची।** कवि सम्मेलन आयोजन समिति इस वर्ष भी होली के अवसर पर 12 मार्च को रात 9 बजे से हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में कवि सम्मेलन का आयोजन करेगा। समिति के मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रसिद्ध कवि जानी बैरागी, सुनील पाल, भुवन मोहिनी, रमेश मुस्कान, गौरव चौहान एवं शशिकांत यादव सहित कई कवि रात भर लोगों को अपने हास्य व्यंग, वीर रस एवं श्रृंगार रस की कविताओं से गुदगुदाएंगे। समिति के अध्यक्ष अशोक नरसरिया, पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन और पूर्व अध्यक्ष ललित पोद्दार ने बताया कि प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क है।

### छात्रों ने की अनुभवात्मक शिक्षण यात्रा



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रांची एक्वेरियम और बटरफ्लाई पार्क की शैक्षणिक यात्रा बुधवार को की। इस यात्रा ने छात्रों को एक संवादात्मक वातावरण में सतत विकास लक्ष्यों के साथ समुद्री जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र और संरक्षण प्रयासों का पता लगाने का अवसर प्रदान किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने बताया कि ऐसी यात्राएं बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं। इससे वे किताबों में पढ़ी चीजों को वास्तविक रूप से देख और समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के अनुभव बच्चों की जिज्ञासा, ध्यान देने की क्षमता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं।

### रद्द ट्रेनें आज से सामान्य रूप से चलेंगी

**रांची।** रांची रेलमंडल अंतर्गत चार लेन वाली सिरम टोली सड़क सह रेल ऊपरी पुल निर्माण के कारण ब्लॉक लिया जाना था, इसके कारण अलग-अलग तिथियों में रांची से चलने वाली और रांची होकर चलने वाली ट्रेनें रद्द करने की सूचना दी गई थी लेकिन, ये ट्रेनें शुक्रवार से अपने निर्धारित समय से परिचालित होंगी। इसमें हटिया-टाटानगर-हटिया मेमू 20, रांची-हावड़ा-रांची एक्स. 23, वर्द्धमान-हटिया एक्सप्रेस 20 से और रांची-बोकारो पैसेंजर भी 20 फरवरी से सामान्य रूप से चलेगी।

**संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस 22 को रद्द रहेगी** : संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस 22 को रद्द रहेगी क्योंकि, लिंक रेक नहीं आया। सभी यात्रियों का 100 फीसद टिकट रिफंड कर दिया जाएगा। इसके अलावा सांतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन वाया मुरी 21 और अजमेर-सांतरागाछी ट्रेन वाया मुरी 23 को रद्द रहेगी।

### कोटक म्यूचुअल फंड निवेश का प्रभावी विकल्प




**रांची।** कोटक म्यूचुअल फंड एसआईपी के लिए बीते कुछ महीने बेहद ही मजबूत रहे हैं और मौजूदा फाइनेंशियल इयर भी उत्साह बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। बुधवार को संवाददातओं से बातचीत करते हुए कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के नेशनल हेड सेल्स मार्केटिंग एंड डिजिटल बिजनेस के मनीष मेहता ने कहा कि एसआईपी को पिछले कुछ सालों में अच्छी खासी लोकप्रियता मिली है और हम इसे और ज्यादा बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं। अस्थिरता के समय में भी एसआइपी नियमित और अनुशासित निवेशकों के लिए बाजार में उतार-चढ़ाव को मैनेज करने के लिए बैलेंसिंग एजेंट के रूप में काम करता है। निवेशक हमारी किसी भी मौजूदा योजना का चयन कर उसमें एसआईपी के जरिए निवेश शुरू कर सकते हैं।

### राज अस्पताल के आपातकालीन विभाग को एनएबीएच की मान्यता मिली



**रांची।** नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) ने राज अस्पताल के आपातकालीन विभाग को एनएबीएच की मान्यता दी है। बोर्ड ने राज अस्पताल के आपातकालीन विभाग का मूल्यांकन किया है, और पाया कि यह एनएबीएच बोर्ड के सभी मानकों का अनुपालन करता है। बुधवार को हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. बीरेंद्र कुमार ने बताया कि एनएबीएच की मान्यता भारत में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मानक निर्धारित करता है। आपातकालीन विभाग के प्रमुख चिकित्सक डॉ. श्याम प्रसाद ने कहा कि 255 विभिन्न उद्देश्यों एवं 49 गुणवत्ता मानकों के कठोर निरीक्षण प्रक्रिया के बाद यह मान्यता प्रदान किया गया है। राज अस्पताल के सीईओ साहिल गंभीर ने कहा राज अस्पताल शहर का 30 साल से अधिक पुराना कॉर्पोरेट अस्पताल है और जब गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल में सर्वोत्तम मानक स्थापित करने की बात आती है तो हमारा संगठन इस क्षेत्र में अग्रणी रहा है।

### जिले के सभी मुखियागण का उन्नमुखीकरण को लेकर 'मुखिया सम्मेलन' आयोजित

# मुखिया विद्यालय की गतिविधियों का सामाजिक स्तर पर अनुश्रवण करें : डीसी

- **शिक्षा के विकास में योगदान के लिए कई मुखिया किये गये सम्मानित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री बुधवार को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, रांची के सभागार में 'मुखिया सम्मेलन' जिले के सभी मुखियागण का उन्नमुखीकरण को लेकर एक दिवसीय कार्यक्रम में शामिल हुए। उपायुक्त ने सभी मुखिया से विशेष रूप से कहा कि आप सभी शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। साथ ही विद्यालय के शिक्षा में कैसे सुधार हो, 100% प्रतिशत बच्चों का नामांकन कैसे हो, साथ ही विद्यालयों में मुखियाओं के फंड से जो कार्य किया जा रहे है, उस पर चर्चा करते हुए उन्हें योगदान देने को कहा। साथ में उन्होंने कहा की सभी मुखिया नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय का गतिविधियों का सामाजिक अनुश्रवण करें।

**बच्चे शत प्रतिशत सुनिश्चित रूप से विद्यालय जाएं :** उन्होंने कार्यक्रम में कहा की सभी पंचायतों के मुखिया की नैतिक जिम्मेदारी है, की सभी पंचायत के बच्चें शत प्रतिशत सुनिश्चित रूप से विद्यालय जाए। साथ ही जिला के सभी विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा मिले इसपर सभी संबंधित पदाधिकारी और शिक्षक विशेष ध्यान दें।

**कई मुखिया किये गये सम्मानित :** उपायुक्त द्वारा शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए कुछ कुल-19 मुखियाओं को सम्मानित करते हुए कहा की आपसबकी सहभागिता से कई बच्चें स्कूल जा रहे हैं, प्रायः देखा जाता था की ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे विद्यालय ना जा कर अन्य कार्यों में अपने परिजन के साथ काम करने लगे। जिस कारण ऐसे बच्चों का शिक्षा सही तरह से नही हो पाता था। लेकिन सबकी सहभागिता से अब ऐसे बच्चें भी स्कूल जा रहे हैं, जिस कारण शिक्षा में काफी बदलाव आया है। साथ ही उन्होंने सभी मुखिया को कहा की आप सभी अपनी सहभागिता निभाए ताकि निकट भविष्य में आपको भी सम्मानित करने में मुझे बहुत खुशी होगी। जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के द्वारा भी सभी माननीय मुखिया को शिक्षा के विकास को लेकर मार्गदर्शन दिए गए।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं जिला के निर्वाचित सभी प्रखंडों के मुखियागण, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साव, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, जिला परियोजना कार्यालय के सभी परियोजना पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## महाविद्यालय अपनी कार्यशैली में करें सुधार अन्यथा होगा आंदोलनः अबुआ अधिकार मंच



- **छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद करे मारवाड़ी महाविद्यालय : विशाल कुमार यादव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अबूआ अधिकार मंच ने मारवाड़ी महाविद्यालय के समस्या को लेकर डीएसडब्ल्यू से मुलाकात कर बुधवार को 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौपते हुए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे विशाल कुमार यादव ने कहा कि महाविद्यालय के पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अनुसार पुस्तकों की कमी है। जिसका खामियाजा यहां के छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। प्रभात कुमार महतो ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा यूजी सत्र 22-26 सेमेस्टर-3 का परीक्षा फल का प्रकाशन किए बिना ही सेमेस्टर-4 की परीक्षा करा ली गयी जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है।

वही प्रतिनिधिमंडल में मौजूद अनु कुमारी ने कहा कि महाविद्यालय के अधिकांश वॉशरूम की स्थिति दयनीय है। छात्र नेताओं ने कहां कि अगर 7 दिनों के अंतराल में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो अबूआ अधिकार मंच चरणबद्ध आंदोलन करेगा। मौके पर मंच की तरफ से विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार, अनु कुमारी, अमित,प्रभात महतो, अंजली जयसवाल,गुंचा , समीहा, रिया प्रसाद के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## आत्मिक जागृति सभा एक और दो मार्च को

- **मसीही विश्वासियों में शिक्षा और आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ाने में मिलेगी मदद : डेविड**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत पॉल्स हाई स्कूल मैदान, चर्च रोड में अच्छा चरवाहा विषय पर दो दिवसीय (एक और दो मार्च) आत्मिक जागृति सभा का आयोजन किया जायेगा। संत पॉल्स कथीड्रल पास्टोरेट समिति के तत्वाधान में आयोजित सभा की शुरूआत शाम पांच बजे से होगी, जो रात के 9।30 बजे चलेगी। मुख्य वक्ता के रूप में जयपुर से अंतरराष्ट्रीय सुसमाचार प्रचारक डॉ।

आचार्य विकास मसीह और आराधना गायक पास्टर विलियम मसीह उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी सीएनआई चर्च के पुरोहित डेविड ने दी।

**सभा का उद्देश्य - ख्रिस्त विश्वासी परमेश्वर के वचनों को जानें और अनुसरण करें :** पुरोहित डेविड ने बताया कि आत्मिक जागृति सभा का उद्देश्य ख्रिस्त विश्वासियों को ईसा मसीह के आध्यात्मिक जीवन को आगे बढ़ाने में मदद करना है। लोग परमेश्वर के वचनों को जानें, उनका अनुसरण करें और यीशु के आज्ञाओं का पालन करें, यह भी इस सभा का उद्देश्य है।

**मसीही विश्वासियों को दिया शिक्षा और आध्यात्म का ज्ञान :** डेविड ने बताया कि इस सभा के जरिये मसीही समुदाय के सदस्यों को प्रेम और करुणा के साथ व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। यह सभा उन्हें सही निर्णय लेने, विश्वास और ईमानदारी के साथ व्यवहार करने की सीख देगी। इससे शिक्षा और आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**एक अच्छे चरवाहे के गुणों को किया जायेगा साझा :** पुरोहित ने कहा कि एक अच्छा चरवाहा प्रार्थना और उपदेश के माध्यम से समुदाय के सदस्यों को प्रेरित करेगा, जिससे भी मसीही को एक मंच पर लाने में मदद मिलेगा। इससे मसीही विश्वासियों के बीच आध्यात्मिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस कार्यक्रम में बाइबिल के अनुसार एक अच्छे चरवाहे के गुणों को साझा किया जायेगा, ताकि अनुयायियों को प्रेम, करुणा और मार्गदर्शन मिल सके।

## पोस्ता की अवैध खेती की गयी नष्ट



**मेदिनीनगर।** एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध अफीम/पोस्ता की खेती के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। इसके तहत पुलिस एवं प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान छतरपुर थाना क्षेत्र के बैरगाय जंगल में लगभग 4 एकड़, पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के गिडी-कुंदा बॉर्डर पर वन भूमि में लगी 10 कट्ठा, पांकी थाना क्षेत्र के जांजो एवं पोरसम में 5 एकड़ भूमि पर लगी पोस्ता खेती नष्ट की गयी

## अबुआ अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

- **जेपीएससी अध्यक्ष की शीघ्र नियुक्ति की मांग की**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष पद की नियुक्ति में हो रही देरी को लेकर अबुआ अधिकार मंच ने बुधवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अबुआ अधिकार मंच ने झारखंडी युवाओं की वेदना से माननीय मुख्यमंत्री को अवगत करने का प्रयास स्वरूप ज्ञापन सौंपा है। जेपीएससी अध्यक्ष का पद बीते छह महीने से पद रिक्त रहने के कारण लाखों युवा हताश हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह झारखंडी युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है और सरकार को अविलंब अध्यक्ष की नियुक्ति करनी चाहिए ताकि लंबित परीक्षाएं, रिजल्ट और प्रमोशन से जुड़े मामले सुलझ सकें।

ज्ञापन में झारखंडी शिक्षा और संस्कृति से जुड़े अन्य मुद्दे भी उठाए गए। इनमें रांची विश्वविद्यालय का नाम बदलकर पद्मश्री डॉ. राम दयाल मुंडा विश्वविद्यालय करने, विश्वविद्यालयों में महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करने, पुस्तकालयों के नामकरण और खेल सुविधाओं का विस्तार शामिल है।


अभिषेक झा ने कहा, जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति में देरी से न केवल युवा प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि राज्य की प्रशासनिक कार्यप्रणाली भी बाधित हो रही है। सरकार को तत्काल इस पर निर्णय लेना चाहिए, अन्यथा अबुआ अधिकार मंच बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

मंच ने यह भी मांग रखी कि झारखंड में छात्रसंघ चुनाव जल्द कराए जाएं, संविदा सहायक प्राध्यापकों को स्थायी किया जाए या उन्हें सम्मानजनक वेतन दिया जाए और विश्वविद्यालय परिसरों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार हो। मंच ने सरकार से इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की अपील की है।

## कथावाचक ज्ञानी पिंदरपाल सिंह जी के आगमन को लेकर गुरुनानक सत्संग सभा की तैयारी पूरी

- **ज्ञानी पिंदरपाल सिंह जी का रांची आगमन पूरे झारखंड वासियों के लिए सौभाग्य की बात है : अर्जुन देव मिढ़ा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। सिख कौम के महान विद्वान एवं विश्व विख्यात कथावाचक ज्ञानी पिंदरपाल सिंह जी (लुधियाना वाले) का 21 फरवरी को झारखंड आगमन हो रहा है और गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। गुरुद्वारा साहिब की साफ सफाई की सेवा श्रद्धालुओं द्वारा कर ली गई है,अत्यधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखकर श्रद्धालुओं के बैठने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था सभा द्वारा की गई है। सत्संग सभा के सदस्य उन्हें एयरपोर्ट से रिसीव कर मेट्रो गली स्थित डॉ अजय छाबड़ा के क्लीनिक के पास शाम 6:15 बजे पहुंचेंगे और वहां से गुरु नानक सत्संग सभा की कीर्तन मंडली द्वारा शबद कीर्तन कर गोपाल दास सरदाना के चौक, झंडा चौक,गेरा चौक से होते हुए उन्हें गुरुद्वारा साहब तक ले जाया जाएगा।

सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि भाई साहिब की कथा का प्रसारण पंजाब में ईटीसी पंजाबी चैनल द्वारा प्रतिदिन किया जाता है और उनका रांची आगमन पूरे झारखंड वासियों के लिए सौभाग्य की बात है। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि इस विशेष समागम का पवनजीत सिंह खत्री द्वारा यू ट्यूब के चैनल मेरे साहेब पर सीधा प्रसारण किया जाएगा साथ ही बताया कि सभा द्वारा इस कार्यक्रम में जेंट्स श्रद्धालुओं से सफेद कुर्ता पायजामा और लेडीज श्रद्धालुओं से सफेद सलवार सूट और पीला दुपप्ता पहनकर शामिल होने की अपील की गई है।

## शिक्षा विभाग की उदासीनता से बंजारी राजकीय उमवि में मध्याह्न भोजन बंद

**पाटन पलामू (मनीष दूबे)।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंजारी में एक फरवरी से मध्याह्न भोजन बंद है। जिस कारण सैकड़ों बच्चे मध्याह्न भोजन से वंचित हैं। इसकी जानकारी लेने पर प्रधानाध्यापक सतेंद्र बैठा ने कहा कि कुछ दिनों तक वैकल्पिक व्यवस्था से मध्याह्न भोजन चलाया गया लेकिन विभाग राशन दे रहा है और न ही राशि। इस कारण एमडीएम चलाने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में शिक्षा विभाग की बीपीएम जरीना प्रवीण से जानकारी लेने पर उन्होंने फोन काट दिया। प्रखंड के दर्जनों विद्यालय में वैकल्पिक व्यवस्था से मध्याह्न भोजन चल रहा है।

## पाटन : कस्तूरबा विद्यालय की एकाउंटेंट ने विद्यालय परिसर में की खुदकुशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की एकाउंटेंट प्रियंका कुमारी 28 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रियंका लगभग छः महीने से पाटन कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत थी। उन्होंने दिन के दस बजे प्रतिदिन की भांति स्कूल में आकर अपना एटेंडेंस बनायी तथा स्कूल के शिक्षकों एवं छात्राओं के साथ बातचीत कर अपने सरकारी विद्यालय के कमरे में चली गयी। उसी क्रम में प्रियंका कुमारी के पति का फोन आने लगा लेकिन प्रियंका कुमारी ने नहीं उठाया जिसके बाद प्रियंका कुमारी के पति ने कस्तूरबा विद्यालय के गार्ड को फोन लगाकर प्रियंका के द्वारा फोन नहीं उठाये जाने का कारण पूछा। गार्ड एवं विद्यालय के शिक्षकों ने प्रियंका कुमारी के आवास पर जाकर आवाज लगायी लेकिन कोई जबाब नहीं मिला। जिसके बाद बंद दरवाजा को तोड़ा गया तो लोगों ने पाया कि एकाउंटेंट फांसी के फंदे से लटकी हुई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन प्रमुख शोभा देवी, पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, डीएसई संदीप कुमार ने घटना की जानकारी ली। घटना की जानकारी मिलने पर पाटन थाना के एसआई संतोष कुमार ने घटनास्थल पहूंच कर प्रियंका कुमारी को फांसी के फंदे से उतारकर मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा। जहां पर चिकित्सकों ने प्रियंका कुमारी को मृत घोषित कर दिया। मृतका प्रियंका कुमारी खेलारी की रहने वाली थी । उसके एक तीन साल की बच्ची है। मृतका का छतरपुर में ससुराल है तथा पति रांची में नौकरी करते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि वार्डेन एवं बीइओ में तनाव चल रही थी जिसके कारण यह घटना घटी है।

### खबर एक नजर में

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में समिति के सदस्य सुरेश प्रसाद के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



रांची। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में बुधवार को समिति के सदस्य सुरेश प्रसाद के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। शिशु विकास मंदिर समिति (झारखंड), धुर्वा, रांची के माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सदस्यों ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति के अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल दास, मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र, सह मंत्री डॉ धनेश्वर महतो, एस वेंकट रमन, महावीर सिंह, लाल अशोकनाथ शाहदेव, योगेश्वर दुबे, सुनील दत्त सिंह, सत्यनारायण पांडे, प्रमोद कुमार सिंह, नर्मदेश्वर मिश्र, रमाशंकर प्रसाद, ललन कुमार, सुश्री मीना कुमारी एवं विद्यालय के समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

## समस्याओं के समाधान का आश्वासन पर राजीव रंजन का अनशन समाप्त



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड, अंचल तथा नपं क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं का समाधान के आश्वासन पर प्रखंड परिसर में भाजपा नेता राजीव रंजन का 11 सूत्री मांगों को लेकर तीन दिनों से जारी आमरण अनशन बुधवार की देर शाम समाप्त हो गया। बीडीओ परितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष सिन्हा, कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने राजीव तथा जेपी गुप्ता को नारियल पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया। इससे पहले पदाधिकारियों ने अनशन स्थल पर आकर आवास योजना में आवेदन वसूली की जांच के लिए कमेटी बनाने, नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं की स्वीकृति दिलाने, जन्म, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में सरलीकरण करने, शहरी स्वास्थ्य केंद्र खुलवाने, कचरा का निस्तारण कराने सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। अनशन के समर्थन में शहर के व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद रखी। मौके पर विपुल गुप्ता, ज्योति पांडे, प्रदीप सिंह, अखिलेश मेहता, सतेंद्र मेहता, मृत्युंजय सिंह, विश्वदीप कुमार, अजय सिंह, विजय शौंडिक, शंभू यादव, मुकेश मेहता आदि भी थे।

## शिक्षित बच्चा लिखेगा देश की तकदीर

**मेदिनीनगर/नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसके अतिथि मेदिनीनगर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव थे। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलन कर और माल्यार्पण कर किया। कुंदरी विद्यालय के निदेशक ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। श्री देव ने कहा कि दुनिया में रोजगार के लिए बहुत कार्य है किंतु जो विद्यालय संचालन करता है निश्चित ही वह राष्ट्र को मजबूत करता है। आजादी के प्लैटिनम जुबली के बाद भी शिक्षा का स्तर प्लैटिनम के पार नहीं किया। यही शिक्षित बच्चे एक दिन देश की तकदीर लिखेंगे। मौके पर निदेशक दिलीप साहू, प्रिंसिपल अनुप्रिया, शिक्षक पूजा कुमारी, चंचल कुमारी, आकृति कुमारी, मोनम कुमारी थे।

# सफलता का मंत्र नमन और मनन में है : डॉ जेबी पाण्डेय

- **'सफलता के मंत्र ' पर संगोष्ठी आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संस्थान के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं के हित में 'सफलता के मंत्र ' पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. डा. जंग बहादुर पाण्डेय ने मुख्य अतिथि के रूप में इस विषय पर गहन प्रकाश डाला। डा. पाण्डेय ने कहा कि नीति कहती है कि संसार में अपना कल्याण चाहने वालों को सात जगहों पर बुलाए जाने पर भी वहां नहीं जाना चाहिए, चले गये तो वहां नहीं रहना चाहिए और रह गये तो किसी से नहीं कहना चाहिए -वेश्यालय, मदिरालय, जुआलय, हिंसालय, चिकित्सालय, न्यायालय और नरकालय और 7 जगहों पर बिना बुलाए भी वहां अवश्य जाना चाहिए, वहां रहना चाहिए और मौका मिले तो वहां कुछ न कुछ कहना चाहिए -विद्यालय, पुस्तकालय, अनाथालय, अनुसंधानालय,शिक्षकालय,देवालय और स्वर्गालय। इस देश का सौभाग्य या दुर्भाग्य यह है कि जहाँ हमें बिन बुलाए जाना चाहिए वहाँ जाने से कतराते हैं,कोई न कोई बहाना बनाते हैं और जहाँ नहीं जाना चाहिए, वहां बिन बुलाए चले जाते हैं।

डा. जेबी पाण्डेय ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी बराबर कहा करते हैं कि भारत की 65% आबादी युवा है।युवा शब्द को उलटने पर हवा शब्द बनेगा।युवा इस देश के प्राण वायु हैं। युवाओं के पास जोश है और बुजुर्गों के पास होश है। यदि युवा अपने जोश में बुजुर्गों के होश को साथ मिला दें, तो सफलता उनके चरण चूमेगी।अतः उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है।उन्होंने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कहा कि सफलता के लिए मन को नियंत्रित करना परमावश्यक है और मन को एकाग्र करने का एक अमोघ अस्त्र है-मन के पहले ' न ' लगाएं शब्द बनेगा नमन। नमन से मन का अहंकार दूर होगा और मन शांत होगा और मन शुभ कार्य की ओर अग्रसर होगा। मन के पीछे ' न ' लगाएं शब्द बनेगा मनन। एकाग्र होकर अध्ययन और चिंतन करने की क्रिया का नाम मनन है। नमन + मनन=ज्ञान की प्राप्ति=जीवन में मनोवांछित फल की प्राप्ति यानि सफलता अर्थात बल्ले बल्ले। डा पाण्डेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा किः-

सूखी उम्मीदों की कोई डाली नहीं होती,
बंद किस्मत की कोई ताली नहीं होती।
झुक जाए जो मां बाप और गुरु के चरणों में,
उसकी झोली कभी खाली नहीं होती।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के निर्देशक प्रो एस के सिंह ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव का संदर्भ है कि हिंदी विभाग के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो डा जे बी पाण्डेय हमारे छात्र छात्राओं को सफलता के राज जैसे महत्वपूर्ण विषय पर मंत्र दे रहे हैं।विद्यार्थियों को अपने माता पिता और गुरु की बात आंख मूंदकर मान लेनी चाहिए, इसी में उनका कल्याण है। उन्होंने कहा कि-

अभिवादन शीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि सत्य वर्धन्ते,आयुर्विद्या यशो बलम।

अर्थात अभिवादन, आचरण और वृद्धों की नित्य सेवा से आयु, विद्या, यश और बल की प्राप्ति होती है। विद्यार्थियों को माता पिता और गुरु की आज्ञा का पालन आंख मूंद कर करना चाहिए।

उन्होंने रामचरित मानस के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि पिता की बात उचित अनुचित विचार किए वगैर मान लेनी चाहिएः-

अनुचित उचित विचार तजि, जे मानहि पितु बैन।
ते भाजन सुख सुजश के बसहिं अमरपति ऐन।

संस्थान की वरीय शिक्षिका डा नीलू सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए नियमित और एकाग्र चित्त अध्ययन अपेक्षित है। जो आज के विद्यार्थी नहीं कर रहे हैं-यह दुखद एवं चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि विद्या धनं सर्व धन प्रधानम।डा अमित शेखर तिर्की,डा मनीषा कुमारी, हिंदी विभाग के शोध छात्र रवि कुमार पाण्डेय एवं लक्ष्मण प्रसाद आदि ने भी संगोष्ठी में अपने उद्गार व्यक्त किए। संगोष्ठी में संस्थान के सभी शिक्षक शिक्षिका वृंद उपस्थित रहें। सुंदर कार्य क्रम के आयोजन के लिए डा पाण्डेय ने संस्थान के प्रति आभार जताया और सबके मंगल की कामना कीः-

मान मिले सम्मान मिले,
सुख संपत्ति का वरदान मिले।
कदम कदम पर मिले सफलता,
सदियों तक पहचान मिले।

आगत अतिथियों का भव्य स्वागत निर्देशक डा एस के सिंह ने, सरस्वती वंदना डा पूजा कुमार ने,कुशल संचालन डा शिल्पी आभा खलखो ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सोनी कुमारी ने किया।

हॉल छात्र छात्राओं से खचाखच भरा था और सभी डा पाण्डेय के सारगर्भित वक्तव्य को सुनकर अभिभूत थे। सबने संगोष्ठी की सफलता की भूरि भूरि प्रशंसा की। समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# सुंडील ब्रिज के नीचे पुल की गार्डवाल से टर्बो टकरायी

# बच्ची और खलासी की मौत, चालक घायल

- सवा दो बजे की घटना
- पुलिस कर रही पड़ताल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के झिरी रिंग रोड स्थित सुंडील ब्रिज के नीचे पुल के गार्डवाल से ईंट लदे टर्बो ट्रक के टकराने से उस पर सवार 25 वर्षीय राजकिशोर बैठा और 3 साल की आराध्या लकड़ा की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि, मृतका के पिता और चालक संजय लकड़ा गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उन्हें स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। उनकी स्थिति चिंताजनक बतायी जा रही है। मृतक टर्बो का खलासी और सुंडील के स्व कलेश्वर बैठा का पुत्र था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त टर्बो को जब्त कर लिया गया है। घटना बुधवार को दिन के सवा दो बजे की है। मामले को लेकर मृतक की मां प्रतिमा देवी के बयान पर रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## कैसे घटी घटना



मृतक-मृतका और दुर्घटनाग्रस्त टर्बो।

सुंडील निवासी राजकिशोर सिंह का गांव के समीप में ईंट भट्ठा है। टर्बो भी उन्हीं की है। संजय लकड़ा चालक हैं। वह गाड़ी लेकर ईंट लोड करने भट्ठा पहुंचे। गाड़ी में खलासी राजकिशोर बैठा के अलावा संजय की बेटी आराध्या और उनका 6 साल का बेटा हर्ष लकड़ा सवार था। ईंट लोड करने के बाद साइट पर गिराने गये। लेकिन, ऑर्डर कैंसिल हो गया। इसके बाद वह ईंट लदे ट्रक को दूसरे साइट पर ले जाने के लिये गांव की ओर जा रहे थे। ब्रिज के नीचे पुल पार करने के दौरान ट्रक असंतुलित होकर गार्डवाल से टकरा गयी। इस बीच हर्ष लकड़ा गाड़ी के ऊपर से फेंका गया। जबकि, राजकिशोर बैठा और संजय की पुत्री आराध्या अंदर ही दब गये। दुर्घटना में टर्बो के परखच्चे उड़ गये हैं।

## गांव में पसरा मातम

मृतक तीन भाइयों में छोटा और अविवाहित था। उसके परिवार में मां के अलावा बड़े भाई योगेंद्र बैठा और विकास बैठा मंझिल हैं। शादी के बाद दोनों अपने परिवार को लेकर अलग रहते हैं। जबकि, राजकिशोर बैठा, बूढ़ी मां प्रतिमा देवी के साथ रहता था। आराध्या के साथ उसकी मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आराध्या की मां शिल्पा लकड़ा बार-बार बेहोश हो रही थी। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा है। गुरुवार की दोपहर एक साथ दोनों की अर्थी उठेगी।

# दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते बेड़ो डीएसपी व अन्य।

**इटकी।** इटकी पुलिस ने सोलर प्लेट और मोटर सेट चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इटकी थाना कांड संख्या 11/25 के तहत थाना क्षेत्र के टूरगुरु गांव के राजन किस्पोट्टा, पिता सुनील किस्पोट्टा के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात अपराधकर्मी के द्वारा सोलर प्लेट व मोटर सेट चोरी करने का मामला दर्ज किया गया था। इटकी थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर बेड़ो डीएसपी अशोक कुमार राम ने बताया कि कांड के आलोक में वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर बेड़ो डीएसपी के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, अनुसंधान कर्ता स.अ.नी. सुनील कुमार मुर्मू, स.अ.नी. मणिभूषण कुमार व इटकी पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे। अनुसंधान तथ्यों और तकनीकी सहयोग से चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में छापामारी कर अप्राथमिकी अभियुक्त अब्बास अंसारी (26) पिता नेजाम अंसारी को गिरफ्तार किया गया। इसके निशानदेही पर जाउल अंसारी उर्फ बिहारी (38), पिता नियामुद्दीन अंसारी को नरकोपि थाना क्षेत्र के ग्राम नरकोपि से गिरफ्तार किया गया। जिसके घर से दो मोबाइल और चोरी के चार सोलर प्लेट बरामद किया गया है। जाउल अंसारी उर्फ बिहारी, बिहार के मोतिहारी जिला के पिपरा थाना क्षेत्र के अशोक पकरी का रहने वाला है। वर्तमान में वह नरकोपि थाना क्षेत्र के नरकोपि गांव में रहता था।

## 413 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण


बेड़ो में साइकिल वितरण के दौरान मौजूद विद्यार्थी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से प्रदत्त निःशुल्क उन्नति का पहिया साइकिल वितरण योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को आठवीं क्लास के विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर पंचायत सचिव करमु कंडीर ने कहा कि छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए सरकार ने यह योजना शुरू की है। जो छात्रों के शैक्षणिक उन्नति में काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्र योजना से प्राप्त साइकिल से समय की काफी बचत कर समय पर स्कूल पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के ईंटा, गडरी, तुको व चरका पत्थर, खुरहाटोली, जरिया, पुरियो कन्या, करांजी, नेहालु, खुखरा व पहाड़ कंडरिया स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच कुल 413 साइकिलों का वितरण किया गया। वहीं मौके पर शिक्षक विकास नारायण सिंह, सुखनाथ कुम्हार व मोइन खान आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### जिप अध्यक्ष ने अनगड़ा में समीक्षा बैठक की



**अनगड़ा।** जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने मंगलवार को प्रखंड सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने 15 वें वित्त आयोग पेंशन मनरेगा आवास पेयजल स्वच्छता विभाग कृषि विभाग कल्याण विभाग आपूर्ति पशुपालन सहित अन्य विकास योजनाओं की एक- एक कर अधिकारियों के साथ समीक्षा की। और कहा कि विकास कार्यों में कोताही वर्दास्त नही किया जाएगा। अधिकारी अपने काम के प्रति इमानदारी बरतते हुए ग्रामीणों कार्यों का निष्पादन को बैठक में प्रमुख दीपा उरांव उप प्रमुख जयपाल हजाम जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुन्डा अनुराधा मुन्डा बीडीओ जयपाल सोय सीओ सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भारतीय ज्ञान व शिक्षा पद्धति से हीं विश्व में शांति व समृद्धि का बनेगा माहौल: जैलेन्द्र



**अनगड़ा।** जसपुरिया बीएड कॉलेज एव बेथेसदा वीमेन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज रांची के तत्वावधान में बीएड कालेज बीसा गेतलसूद में मंगलवार को फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत भारतीय ज्ञान को बढ़ावा देने में शिक्षक शिक्षिकाओं की भूमिका पर पांच दिवसीय सेमीनार शुरू हुआ। उद्घाटन जसपुरिया एजुकेशन ट्रस्ट के संस्थापक सह भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार ने किया। सेमीनार में अतिथियों ने आनलाइन व आफलाइन तरीके से अपने अपने विचार रखे। अध्यक्षता कालेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार मिश्रा व संचालन डॉ. कुमारी प्रियंका शर्मा ने किया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा व शिक्षा पद्धति से ही हम विश्व में शांति व समृद्धि का माहौल बना सकते है। भारतीय ज्ञान परंपरा वैज्ञानिकता पर आधारित है। यह हमें विश्व बंधुत्व का संदेश देता है। सेमीनार में वीणा तीरू, डॉ. सीके पंकज, सरिता कुमारी, प्रवीण सिंह कुशवाहा आदि ने भी अनने अपने विचार आनलाइन रखा। इस अवसर पर पूजा कुमारी, महफूज अंसारी, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने जांच अभियान चलाया

**ठाकुरगांव।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा झारखंड में गुटखा व पान मसाला की बिक्री में प्रतिबंध लगाने के बाद बुधवार को पुलिस ने जांच अभियान चलाया। इस क्रम में थाना प्रभारी विनित कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने ठाकुरगांव,खखरा, उरुगुद्ध, हेसलपिरी, मोहनपुर, इटहे आदि जगहों में दुकानो का जांच किया। मौके पर थाना प्रभारी ने दुकानदारों से गुटखा नहीं बेचने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में जो भी दुकानदार इन प्रतिबंधित समानों को बेचते पाए जाएंगे तो प्रशासन द्वारा सख्त कारवाई किया जाएगा। मौके पर पुनि दिलीप कुमार, अरविंद कुमार,बसन्त मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

### बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की मधुमिता और सुरभि पाल खेलने के लिए देहरादून रवाना



**सिल्ली/मुरी।** द्वितीय नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूनार्मेंट का आयोजन आगामी 23 एवं 23 फरवरी को उत्तराखंड राज्य के देहरादून शहर में आयोजित किया गया है जिसमें बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की मधुमिता कुमारी (कंपाउंड डिविजन) एवं सुरभि पाल (रिकॉव डिवीजन) से खेलने के लिए बुधवार के दिन रांची से राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना हुई। इस आयोजित प्रतियोगिता में देशभर से तिरंगा जी भाग लेंगे। बताते चले कि इससे पूर्व में भी अकादमी के सब जूनियर कैटेगरी में साहिल, प्रियांशु बनवार और दीप्ति कुमारी भी आज और कल अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बिरसा मुंडा अकादमी के प्रशिक्षकों ने बताया कि खिलाड़ियों ने काफी मेहनत किया जिससे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर पा रहे हैं और पूर्ण विश्वास जय की मधुमिता और सुरभि अपने प्रतिभा के बल पर झारखंड और सिल का नाम अवश्य ही रोशन करेंगी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी किया।

# अनियमित विद्युत आपूर्ति से ग्रामीण परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से लगातार अनियमित विद्युत आपूर्ति व लो वोल्टेज ने बेड़ो के उपभोक्ताओं का जीना दूभर कर दिया है। अनियमित बिजली का यह सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। दिनभर में कई घंटे बिजली नदारद रही। जिस कारण आमजनों के साथ-साथ छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं प्रखंड के 17 पंचायत के सूदूरवर्ती गांवों के लोग भी कई दिनों से अनियमित बिजली आपूर्ति और लो वोल्टेज से परेशान हैं। इसकी शिकायत करने के वावजूद विभागीय स्तर पर उसे दुरुस्त करने का कोई कारगर उपाय नहीं किए जाने पर उपभोक्ताओं के बीच विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों सरकार के 24 घंटे बिजली देने के दावे के बीच मात्र पांच से छह घंटे ही बिजली मिल पा रही है। वह भी नियमित नहीं है। बिजली आती भी है तो लो वोल्टेज रहने के कारण उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ जाती है। बिजली विभाग के उदासीनता से आक्रोशित उपभोक्ता अब आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। बिजली की समस्या से लोगों की दिनचर्या भी काफी प्रभावित हो रही है। शाम के वक्त बिजली नहीं रहने से अभी जैक बोर्ड की परीक्षा देने वाले मैट्रिक व इंटर के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई बाधित हो रही है। वहीं व्यवसाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

इसके समाधान के लिए कोई भी अधिकारी गंभीर नहीं है। विभाग के कर्मचारियों से पूछने पर कहते हैं कि अभी काम चल रहा है। अगर यही स्थिति बनी रही तो ग्रामीण उग्र प्रदर्शन करने के लिए विवश हो जायेंगे।

## बेड़ो थाना में शांति समिति की बैठक आज

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था को लेकर बेड़ो थाना परिसर में गुरुवार को अपराह्न तीन बजे से शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने इस बैठक में थाना क्षेत्र के सभी समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों व शांति समिति के सभी सदस्यों से बैठक में भाग लेने की अपील की है।

## यौन शोषण के आरोपी पिता पुत्र गिरफ्तार

**इटकी।** 15 वर्षीय नाबालिक को स्कूल जाने के क्रम में अपरहण कर तीन माह तक यौन शोषण करने और छोटा जाती कहकर घर से निकाल देने के आरोपी पिता पुत्र को बुधवार को इटकी पुलिस ने मुख्य न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस संबंध में इटकी थाना क्षेत्र के भंडरा गांव के रामेश्वर गोप व उसके पिता देवनाथ गोप पर नाबालिक के पिता द्वारा न्यायालय में वाद दर्ज कराया था। वादी ने जानकारी दी है कि रामेश्वर गोप ने स्कूल जाने के क्रम में नाबालिक को अगवा कर चेन्नई ले गया था। तीन महीना उसके साथ यौन शोषण करने के बाद नाबालिक को वापस अपने घर ले आया। जहां आरोपी के पिता ने नाबालिक को घर से निकल दिया। जिसकी शिकायत इटकी पुलिस को की गई। पुलिस ने नाबालिक को महिला मुखिया के सुपुर्द किया गया था। नाबालिक के साथ यौन शोषण और शादी से इनकार किए जाने के बाद अदालत में पॉक्सो एक्ट के तहत धारा 137(८) 64 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एन के एरिया डकरा के महाप्रबंधक सह विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता और विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएसपी खलारी राम नारायण चौधरी, एस ओ पी ज्योति कुमार, अवधेश कुमार सिंह, सतनारायण चौधरी, कुसुम रानी जैन, लालू उरांव, गणेश महतो, पुरानी राय, शालिग्राम सिंह, करकटा अनिल कुमार, मनोज कुमार, विरेंद्र कुमार झा एवं शारदा नंद उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती माता, भारत माता एवं ॐ के चित्रों पर पुष्पार्चन से हुआ। अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य वीरेंद्र कुमार पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संगीत, लोकनृत्य, भजन, एकल गीत एकल डांस, सामूहिक डांस के साथ संगीत के कई पदों की प्रस्तुति हुई। वार्षिकोत्सव के इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा हस्तलिखित पत्रिका (डाउन द न्यू बिगनिंग) का विमोचन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना को काफी सहारा गया। कार्यक्रम में गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना और उन्हें सक्षम नागरिक बनाना है। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य दीदी जी अभिभावक और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 10 दिवसीय आत्म रक्षा कैंप का आयोजन, 24 फरवरी से शुरू

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज के द्वारा छात्र-छात्राओं तथा नव युवक-युवतियों के लिए 10 दिवसीय आत्म रक्षा का कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आत्म रक्षा कैम्प 24 फरवरी से 05 मार्च तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं तथा नव युवक-युवतियों को आत्म रक्षा के गुण सिखाया जाएगा ताकि किसी भी विषम परिस्थिती में वे अपनी रक्षा कर सकेंगे। साथ ही शारीरिक क्षमता और बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। कैम्प में कॉलेज के बाहर के नव युवक-युवतिया भाग ले सकते हैं।


## कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़।

**नगर परिषद्, रामगढ क्षेत्र अन्तर्गत अति अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।**

**अति अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/23/2024-25**

1. निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2. निविदा प्रकाशन की तिथि :- दिनांक : 20.02.2025
3. परिमाण विपत्र विक्रय की तिथि :- दिनांक : 21.02.2025 से 28.02.2025 अपराह्न 04:00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 01.03.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे
5. निविदा खोलने की तिथि व समय :- दिनांक :03.03.2025 अपराह्न 12:00 बजे से।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- नगर परिषद्, रामगढ़।
7. मद का नाम :- नागरिक सुविधा
8. हेल्पलाईन नं0 :- 9430333198, 8651204505

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Construction of Pcc Road With Cross Drain in Ward No:-01,From H/O Santosh Paswan (existing Pcc) to H/O Kuber Singh. | 935269.00 | 18705.00 | 5000 | 60 दिन |
| 2 | 05 | Beutification of Community Place in Ward No -05 | 454494.00 | 9090.00 | 1000 | 45 दिन |
| 3 | 05 | Construction of Paver block Road in Pochra ,Ward No-05 From (A) H/O Mathura Yadav to well (B) H/O jaggu yadav to H/O Binod yadav (C) H/O Jhagru yadav to H/O Ramprasad Yadav (D) Chhotan Giri To Pawan Yadav (E) Prachin Shiv Mandir To H/O Kameshwar Yadav | 734426.00 | 14689.00 | 5000 | 60 दिन |
| 4 | 06 | Boundry Wall Arround Shiv mandir (Painki) in Ward no :-06 | 710450.00 | 14209.00 | 5000 | 60 दिन |
| 5 | 07 | Laying of paver block road from H/O Triloki Saw To H/O Dr. Pankaj Kumar In Ward no 07 | 991500.00 | 19830.00 | 5000 | 60 दिन |
| 6 | 07 | Construction of PCC Road From H/O Lambu D singh To H/O Santosh singh in Ward no 07 | 405600.00 | 8112.00 | 1000 | 60 दिन |
| 7 | 08 | Construction of Paver block Road in Ward no : -08 (Sewta) From (A) H/O Jageshwar saw to Karma mian Road ( Bitumen Road ) (B) H/O Meghnath Mahto to H/O Bidyasagar Misra & H/O Dilip Singh to H/O Gudu Singh (C) H/O Prasad Ji to H/O Dineshwar Prasad | 750067.00 | 15001.00 | 5000 | 60 दिन |
| 8 | 08 | Construction of Pcc Road in Ward No: -08, ( BRL, Dam Colony ) From Ravindra Singh to Upendra Singh | 784343.00 | 15687.001 | 5000 | 60 दिन |
| 9 | 09 | Construction of Rcc Culvert in between H/O Manoj Saw to H/O Abhishek Saw in Munda Tola in ward no. 9 | 781073.00 | 15621.00 | 5000 | 60 दिन |
| 10 | 09 | Construction of Ghat at Marar Talab in Ward No -09 | 937100.00 | 18742.00 | 5000 | 60 दिन |
| 11 | 09 | Laying Of paver Block road from a) H/O Virenedra singh to H/O paras sagar in Jhopdi patti B) H/O Niranjan karmali To H/O Ramesh karmali In ward no.-09 | 857768.00 | 17155.00 | 5000 | 60 दिन |
| 12 | 09 | Laying Of paver Block road from a) H/O Bharat singh to H/O Pawan saw B) H/O Vijendra karmali To H/O Ganesh karmali In ward no.-09 | 865543.00 | 17311.00 | 5000 | 60 दिन |
| 13 | 12 | Laying of Pavers Block from Argadda Checkpost Black top road to H/O Ram Karmali and H/O Indrajeet Prasad to H/O Kagu Munda via H/O Akhtar Khan in ward no.12 | 892351.00 | 17847.00 | 5000 | 60 दिन |
| 14 | 12 | Laying of Pavers Block from Mahua tand Akhara to Old Baari(bablu) in ward no. 12 | 361146.00 | 7223.00 | 1000 | 45 दिन |
| 15 | 12 | Construction of Drain from H/O Hipiya Munda to Drain beyond H/O Dilip Paswan in ward no. 12(New Colony near Kabristan) | 780000.00 | 15600.00 | 5000 | 60 दिन |
| 16 | 13 | Laying of Pavers Block from a) H/O Chitranjan Mahto to Quarter No. D-3 b) Quarter no. D-2 to PCC road in ward no. 13 | 913592.00 | 18272.00 | 5000 | 60 दिन |
| 17 | 14 | Laying of Pavers Block from H/O Sameer Dey to Argadda Panchayat Bhawan in ward no. 14 | 983704.00 | 19674.00 | 5000 | 60 दिन |
| 18 | 14 | Laying of Pavers Block from a) H/O Shyam Sundar Paswan to H/O Bicky Satnami b) H/O Chandu Satnami to Krishna Kr. at Bilaspuria Mohalla in ward no. 14 | 600154.00 | 12003.00 | 5000 | 60 दिन |
| 19 | 14 | Construction of Drain and laying of pavers block from H/O Suraj singh to H/O Kalim master and beautification at Argadda bakadiya Bajar in ward no. 14 | 787800.00 | 15756.00 | 5000 | 60 दिन |
| 20 | 15 | Construction of Mini Water Supply Scheme infront of road near H/O Jagnarayan Karmali and laying of Paver Block around this HYDT in ward no. 15 | 999800.00 | 19996.00 | 5000 | 60 दिन |
| 21 | 15 | Laying of Pavers Block from Gate of old Rajkiya madhya vidyalaya to H/O Shobhra Singh in ward no. 15 | 665346.00 | 13307.00 | 5000 | 60 दिन |
| 22 | 16 | Laying of Pavers Block from Kabristan road to the front of H/O Chandan Mahto in ward 16 | 775935.00 | 15519.00 | 5000 | 60 दिन |
| 23 | 16 | Laying of Pavers Block 1) At Sirka Bazar 2) From Mustaqin shop to H/O Maulana Wuhab 3) H/O Mustaqim to H/O Naushad in ward no. 16 | 848848.00 | 16977.00 | 5000 | 60 दिन |
| 24 | 17 | Laying of paver block road from H/O Ravi Prajapati to Toofan Prajaapti at kowa tola, parsa beda in ward 17. | 973214.00 | 19464.00 | 5000 | 60 दिन |
| 25 | 17 | Laying of paver block road from (a) H/O Sahdev prajapati to H/O vikki (b) H/O Kallu Prajapati to H/O Shiva Prajapati in ward 17. | 907034.00 | 18141.00 | 5000 | 60 दिन |
| 26 | 17 | Laying of paver block road from H/O laladev Prajapati to near anganbadi at kowa tola, parsa beda in ward 17. | 962012.00 | 19240.00 | 5000 | 60 दिन |
| 27 | 18 | Laying of paver block road from (a) H/O Avid ansari to H/O Niyaam (B) H/O Aftab to H/O jasir at Chaingadda in ward no.18 | 543840.00 | 10877.00 | 5000 | 60 दिन |
| 28 | 18 | Laying of paver block road from H/O Amanat alli to H/O Ahsaan Ansari at Chaingadda in ward no.18 | 713000.00 | 14260.00 | 5000 | 60 दिन |
| 29 | 18 | construction of PCC road from SH-2 H/O Kedar Mahto at Naya Tola at Chaingadda in ward no.18 | 286360.00 | 5727.00 | 1000 | 45 दिन |
| 30 | 19 | Construction of Samshan shed near Graveyard , Hehal In Ward No -19 | 902980.00 | 18060.00 | 5000 | 60 दिन |
| 31 | 20 | Laying of paver block at Ambwatand Eidgah and Aproach road in ward no 20 | 996955.00 | 19939.00 | 5000 | 60 दिन |
| 32 | 21 | Construction of Drain from Balvikash vidyalaya to H/O pachu bediya at ghutuwa in ward no 21 | 570200.00 | 11404.00 | 5000 | 60 दिन |
| 33 | 21 | Construction of Mini Water Supply Scheme Mahto tola ghutuwa in Ward No. 21 | 646300.00 | 12926.00 | 5000 | 60 दिन |
| 34 | 23 | Construction of Mini Water Supply Scheme near H/O Tilka Munda at Barkakana, in Ward No. 23 | 646300.00 | 12926.00 | 5000 | 60 दिन |
| 35 | 24 | Construction of Drain from H/O Tulsi Munda to pipal tree at Barkakana in ward no 24 | 988581.00 | 19772.00 | 5000 | 60 दिन |
| 36 | 24 | Construction of Drain from H/O Vinod Kant Misra to H/O Sidheswar yadav at Barkakana in ward no 24 | 570200.00 | 11404.00 | 5000 | 60 दिन |
| 37 | 24 | Construction of steel shed & laying of paver block at B.R Ambedkar park in ward no 24 | 412010.00 | 8240.00 | 1000 | 60 दिन |
| 38 | 26 | Laying of Pavers Block (A) From H/O D K Choudhary to H/O Krishna Mahto (B) From H/O Anil Nayak To pcc Road (c) Nh 33 From H/O Pancham Kushwaha to H/O Rajkeshri in ward no.26 | 780300.00 | 15606.00 | 5000 | 60 दिन |
| 39 | 26 | Laying Of paver block road Bharat mata chowk transformer to H/O Piyush Khandelwal in ward no 26 | 971700.00 | 19434.00 | 5000 | 60 दिन |
| 40 | 29 | Construction of Mini Water Supply Scheme at near H/O Gobardhan mahto in ward no 29 | 619300.00 | 12386.00 | 5000 | 60 दिन |
| 41 | 29 | Construction of Mini Water Supply Scheme at near H/O Chhedi mahto in ward no 29 | 619300.00 | 12386.00 | 5000 | 60 दिन |
| 42 | 29 | Laying of paver block road from (A) H/O manoj karmali TO H/O Bikash pahan (B) at Bekhi Akhra in ward no 29 | 675050.00 | 13501.00 | 5000 | 60 दिन |
| 43 | 29 | Construction of pcc Road from NH 33 to Existing Pcc Road at Mandia tand in ward no 29 | 918900.00 | 18378.00 | 5000 | 60 दिन |
| 44 | 31 | Construction of Drain FromH/O Sohan mahto to H/O sapan mahto in ward no 31 | 891500.00 | 17830.00 | 5000 | 60 दिन |
| 45 | 32 | Construction of Mini Water Supply Scheme at near Budhwa mahade in ward no 32 | 619300.00 | 12386.00 | 5000 | 60 दिन |
| 46 | 32 | Beutification of shiv Mandir near Chhatarmandu Chowk in Ward no 32 | 612900.00 | 12258.00 | 5000 | 60 दिन |

नोटः-

1. परिमाण विपत्र क्रय हेतु
2. निम्नलिखित शर्तो को पूरा करना होगा।
   (क) इस कार्य हेतु नगर परिषद्, रामगढ़/नगर विकास एवं आवास विभाग के समुचित श्रेणी या एक श्रेणी ऊपर के सम्वेदकों को निबंधित होना अनिवार्य होगा।
   (ख) परिमाण विपत्र का मूल्य (जो वापस नहीं किया जाएगा) बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, रामगढ़ (Executive officer, Nagar Parishad, Ramgarh) के पदनाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में भुगतेय होगा के रूप में स्वीकार्य होगा तथा परिमाण विपत्र क्रय के समय मूल रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
   (ग) बैंक ड्राफ्ट (Bank Draft) की वैद्यता निविदा निर्गत की तिथि से कम से कम तीन माह का होना अनिवार्य है।
   निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:30 अपराह्न तक देखा जा सकता है।
3. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
4. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा अभि तक नहीं किया गया है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
5. वैसे सभी संवेदक जिन्होने इस कार्यालय के द्वारा निकाले गये पूर्व निविदाओं में L1 होने के पश्चात अभी तक एकरारनामा नहीं किया है अथवा एकरारनामा होने के पश्चात कार्य प्रगति दिये गये अवधि के अंदर कार्य शुरू नही किया है उन्हें इस NIT में प्राथमिकता नही दी जायेगी/साथ ही उनके द्वारा किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा।


PR 346779 (District) 24-25 (D)

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

# स्मार्टफोन से नुकसान

निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नई शैक्षिक परिपाटी में मोबाइल की अपरिहार्यता को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं खड़ी कर रहा है। निस्संदेह, विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन के नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। जाहिरा तौर पर ये उनके भटकाव और मानसिक विचलन का कारण भी बन सकता है। आस्ट्रेलिया समेत तमाम विकसित देश स्कूलों में मोबाइल के उपयोग पर रोक लगा रहे हैं।अब तो यूनेस्को अर्थात संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन की दुनिया में शैक्षिक स्थिति पर नजर रखने वाली टीम ने भी स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। दरअसल, आधुनिक शिक्षा के साथ कदमताल की दलील देकर तमाम पब्लिक स्कूलों में मोबाइल के उपयोग को अनिवार्य बना दिया गया। निस्संदेह, आधुनिक समय में स्मार्टफोन कई तरह से शिक्षा में मददगार है। लेकिन यहां प्रश्न इसके निरंकुश प्रयोग का है। अनुचित सामग्री और उसके दुष्प्रभावों पर भी दुनिया में विमर्श जरूरी है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# पीएम इंटर्नशिप योजना युवाओं के लिये बड़ा अवसर



**देश** के युवाओं का एक बड़ा वर्ग किसी निजी कंपनी द्वारा नौकरी पर रखे जाने से कोसों दूर है। इस संदर्भ में, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) युवा सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित एक बाजार-आधारित और युवाओं द्वारा संचालित समाधान पेश करती है।

पीएमआईएस को युवाओं के एक विशिष्ट समूह को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कम आय वाले परिवारों के 21-24 वर्ष की आयु और मैट्रिक से लेकर स्नातक तक (आईआईटी स्नातक, सीए आदि को छोड़ कर) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवा इस योजना के पात्र हैं। यह योजना 5000 रुपये का मासिक स्टाइपेंड प्रदान करती है, जिसे सरकार (4500 रुपये) और कंपनी (500 रुपये) द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है। साथ ही, आकस्मिक व्यय के लिए अतिरिक्त 6000 रुपये भी दिए जाते हैं। इस योजना के प्रायोगिक चरण का लक्ष्य 2024 में 1.25 लाख युवाओं को लाभान्वित करना है, जबकि पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत खर्च के लिए कंपनियां अपने सीएसआर फंड का भी उपयोग कर सकती हैं।

लंबे समय से इंटर्नशिप को युवा उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद एक व्यवस्था के रूप में जाना जाता रहा है। शिक्षा से जुड़े शोधकर्ताओं और शिक्षण से संबंधित वैज्ञानिकों ने कार्य-आधारित शिक्षा के महत्व को पहचाना है। डेविड कोल्ब्स, जॉन डेवी, कर्ट लुईस एवं कई अन्य विद्वानों द्वारा प्रवर्तित अनुभवात्मक शिक्षण से संबंधित दृष्टिकोण, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार श्रमशक्ति के विकास के महत्वपूर्ण साधन साबित हुए हैं। इंटर्नशिप वास्तव में संवाद, सहयोग, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है।

युवा उम्मीदवारों के लिए पीएमआईएस के तहत प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप न केवल अवसर हैं बल्कि परिवर्तनकारी अनुभव भी हैं। वे कॉरपोरेट जगत की वास्तविक दुनिया से परिचित कराती हैं, जो देशभर के अधिकांश कॉलेजों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थित एवं स्थिर दुनिया से काफी भिन्न है। अपने करियर की सर्वोत्तम राह को विकसित करने और पहचानने के अलावा उम्मीदवार जिम्मेदारी संभालने, समस्या के समाधान, निर्णय लेने, टीम वर्क और समय के प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी हासिल कर सकते हैं। इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों व गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है। इन बाधाओं में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना, ई-मेल से जुड़ा शिष्टाचार, कंप्यूटर व एमएस ऑफिस का उपयोग करना या विश्वसनीय एवं सर्वाधिक प्रासंगिक जानकारी के लिए इंटरनेट पर खोज करने जैसी बुनियादी चीजें शामिल हैं।


देश के प्रमुख संस्थानों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जहां इंटर्नशिप प्रचलन में है, वहीं कैरियर संबंधी परामर्श एवं नौकरी-उन्मुख नेटवर्किंग की कमी के कारण राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में, यह एक असामान्य चीज बनी हुई है। इन्हीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में अधिकांश युवा पढ़ते हैं। इस तरह, पीएमआईएस के जरिए बड़े पैमाने पर प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप गैर-मेट्रो शहरों के युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है और संभावित प्लेसमेंट के लिए दरवाजे खोलने का काम करती है। व्यक्तिगत स्तर पर, नई मिली आर्थिक आजादी आत्मविश्वास बढ़ाती है और युवा प्रतिभाओं को बेहतर करने और ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है। युवतियों के मामले में, आर्थिक आजादी और आत्म-मूल्य की भावना शादी की उम्र और विवाह के पूर्व की शर्तें जैसी जीवन के फैसलों में बदलाव ला सकती है।

12 महीनों के दौरान कंपनी विश्वसनीय रूप से एक प्रशिक्षु के आईक्यू का आकलन कर सकती है और आत्मविश्वास के साथ ह्लप्रवृति के लिए नियुक्ति और कौशल के लिए प्रशिक्षणञ्ज की बहुप्रशंसित रणनीति को लागू कर सकती है।

व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से पीएमआईएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं में समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में ह्यरोजगार रहित प्रतिभाह्न के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। आने वाले एआई के युग में, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की ऐसी कड़ी और भी महत्वपूर्ण साबित होगी, जहां नौकरी के लिए उपयुक्तता परिवर्तन एवं जीवन कौशल के प्रति अनुकूलनशीलता द्वारा निर्धारित की जाएगी। दीर्घकालिक अवधि में, यह मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में पूंजी और श्रम के बीच के अनुपात को भी प्रभावित कर सकती है।

जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इस संबंध में दूरस्थ कार्य की व्यवस्था, गैर-मेट्रो कार्यालयों एवं कारखानों में भर्ती, और कंपनी द्वारा अतिरिक्त स्टाइपेंड संभावित समाधान हो सकते हैं।

इस प्रकार, पीएमआईएस रोजगार सृजन का एक ऐसा उत्प्रेरक है जिसके व्यापक प्रचार और सावधानीपूर्वक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसका लक्ष्य लगातार भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है। इस योजना के शुभारंभ के बाद से कॉरपोरेट जगत द्वारा दिखाई गई अत्यधिक रुचि भारतीय युवाओं को कुशल बनाने, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के इस योजना के लक्ष्य की सफलता की दृष्टि से एक अच्छा संकेत है।



- वी अनंत

> जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **– रवि, गुमला**

## ट्वीट

**झारखंड** में गुटखा-पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध।

यह सिर्फ आदेश नहीं, आपकी जिंदगी बचाने का मेरा संकल्प है।

तंबाकू का जहर हमारे बच्चों और युवाओं को कैंसर की आग में झोंक रहा था।

अब ऐसा नहीं होगा!

जो कानून तोड़ेगा, उस पर सख्त कार्रवाई होगी।

- मैं स्वास्थ्य मंत्री हूँ जनता की सेहत के साथ कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं।

नशा मुक्त, स्वस्थ झारखंड बनाना मेरा वचन है।

आप सबका सहयोग चाहिए झ मिलकर तंबाकू और गुटखा माफिया को जड़ से खत्म करेंगे।

**-डॉ इरफान अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड**

# वर्तमान युग में क्यों महत्वपूर्ण हैं गुरुजी की शिक्षाएं

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

व्यक्तित्व

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक श्री माधवराव सदाशिव गोलवलकर, जिन्हें सभी लोग गुरुजी के नाम से पुकारते हैं, उनका दर्शन और विश्वदृष्टि, सनातन धर्म के ठोस और वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित थी, जिससे उनका दृष्टिकोण स्पष्ट और असंदिग्ध था। इसका मतलब यह नहीं है कि उनके विचार प्राचीन सिद्धांतों से अडिग रूप से बंधे हुए थे। सेमेटिक धर्मों के विपरीत, हिंदू धर्म ने लगातार लचीलापन और अनुकूलनशीलता का प्रदर्शन किया है। सनातन धर्म मौलिक और शाश्वत है, फिर भी हमारे ऋषियों ने समय के निरंतर बीतने के कारण परिवर्तन की अनिवार्यता को पहचाना। नतीजतन, सनातन धर्म के सिद्धांतों को आँख मूंदकर या कट्टरता से नहीं बल्कि सोच-समझकर और प्रासंगिक रूप से लागू किया जाना चाहिए। गुरुजी ने इस अंतर को अच्छी तरह से समझा और तदनुसार मार्गदर्शन प्रदान किया।

जीवों में एक सुखी, देखभाल करने वाला और शांतिपूर्ण जीवन जीने की एक अंतर्निहित प्रवृत्ति होती है। हालाँकि, जैसे-जैसे दुनिया ने पश्चिमीकरण को अपनाया है, विकसित भौतिकवादी मानसिकता ने प्रत्येक व्यक्ति के जीवन पर भारी असर डाला है, जिससे वे अपने आसपास की शांति, आनंद और सामंजस्य खो रहे हैं। अधिकांश लोग लालच, शत्रुता, विनाशकारी मानसिकता और अहंकारी रवैये जैसी कई नकारात्मक विशेषताओं के साथ एक यांत्रिक अस्तित्व जीते हैं, मानवता की भावना को खो रहे हैं और प्रकृति के विरुद्ध काम कर रहे हैं। महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति और उच्च जीवन स्तर के बावजूद, दुनिया भर के व्यक्ति दुखी, असंतुष्ट हैं और सामाजिक अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। पश्चिमी उपभोक्तावाद की अवधारणा हानिकारक है, क्योंकि यह व्यक्तियों को केवल वस्तुओं और ग्राहकों के रूप में देखता है। इससे सभी उपलब्ध रास्तों का शोषण होता है, अक्सर मानवता और पर्यावरण अखंडता की कीमत पर। इसके अलावा, विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सामाजिक संबंध और कल्याण को बढ़ावा देने के बजाय उपभोक्तावाद पर ध्यान केंद्रित करके डिजाइन किया गया है। इसलिए गुरुजी की शिक्षाएँ आज की दुनिया में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्हें समाज, राष्ट्र और विश्व के सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक आयामों की पूरी जानकारी है। उनकी कुछ शिक्षाएँ हमारी बेहतर समझ के लिए प्रस्तुत हैं।

**गुरुजी के आर्थिक, राजनीतिक और स्वदेशी सिद्धांत**

किसी समाज की राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक व्यवस्था में होने वाले परिवर्तन का प्रभाव पूर्ण समाज पर भी पड़ सकता है। गुरुजी ने एक एकीकृत सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक दृष्टिकोण विकसित किया। उन्होंने भारतीय दर्शन, संस्कृति, धर्म और साहित्य के साथ-साथ समाजवाद, मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण जैसी पश्चिमी विचारधाराओं का भी गहन अध्ययन किया। अपने व्याख्यानों और भाषणों में उन्होंने मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण दोनों की आलोचना की। वे अक्सर भारतीय दर्शन और साहित्य की तुलना मार्क्सवाद और उसकी विचारधारा से करते थे। गुरुजी ने मार्क्सवाद के आर्थिक नियतिवाद, द्वंद्वात्मक भौतिकवाद और वर्ग संघर्ष के मूल सिद्धांतों को खारिज कर दिया। उनका मानना था कि न तो साम्यवाद और न ही पूंजीवाद दुनिया को एकजुट कर सकता है। उन्होंने जो स्पष्टीकरण दिया वह आवश्यक था। भौतिकवादी विचारधारा, जो मनुष्यों को भौतिक पशु मानती है और भौतिक हितों को प्राथमिकता देती है, एकता और सद्भाव के बजाय प्रतिस्पर्धा और संघर्ष को जन्म देती है। तर्क सीधा है। भौतिक स्तर पर, केवल विविधता और अंतर है। वे अलगाववाद और बहिष्कार को बढ़ावा देते हैं। जो व्यक्ति केवल भौतिक वास्तविकता पर ध्यान केंद्रित करते हैं, उनमें एकता और एकीकरण की कमी हो सकती है। सहयोग पर विचार करने का कोई कारण नहीं है। जब हम स्पष्ट मतभेदों से परे देखते हैं, तो हम एक सूक्ष्म एकता देख सकते हैं जो सभी स्थूल प्राणियों को एक सुसंगत पूल में जोड़ती है।

गुरुजी के अनुसार, भौतिकवादी मानते हैं कि हम सभी स्वतंत्र व्यक्ति हैं जिनका कोई सामान्य संबंध या लगाव नहीं है। कार्ल मार्क्स के सिद्धांत वर्ग संघर्ष और पूंजीवाद पर वर्गहीन समाज की जीत पर केंद्रित हैं। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि आपसी नापसंदगी और दुश्मनी सफलता की ओर ले जा सकती है। उन्हें लगा कि साम्यवाद वर्ग विभाजन और नफरत पैदा कर सकता है, जो अंततः वर्ग संघर्ष को जन्म देता है। कार्ल मार्क्स की विचारधारा कटुता और आपसी दुश्मनी पर जोर देती है। उन्होंने राष्ट्र को मजबूत करने के लिए वर्ग शांति, सहयोग और आपसी समझ पर जोर दिया।

# बढ़ती उम्र में तलाशें खुशियों की वजह

**शिखर चंद जैन**

समाज

अक्सर 40 प्लस यानी प्रौढ़ अवस्था में पहुंचने के बाद हर जन्मदिन पर लोग खुश होने की बजाय चिंतित होने लगते हैं, कभी उनका ध्यान अपनी ढीली पड़ती स्किन की ओर जाता है, तो कभी सफेद बालों की ओरङ्क बुढ़ापे का डर उनकी उमंग को कम कर देता है और वे हर वक्त हैरान-परेशान से रहने लगते हैं। लेकिन व्यवहार विशेषज्ञों, मनोवैज्ञानिकों, समाजशास्त्रियों और चिकित्सकों की मानें तो बढ़ती उम्र में खुश रहने के भी कई कारण हैं। कई चीजें उम्र के साथ बेहतर होती हैं।

### आत्मविश्वास

कोलकाता के फोर्टिस होस्पिटल के मनोविज्ञानी डॉ. संजय गर्ग कहते हैं कि ज्यों-ज्यों आपकी उम्र बढ़ती है, आप पहले से ज्यादा आत्मविश्वासी हो जाते हैं। इसकी मूल वजह यह है कि आप समस्याएं झेल चुके होते हैं, अच्छे-बुरे दौर से गुजर चुके होते हैं और तमाम लोगों से आपका साबका-सरोकार पड़ चुका होता है। ये चीजें आपको कड़वे-मीठे अनुभव देती हैं और परिपक्व बनाती हैं।

### अपनेपन का अहसास

कच्ची उम्र या जवानी का प्यार अक्सर काल्पनिक, अवास्तविक उम्मीदों का शिकार हो जाता है और कई बार परवान ही नहीं चढ़ पाता। लेकिन पार्टनर के साथ विश्वास, अंतरंगता, अपनापन और सुरक्षा का अहसास प्रौढ़ावस्था और उसके बाद ही मिलता है। ह्यसेप्टेम्बर सौंग्सः दी गुड न्यूज अबाउट मैरिज इन दी लैटर ईयर्सह्न की लेखिका मैगी स्कार्फ कहती हैं, ह्यउम्रदराज जोड़ों में स्नेह और प्यार बढ़ता है और वे जब भी आई लव यू कहते हैं, गंभीरता से कहते हैं।ह्न

### सोशल नेटवर्क

उम्र बढ़ने के साथ-साथ मित्रों, परिचितों और परिजनों की संख्या, उनके साथ आत्मीयता और सद्व्यवहार बढ़ जाता है। जिन लोगों के बुरे वक्त में आप साथ दे चुके हैं या जिनकी खुशी में शामिल होकर उनका उत्साह बढ़ा चुके हैं, वे दिल से आपके मुरीद हो जाते हैं और वक्त पड़ने पर आपका साथ देने के लिए तत्पर रहते हैं। इस प्रकार आपका एक अच्छा खासा सामाजिक सपोर्ट सिस्टम तैयार हो जाता है, जो किशोर या युवावस्था में कम लोगों के पास होता है।

### निर्णय क्षमता

प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी कोलकाता की समाजशास्त्री प्रो. सुमिता साहा कहती हैं, ह्यजब आप परिपक्व और उम्रदराज होने लगते हैं, तो आपकी निर्णय क्षमता बढ़ने लगती है। इससे आप ज्यादा अच्छे और सही निर्णय लेने लगते हैं। जबकि युवावस्था में लिए गए निर्णय अक्सर हड़बड़ी में लिए गए, अनुभवहीन और अधपके होते हैं। ऐसे कई निर्णय आगे चलकर गलत साबित होते हैं।

### सहानुभूति

यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया कि 50-59 साल उम्र की महिलाएं दूसरों के प्रति ज्यादा सहानुभूति रखती हैं। इससे उनकी लोकप्रियता और समाज में सम्मान बढ़ता है। एरीजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख एलिजाबेथ ग्लिस्कली कहती हैं, ह्यअनुभव और उम्र के अलग-अलग पड़ाव हमें दूसरों के सुख-दुख और मनोभाव समझने की सूझबूझ देते हैं।

### शब्दावली

अध्ययन बताते हैं कि हमारी बोलचाल की शब्दावली उम्र के साथ-साथ इम्प्रूव होती जाती है। ऐसा ज्यादा लोगों से बातचीत के दौरान ग्रहण किए गए शब्दों के कारण होता है। जिन लोगों को पत्रिकाएं, किताबें और अखबार पढ़ने की आदत होती है, उन्हें और भी ज्यादा फायदा होता है। इससे आप अपने भावों की अभिव्यक्ति बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

### सहनशीलता

जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे रक्त का उबाल कम हो जाता है। युवावस्था में जहां आप बात-बात पर उत्तेजित हो जाते हैं, मारपीट या झगड़े पर उतारू हो जाते हैं, वहीं प्रौढ़ावस्था में कई बातों पर चुप्पी मारना भी सीख जाते हैं क्योंकि आप इन चीजों की व्यर्थता को देख चुके होते हैं। इस उम्र में आपकी सहनशीलता बढ़ जाती है और छोटी-मोटी चीजों को आप नजरअंदाज करना सीख जाते हैं।

### वर्क-लाइफ बैलेंस

युवावस्था में 20 से 30 के दौर में हम कम अनुभवी होते हैं और खुद को दुनिया और पैरेन्ट्स के सामने साबित करने की चुनौती होती है। हम खुद को हर वक्त परेशान पाते हैं। अक्सर एक काम करने के चक्कर में दूसरा छूट जाता है । लेकिन उम्र बढ़ने पर हम वर्क-लाइफ बैलेंस की कला बखूबी सीख जाते हैं। प्राथमिकताओं को तय करना आ जाता है और टाइम मैनेजमेंट की कला भी।

### एलर्जी

एलर्जी एंड अस्थमा मेडिकल ग्रुप एंड रिसर्च सेंटर सैन डियेगो के सह निदेशक माइकल जे. वेल्च कहते हैं कि उम्र बढ़ने के साथ सीजनल एलर्जी की शिकायत काफी हद तक कम हो जाती है। साथ ही बुजुर्गों में फूड एलर्जी की समस्या भी काफी हद तक कम हो जाती है।

## सरबाहा में ग्रामीणों ने ट्रांसमिशन लाइन के विरोध में ग्राम सभा आयोजित

# वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव पारित

- प्रस्ताव में ट्रांसमिशन लाइन को बसाडीह रेलवे स्टेशन होते हुए हथियारी मोड़ पर चिचिकला लाइन से जोड़ने की मांग रखी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत के ग्राम सरबाहा में झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा पतरातू-कोडरमा ट्रांसमिशन लाइन निर्माण के खिलाफ ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज की। इस मुद्दे पर अपर समाहर्ता हजारीबाग एवं चुरचू अंचलाधिकारी के आदेशानुसार ग्राम सभा का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता चरही पंचायत की मुखिया संझली मुर्मू ने की।

ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि ट्रांसमिशन लाइन को सरबाहा गांव से पांच किलोमीटर दूर डायवर्ट किया जाए। ग्रामीणों ने आदिवासी बहुल क्षेत्र से ट्रांसमिशन लाइन गुजरने पर अपनी चिंता जाहिर की। उनका कहना है कि यह खेती-बारी, घर, मवेशी, सरना स्थल, और जान-माल की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। सभा में वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रस्ताव के अनुसार, ट्रांसमिशन लाइन को बसाडीह रेलवे स्टेशन होते हुए रेलवे लाइन के दक्षिण-पश्चिम दिशा, बरतपिछरवा वॉटरफॉल के पश्चिम दिशा से होते हुए हथियारी मोड़ पर चिचिकला लाइन से जोड़ा जाए। ग्राम सभा में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष महालाल हांसदा, सचिव नीलकंठ महतो, पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, पंसस निरंजन महतो, और वार्ड सदस्य प्रकाश टुडू समेत कई स्थानीय प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने इस मामले में जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की मांग की है।

## चुटुपालू घाटी में रौशनी और सुरक्षा का नया दौर


- सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से ब्लैक स्पॉट्स पर शुरू हुआ सुधार कार्य, जल्द मिटेगा 'मौत की घाटी' का कलंक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुटुपालू घाटी और अन्य खतरनाक ब्लैक स्पॉट्स, जो अब तक सड़क दुर्घटनाओं और मौतों के लिए कुख्यात थे, अब सुरक्षा और सुधार के नए अध्याय की शुरूआत कर रहे हैं। सांसद मनीष जायसवाल के प्रयासों ने इस गंभीर समस्या का समाधान खोजने में बड़ी भूमिका निभाई है।

चुटुपालू घाटी, जहां खराब स्ट्रीट लाइट्स और अंधेरा सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रहा था, अब दूधिया रोशनी से जगमगा

**सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी**




उठा है। सांसद ने रामगढ़ जिले की दिशा बैठक में इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया और अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाया। नतीजा यह है कि घाटी की 350 से अधिक खराब स्ट्रीट लाइट्स को मरम्मत कर चालू कर दिया गया है। घाटी के मुख्य दुर्घटना क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। इनमें ट्रांसवर्स बार मार्किंग, सोलर स्टड्स, साइन बोर्ड, पीटीजेड कैमरे, और मेटल व बांस के क्रैश बैरियर लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी तरह, मांडू के चरही क्षेत्र और अन्य ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क चौड़ीकरण और सुधार कार्य भी युद्धस्तर पर हो रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उनके प्रयासों से ब्लैक स्पॉट्स पर काम शुरू होने से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि लोगों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, 'हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता की हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार के ये कार्य जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।' जल्द ही हजारीबाग क्षेत्र की ये सड़कें केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि सुरक्षा और विकास का प्रतीक बनेंगी।

## स्पीड न्यूज

### महुडर में चोरी की घटना, पीड़िता ने कार्रवाई की लगाई गुहार

कटकमदाग। हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के महुडर गांव में चोरी की घटनाओं से एक महिला विभा प्रसाद परेशान है। पीड़िता विभा प्रसाद, पिता रति भूषण प्रसाद ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत में घर में हुई चोरी की जानकारी दी है। शिकायत के अनुसार पहली चोरी दुर्गा पूजा के दौरान हुई, जब उनके पर्स से आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, मेट्रो कार्ड और करीब 5000 रुपये चोरी हो गए। इस मामले में उन्होंने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करवाई थी। हाल ही में दूसरी चोरी की घटना हुई, जिसमें उनके घर से एक महंगा जी-शॉक घड़ी चोरी हो गयी। विभा प्रसाद ने शक जताया है कि उनके घर में काम करने वाली महिला और उसके संबंधी चोरी में शामिल हो सकते हैं। उनके अनुसार, उन्होंने चोरी की घटना का सबूत सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड किया और संबंधित व्यक्ति से पूछताछ की। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने चोरी की बात को पहले नकारा लेकिन बाद में वीडियो दिखाने पर चोरी स्वीकार की और सामान वापस किया। हालांकि, सभी चोरी का सामान अब तक नहीं लौटाया गया है। पीड़िता ने थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए और न्याय दिलाया जाए। उन्होंने अपनी शिकायत के साथ संपर्क नंबर भी साझा किया है।

कुजू चौक में लगा मार्स्ट लाइट कई माह से है खराब

### अंधेरे के लाभ उठाकर चोर दे रहे हैं चोरी की घटनाओं को अंजाम



**कुजू।** कुजू कोयलांचल में चोरो मन इतना बढ़ गया है कि चौक-चौराहों के दुकानों को भी नहीं छोड़ रहे है। खास कर कुजू मैन चौक के कई दुकानों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को परेशान करने काम किया। वहीं कुजू चौक में लगा मार्स्ट लाईट पिछले कई माह से खराब पड़ा है। लाइट खराब होने का फायदा उठाकर चोर दुकानों को अपना निशाना बनाने में सफल हो रहे है। कुजू चौक में अगर मार्स्ट लाइट ठीक होता तो कम से कम चौक के दुकानों में चोरी नहीं होती। मार्स्ट लाइट ठीक करने के मामले को लेकर सीसीएल कुजू महाप्रबंधक आरके सिन्हा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मार्स्ट लाइट खराब है तो उसे जल्द ही दुरूस्त किया जायेगा। साथ ही सीसीएल क्षेत्र में आने वाले अन्य स्थानों में खराब पड़े लाइट को दुरूस्त कराया जायेगा।

### राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ ने तीन सूत्री मांगों को लेकर पीओ के साथ की वार्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ ने बुधवार को तीन सुत्री मांगो को लेकर भुरकुंडा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी के साथ वार्ता किया। वार्ता में संघ के नेताओं ने पीओ को भुरकुंडा छठ मंदिर से लेकर परियोजना कार्यालय तक सड़क पर पानी का छिडकाव करने, भुरकुंडा थाना से लेकर बैरेक तक सड़क को क्लियर कराने, भुरकुंडा थाना से लेकर शिव नगर कॉलोनी तक नाली की साफ सफाई कराने की मांग की। युनियन के मांगो पर पीओ ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। वार्ता में युनियन के चमन लाल, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, मो इकबाल हुसैन, फिरदोस आलम, मो कलाम, इम्तियाज अहमद आदि शामिल थे।

## गधोनियां गरम कुंड : उपेक्षा के कारण जर्जर, पुनर्जीवन की दरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चरही।** इंद्रा पंचायत के 15 माइल स्थित ऐतिहासिक गधोनियां गरम कुंड अपनी उपेक्षा के चलते जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। चारों ओर जंगलों से घिरे इस कुंड का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। यहां तीन कुंड मौजूद हैं– दो गरम कुंड और एक ठंडा कुंड। लेकिन इन कुंडों की स्थिति अब दयनीय हो गई है।

2014-15 में मांडू विधायक द्वारा दो गरम कुंडों का विस्तार कर चबूतरा निर्माण कराया गया था। ये कुंड कभी स्नान और पूजा-अर्चना के लिए प्रसिद्ध थे। लेकिन अब ये कुंड सूख चुके हैं और मिट्टी से भर गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन कुंडों से मिट्टी हटाई जाए, तो इन्हें पुनः जीवित किया जा सकता है।

गधोनियां गरम कुंड के पास मौजूद पीपल वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। दिसंबर और जनवरी के महीने में दूरदराज से लोग यहां स्नान कर वनभोज का आनंद लेते थे। हर साल 14 जनवरी को गधोनियां माता के नाम से तीन दिवसीय मेले का आयोजन होता है, जिसमें पहले लोग गरम कुंड में स्नान कर मेले का आनंद लेते थे। दो गरम कुंडों के पास एक ठंडा कुंड भी मौजूद है, जिसमें सालभर ठंडा पानी रहता है। लेकिन यह घास-फूस से घिरा पड़ा है और इसका कभी विस्तार नहीं किया गया।

ग्रामीणों का मानना है कि यदि तीनों कुंडों का विस्तार और सौंदर्यीकरण किया जाए, तो यह स्थान एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन सकता है। वे जिला प्रशासन और सरकार से इन कुंडों को पुनर्जीवित करने की अपील कर रहे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर को बचाने के लिए गधोनियां गरम कुंड का पुनर्विकास जरूरी है। अगर समय रहते इन कुंडों का संरक्षण नहीं किया गया, तो यह धरोहर केवल एक कहानी बनकर रह जाएगा।

## राहू पूजा में दिखा आस्था और शक्ति का अनूठा संगम

- तलवार पर करतब और अंगारों पर भक्ति का प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड के पासवान समाज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राहू पूजा में आस्था और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलते श्रद्धालुओं ने भक्ति का परिचय दिया, वहीं शंभू भगत और उनके सहयोगियों ने तलवार पर करतब दिखाकर शक्ति का प्रदर्शन किया। चतरा के शीला गांव से आए शंभू भगत ने तलवार पर खड़े होकर अद्भुत करतब दिखाए। वहीं, भक्तों ने खौलते दूध से कौड़ी और सिक्के निकालकर अपनी आस्था व्यक्त की। यह आयोजन राहू पूजा की धार्मिक मान्यता और शक्ति की उपासना को समर्पित था। सोमवार को भगत के आगमन और नगर भ्रमण के साथ पूजा का शुभारंभ हुआ। मंगलवार को सुबह अंगारों पर चलकर भक्तों ने अपनी भक्ति की परीक्षा दी। बुधवार को आयोजन के अंतिम दिन भंडारे का आयोजन होगा। पूजन में यजमान के रूप में तेजू पासवान सपत्नीक शामिल हुए। इस आयोजन में किशोरी पासवान, भुनेश्वर पासवान, चेतलाल पासवान, सूरज पासवान समेत समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। साथ ही, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजन में भाग लिया। राहू पूजा में तलवार और अंगारों पर भक्ति प्रदर्शन ने कटकमदाग में भक्ति और शक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। समाज के सक्रिय सहयोग और श्रद्धालुओं की भागीदारी ने इस आयोजन को विशेष बना दिया।

## लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करें जरूर सफल होंगे : विजयंत कुमार

- ए'ला एंगलाइज विद्यालय के 12वीं का छात्र वैभव राज ने जेईई मेन्स में पाई सफलता
- विद्यालय परिवार में हर्ष, दी बधाई, उज्जवल भविष्य की कामना की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए'ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा का मेधावी छात्र वैभव राज ने जेईई मेन्स परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता, विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वैभव राज ने जेईई मेंस परीक्षा में 98.99 परसेंटाइल का स्कोर हासिल किया है। छात्र की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। छात्र की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि वैभव ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता अर्जित की है। बच्चे लक्ष्य का निर्धारण कर गुरूओं के मार्ग-दर्शन में जैयारी करेंगे तो जरूर सफल होंगे। उन्होंने कहा कि वैभव राज की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायक है। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि जीवन में कठिनाइयों का सामना करना और उन पर विजय पाना ही सच्ची जीत है। शिक्षकों और माता-पिता ने भी उनकी मेहनत और लगन की सराहना की। वैभव की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते विद्यालय परिवार सहित क्षेत्रवासियों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव का शानदार आयोजन

- विधायक प्रदीप प्रसाद ने दिए सफलता के मन्त्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दारू।** प्रखंड के बड़वार स्थित छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप प्रसाद ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए प्रेरक संदेश दिये। इस भव्य आयोजन में विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और गणमान्य लोगों की बड़ी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन करते हुए कहा, 'छत्रपति शिवाजी केवल महान योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी प्रशासक और प्रेरक नेतृत्वकर्ता थे। युवाओं को उनके जीवन से सीख लेकर अपने लक्ष्य की ओर समर्पित रहना चाहिए।' उन्होंने विद्यालय प्रशासन की तारीफ करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में जिस तरह से विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण में जुटा है, वह अनुकरणीय है। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। गीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने बच्चों की मेहनत और प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, 'इनका आत्मविश्वास और ऊर्जा क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों के व्यक्तित्व को निखारते हैं, बल्कि उनके सपनों को नई दिशा भी देते हैं।' विद्यार्थियों और विद्यालय प्रशासन की मांग पर विधायक ने विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और देश की प्रगति की नींव है, और संसाधनों की कमी से शिक्षा में बाधा नहीं बनने दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य और प्रबंधन समिति ने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, भाजपा नेता सुरेश प्रसाद, महामंत्री संजय कुशवाहा, उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## योग : स्वस्थ व विकसित झारखंड के निर्माण में योगदान दें : सीपी चौधरी

- 'योग एवं ध्यान के माध्यम से मानव उत्पादकता में वृद्धि' विषय पर कार्यशाला आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र द्वारा खनिकर्म से जुड़े कर्मियों की उत्पादकता एवं मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'योग एवं ध्यान के माध्यम से मानव उत्पादकता में वृद्धि' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उदघाटन गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान के निदेशक अजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने भाग लिया। भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान से आचार्य अमरेश झा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला में रजरप्पा, अरगड़ा, बरका-सयाल, कुजु, हजारीबाग एवं सीआरएस बरकाकाना से लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र कल्याणजी प्रसाद ने सभी महानुभावों का पुष्पगुच्छ एवं शाल से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कर्मियों को नियमित योग एवं ध्यान को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि योग न केवल तनाव प्रबंधन में सहायक होता है, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक स्फूर्ति बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, आध्यात्मिक उन्नति एवं सकारात्मक ऊर्जा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइए, हम सब मिलकर इस प्राचीन भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाएं और एक स्वस्थ झारखंड, विकसित झारखंड के निर्माण में अपना योगदान दें।

मुख्य प्रशिक्षक अजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने प्रतिभागियों को योग एवं ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन एवं शारीरिक स्फूर्ति बनाए रखने के उपायों पर प्रशिक्षित किया। कार्यशाला के दौरान कर्मियों को विभिन्न योग मुद्राओं एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास भी कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक (सीडी) आशीष झा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारी सुबोध कुमार चौधरी, सभी विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा श्रम संगठन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## कोयला तस्करों के बनाये गये तीन मुहानों को किया गया बंद

- कार्रवाई के बाद भी सक्रिय रूप से कार्य करते है कोयला चोर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** अवैध कोयला चोरी रोकथाम को लेकर बुधवार को सीसीएल कुजू क्षेत्र की सुरक्षा विभाग प्रभारी हेमंत सिंह के नेतृत्व में सीसीएल सुरक्षा कर्मी व क्षेत्र में प्रतिनियुक्त होमगार्ड के जवानों की गठित टीम ने सीसीएल पिंडरा कोलियरी हुआग मार्ग के निकट अवैध कोयला उत्खनन के लिए धंधेबाजों द्वारा खोले गए तीन मुहानों को डोजर की सहायता से बंद कराया।

ज्ञात हो कि पिछले एक माह से कोयला चोर सक्रिय होकर पूरी बेखौफ के साथ अवैध मुहाना बनाकर कोयला चोरी कर रहे है। सीसीएल सुरक्षा विभाग के कार्रवाई से कुछ हद तक अवैध कोयला कारोबार में बिराम लगेगा। डोजरिंग अभियान में पिंडरा कोलियरी के मैनेजर के मांझी, सीसीएल कुजू क्षेत्र के सुरक्षा विभाग प्रभारी हेमंत सिंह, मुकेश कुमार, अजय कुमार, बिट्टू सिंह, रॉकेट मुर्मु, चंद्र प्रकाश, बाबूजी हेंब्रम सहित होमगार्ड के अनेक जवान शामिल थे।

## मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवा जी महाराज की जयंती मनी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेल सेवा संघ पतरातु के तत्वाधान में बुधवार को हिंदू हृदय सम्राट मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवा जी महाराज की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पटेल सेवा संघ के संयोजक सुजीत कुमार पटेल उनके चलचित्र पर पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर सुजीत पटेल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने ही देश को सबसे ज्यादा मुगलों के शासन से मुक्त कराया था। हालांकि शिवाजी महाराज खुद समावेशी सोच के राजा थे और उनकी सेना में प्रमुख पदों पर मुस्लिम समुदाय के भी सैनिक सेनापति थे। उन्होंने सबसे ज्यादा युद्ध मुगलों से ही किया था और बड़े बड़े मुगल साम्राज्य को युद्ध से ध्वस्त किया था। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज खासकर गोरिल्ला छापेमारी युद्ध कौशल नीति में माहिर थे। उनकी इस युद्ध नीति को आज भी याद किया जाता है। श्री पटेल ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जयंती समारोह में मुख्य रूप से सुजीत कुमार पटेल, मिथिलेश कुमार सिंह, रामयज्ञ सिंह, महेन्द्र महतो, देवनाथ चौधरी, रणधीर कपूर, वीरू सिंह, अनिल कुमार, संतोष, सुनील महतो, ऋषभ राज, धीरज पटेल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## इस वर्ष गर्मी में अभियान मोड में किया जायेगा जलापूर्ति का कार्य : उपायुक्त

- उपायुक्त ने की जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य करने का निर्णय लिया गया है। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत में कम से कम तीन-तीन जलापूर्ति योजनाओं को चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जानी है। इस संबंध में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हो रहे प्रतिवेदन के आधार पर सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं सहित अन्य को पंचायत वार टैग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।


बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा उपायुक्त के समक्ष कार्यालय में कर्मियों के कमी की बात को रखा गया जिस पर उपायुक्त ने आउटसोर्स के माध्यम से प्रखंड समन्वकों की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

ओडीएफ प्लस गतिविधियों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 74 वैसे गांव जिनकी वर्तमान में ओडीएफ प्लस के तहत किसी भी स्तर में रैंकिंग नहीं की गई है उन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द से सोखता गड्ढा का निर्माण सभी गांव में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने जो गांव मॉडल घोषित हो गए हैं उनके सत्यापन का कार्य अगले 15 दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू अंतर्गत बनाए जाने वाले शौचालय की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लाभुकों को प्रेरित करते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य के अनुरूप शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि गांव में कचरा प्रबंधन हेतु वर्तमान में 66 ई रिक्शा क्रय किया गया है जिनमें 8 वाहनों का संचालन किया जा रहा है इस पर उपायुक्त में कार्यपालक अभियंता को सभी 66 वाहनों का संचालन शुरू करने को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय करते हुए कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र निर्माण के संबंध में जानकारी देने के क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जिले के मांडू एवं गोला प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र का निर्माण किया जाना है जिसमें मांडू प्रखंड में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं विद्युत कनेक्शन होने के उपरांत केंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त ने विद्युत विभाग के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करते हुए केंद्र का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही गोला प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र के निर्माण हेतु अंचल अधिकारी गोला के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया।

जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन गांवों में 80 से 99% तक जलापूर्ति कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण हो गया है उन गांव में विशेष ध्यान देते हुए शत प्रतिशत घरों में जलापूर्ति कनेक्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# महाकुंभ ने सत्य सनातन के आस्था को वैश्विक आयाम मिला



केशवराज
प्रयाग राज से

**महाकुंभ** उतना ही विराट है जितना विराट सत्य सनातन की परम्परा और नियम है। अगर वैश्विक धर्म और सभ्यता की बात की जाए तो सनातन सबकी जननी है।

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ:**''प्रयागराज महाकुंभ में दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालु आते हैं जिनके आने से राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।'' उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने के लिए काम कर रहा है. यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलने के प्रयासों और नीतियों पर चर्चा की गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि पिछले 7 वर्षों के योजनाबद्ध प्रयासों के कारण उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सबसे अच्छी स्थिति में है और वर्ष 2024 में 75 हजार करोड़ से अधिक के सरप्लस बजट वाला राज्य बन गया है। ये वो पैसा है जो लोगों के काम आता है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कुंभ मेले और वहां गए लोगों के बारे में कहा की और कहा कि अगर वे गंगा में स्नान करेंगे तो उन्हें खाने के लिए भोजन मिलेगा? यह एक आम आदमी के शब्द हैं जो वहां चल रही व्यवस्थाओं के बारे में नहीं जानता है और यह संभावना नहीं है कि उसे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में लिया जाएगा जो कुछ भी नहीं जानता है क्योंकि वह उस पार्टी का अध्यक्ष है जिसने दशकों तक हमारे देश पर शासन किया है और वर्तमान में विपक्षी दल है।

**प्रयाग कुम्भ मेले में कितने लोग आये.?**

वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू, प्यू रिसर्च, पीआईबी, मीडिया द्वारा दी गई रिपोर्ट के मुताबिक... माघ पूर्णिमा (12 फरवरी) पर 55 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में पवित्र स्नान किया। भारत की जनसंख्या 143 करोड़ (अनुमानित) है। 55 करोड़ श्रद्धालुओं ने महाकुंभ मेले में पवित्र स्नान किया। भारत में हिंदू आबादी 110 करोड़ है (अनुमानित) भारत में 45.5% हिंदू या भारत की 35% आबादी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करती है।

**क्यों आ रहे हैं करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान करने..?**

कुम्भ मेले में भोजन यानि आर्थिक लेन-देन के माध्यम के रूप में किये जा रहे प्रयासों पर विचार करें।

मेले और मेले लोगों के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता के केंद्र हैं, इनसे लोगों की भूख मिटती है और सरकारों का खजाना भरता है।

हम वर्तमान प्रयागराज कुंभ मेला अवसर के उपलक्ष्य में वर्ष से ही इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में तेजी से वृद्धि देख रहे हैं। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले 45 दिवसीय कुंभ मेले के लिए गंगा-यमुना सरस्वती नदी के संगम के दोनों किनारों पर लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर लगभग ढाई महीने के लिए एक अस्थायी शहर बसाया गया था।

**कुंभ मेले में कार्य कर रहे अधिकारी का बयान इस प्रकार है:**



प्रयागराज कुंभ मेले में पवित्र स्नान करने आने वालों के लिए एक लाख पचास हजार शौचालय बनाए गए हैं (शुरूआत में अनुमान है कि 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु होंगे), इसे हमेशा साफ रखने के लिए 4,50,000 लोग, निगरानी के लिए 12,000 लोग और स्वच्छता कार्यक्रम देखने के लिए एक हजार अधिकारी और ये सभी अपने परिवारों के साथ यहां रहते हैं।

हमने इन सभी लोगों, जो कि चार लाख 75 हजार से अधिक लोग हैं, के लिए इन 45 दिनों के लिए और उसके पहले और बाद में भी आवास और भोजन की व्यवस्था की है। उनके बच्चों को क्या पढ़ना चाहिए? हमने उनके बच्चों की शिक्षा के लिए दो महीने के लिए विशेष स्कूल भी स्थापित किए हैं।

15 लाख विदेशी आ रहे हैं। हमने उनके लिए लग्जरी और अल्ट्रा लग्जरी टेंट लगाए हैं, न केवल कुंभ मेले के पवित्र स्नान के लिए बल्कि देश के प्रसिद्ध तीर्थस्थलों के दर्शन के लिए भी... शब्दों के पीछे वित्तीय लेनदेन हैं।

कुंभ मेले में प्रतिदिन लाखों लोग पवित्र स्नान करने आते हैं। इस दौरान 50,000 से अधिक सुरक्षा गार्ड, 6,000 से अधिक नाविक, हजारों दुकानदार जो अलग-अलग समय पर टीमों में आते हैं और अनुष्ठानों और पवित्र स्नान में मदद करते हैं, का काम बढ़ गया है। इससे रोजगार के कई अवसर भी पैदा होते हैं। यानी कम से कम 12 लाख से ज्यादा...बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर यहां पैदा होंगे। यात्रा एवं परिवहन सुविधाएं बढ़ेंगी। व्यापारी दूसरे शहरों से माल लाते हैं।

प्रयागराज कुंभ मेले का असर आसपास के जिलों और अन्य राज्यों पर भी पड़ता है। देश के अन्य राज्यों के श्रद्धालु सड़क, रेल और हवाई सेवाओं का उपयोग करते हैं। इससे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा. इसका मतलब यह है कि महाकुंभ मेला न केवल सामाजिक एकता प्रदान करता है बल्कि लोगों को आर्थिक सशक्तिकरण भी प्रदान करता है।

उत्तर प्रदेश सरकार विभिन्न तरीकों से आध्यात्मिक और धार्मिक यात्राओं और तीर्थयात्रियों को बढ़ावा देती है। ऑटो चालक, रिक्शा चालक, मंदिर स्थलों पर फूल बेचने वाले, माला बेचने वाले, स्मारिका बेचने वाले, पुस्तक विक्रेता, नाविक, होटल व्यवसायी जैसे छोटे पैमाने के विक्रेताओं की आय स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

कुंभ मेले के आसपास की पूरी व्यवस्था भारी आर्थिक विकास लाती है। महाकुंभ मेला आसपास के धार्मिक स्थलों जैसे वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, विंध्यवासिनी धाम और बिहार के गया के लिए भी आर्थिक लाभकारी है।

महाकुंभ मेला क्षेत्र 4,000 हेक्टेयर में फैला हुआ है। इसमें एक अस्थायी तम्बू शहर बनाया गया था। इस विशाल कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने रुपये खर्च किये हैं. इसमें 7,500 करोड़ से ज्यादा खर्च हुए हैं. ऐसा अनुमान है कि पवित्र स्नान के लिए न केवल पूरे भारत से बल्कि दुनिया भर से करोड़ों तीर्थयात्री आएंगे। आंकड़े बताते हैं कि 12 फरवरी को माघ पूर्णमी के दिन 50 करोड़ श्रद्धालु पवित्र स्नान करने आए हैं.

उत्तर प्रदेश सरकार के आर्थिक सलाहकार केवी राजू के मुताबिक, वित्तीय गतिविधियां तभी शुरू होती हैं जब आप सभी घर से निकलकर संगम पर स्नान करने पहुंचते हैं और घर लौटते हैं। उनका अनुमान है कि इन आर्थिक गतिविधियों का मूल्य 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक होगा.

महाकुंभ मेला 2025 सिर्फ आध्यात्मिक नहीं है, यह एक बड़ा वित्तीय अनुष्ठान है। उत्तर प्रदेश सरकार ने तीर्थयात्रियों के लिए बुनियादी ढांचे, पर्यटन और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया है। कुंभ मेला नोडल अधिकारी विजय आनंद ने कहा कि महाकुंभ करों, शुल्कों और अन्य शुल्कों से राज्य को 25,000 करोड़ रुपये की आय हो सकती है।

**नमामि गंगे, उत्तर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव के शब्दों में:**

पर्यटन क्षेत्र के विकास से राज्य की अर्थव्यवस्था को हर साल तीन लाख करोड़ रुपये की आय होती है। उन्होंने घोषणा की कि विभिन्न ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व के गलियारों के विकास के कारण इस वर्ष अब तक 60 करोड़ पर्यटक आ चुके हैं और कुंभ मेले के दौरान कम से कम 45 करोड़ पर्यटक आएंगे, जिससे पर्यटकों की संख्या 100 करोड़ से अधिक हो जाएगी।

**(विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय गौ रक्षा सहप्रमुख।)**

## कैमरे की नजर में

## फोटो न्यूज- समीर

**रांची शहर में नगर निगम कूड़ा उठाने के लिए एक बड़ी संख्या में कर्मचारी और वाहन तैनात कर रखा है। लेकिन हरमू नदी के किनारे का यह कचड़ा नदी को भी प्रदूषित करता है। साथ ही रांची रेलवे जक्शन के रास्ते में भी रेल यात्री बदबू से परेशान है। आखिर क्यों?**





# ..क्या ये सब आर्थिक जरूरतों के लिए आ रहे हैं..? लेकिन क्यों?

**महाकुंभ से उठते सवाल**

सिर्फ भोजन या वित्तीय लेनदेन ही नहीं, बल्कि सर्वोच्च लाभ ब्रह्मानंद, या मोक्ष है। मुझे लगता है कि उसने यह सवाल इसलिए पूछा क्योंकि उसे यह पता नहीं था।

यदि जो लोग केवल भोजन चाहते हैं वे आते हैं और पवित्र स्नान करते हैं, तो एडम अंबानी जैसे विदेशी, मूर्तिपूजक और स्वदेशी लोग क्या हैं, जिन्होंने करोड़ों रुपये का भुगतान किया है, अपने परिवारों के साथ आते हैं और पवित्र स्नान करते हैं।

क्या आदिमानव की तरह केवल भोजन के बारे में सोचना और उससे भी महान और उच्चतर चीजों की उपेक्षा करना उचित है..? क्या आपको लगता है कि जो लोग इन पर सवाल उठाते हैं वे अज्ञानी लोग हैं जो इनकी महानता को नहीं जानते?

एक बूढ़े व्यक्ति ने हमें एक प्राचीन उपनिषद कहानी के माध्यम से याद दिलाया है कि यदि भक्त यहां होने वाले विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान, कल्पवास, संकल्प, श्राद्ध



कर्म, जप, तप आदि का पालन करेंगे तो उन्हें क्या मिलेगा।

तैत्तिरीय उपनिषद के भृगुवल्ली में, जो सब से ऊंचा और महान है, उसे ब्राह्मण कहा जाता है, लेकिन उस ब्राह्मण का क्या अर्थ है?

जब वरुण पुत्र भृगु ने अपने पिता से पूछा तो उन्होंने सीधा उत्तर न देते हुए ब्रह्मा के गुणों का उल्लेख किया और कहा, आपको तपस्या करनी चाहिए और जानना चाहिए कि ब्रह्मा क्या हैं।

वह अपने पिता के कहे अनुसार तपस्या करता है और पहले 'रोटी ही ब्रह्म है' ऐसा सोचता है और अपने पिता को बताता है। वरुण फिर कहते हैं, 'तप करो और जानो।'

वह फिर से तपस्या करता है और इस बार उसे एहसास होता है कि ₹जीवन ब्रह्म है₹ और अपने पिता से कहता है... पिता फिर कहते हैं

### आखिरकार तपस्या करो और जानो।

इस प्रकार, भोजन, जीवन, मन और ज्ञान के बाद अलग-अलग तपस्या करके, अंततः यह जानना कि इनमें से कोई भी ब्रह्म नहीं है, अंततः यह जानना कि ₹आनंद ही वास्तविक ब्रह्म है₹, और तपस्या के माध्यम से वह जानता है कि उस ब्रह्मानंद को प्राप्त करने के लिए क्या उपासना करनी चाहिए।

कुंभ मेले में स्नान करना भी उन्हीं अनुष्ठानों में से एक है। श्रद्धालु कुंभ मेले में परम ब्रह्मानंद या मोक्ष के लिए आते हैं, भोजन के लिए नहीं। सभी करोड़ों लोग जानते हैं कि ₹आनंद ही ब्रह्म है₹, लेकिन कुछ लोगों के लिए, केवल चावल ही सर्वोच्च है। खाने के लिए कुंभ मेला लग रहा है या नहीं इसकी चिंता में डूबे ₹बेचारे₹ वहीं रुक गए.. खाने के पास.

# अघोर पंथ के कुछ ऐसे रहस्य जो सोचने पर करते हैं मजबूर, क्या महिलाओं का इस पंथ में है कोई स्थान?

विक्रांत चतुर्वेदी

अघोरी की दुनिया रहस्य और तंत्र से भरी हुई होती है, जबकि अघोर को संसार का सबसे सात्विक पंत माना गया है। भैरव और भैरवी की साधना करने वाले अघोरी तंत्र की दुनिया आपको चौंका देती है। सिद्धियां पाने की उनकी भूख कभी खत्म नहीं होती। ये एक ऐसी प्रक्रिया है जो उनके शरीर त्यागने का बाद ही मुक्त करती है।

हनुमान चालीसा में एक लाइन है, ''अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता असवर दीन जानकी माता'' कहने का तात्पर्य है कि भगवान हनुमान दुनिया में एक मात्र ऐसे हैं जिन्हें अष्ट सिद्धी प्राप्त हैं। यह उन्हें माता सीता द्वारा प्रदान की गईं थीं। यह सिद्धियां अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व हैं। वैसे तो अघोरी भगवान शिव द्वारा स्थापित माना जाने वाला एक रहस्यमयी साधना पंथ है और इनमें जो साधना की जाती है उनमें इन अष्ट सिद्धियों को प्राप्त करने का भी प्रयास होता है। मन में



सवाल था कि क्या महिलाएं भी इस पंथ का हिस्सा होती है?

अघोर पंथ को समझने और उससे जुड़े रहस्यों को जानने के लिए काशी विद्वत कर्मकांड परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य अशोक द्विवेदी से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि वैसे तो भगवान शिव को दुनिया का पहला अघोरी माना जाता है। लेकिन जब व्यक्तियों की बात की जाए तो सबसे पहले अघोरियों के रूप में बाबा किनाराम की पूजा की जाती है। वैसे अघोर साधना का सीधा संबंध पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के हिंगलाज देवी मंदिर से है। हिंगलाज भवानी इनकी प्रथम आध्या शक्ति हैं। हिंगुला शरीर के ऊपर के ब्रह्मरंध्र (सिर के ऊपरी हिस्से में स्थित एक छिद्र या मार्ग) को कहा जाता है, जहां से साधु संत अपने प्राण छोड़कर मुक्ति प्राप्त करते हैं।

इस पर उनका कहना था कि महिला अघोरी का कोई समावेश नहीं है। भगवान शिव के पांच रूपों को पंचवक्त्र या पंचमुखी कहा जाता है। इन पांचों रूपों का संयोजन ही पंचवक्त्र है। भगवान शिव के पांच मुखों को अघोर, सद्योजात, तत्पुरुष, वामदेव, और ईशान के नाम से जाना जाता है। उनका जो पांचवा वक्त्र है ''अघोर'' वो पार्वती रहित न होने के कारण वहां स्त्रीहीन माना जाता है। इस लिए अघोर पंथ में स्त्री का कोई स्थान नहीं है।

महिला अघोरी - फोटो : अक

अघोरी महिलाएं महाकुंभ के मेले में नजर आती हैं उन्हें क्या कहा जाएगा?

महिला अघोरी का भैरवी चक्र न होने कारण वह छद्म अघोरी ही कहीं जाएंगी। तंत्र शास्त्र में उनकी शाश्वत सत्यता स्वीकार्य नहीं है। महाकाल संहिता में भी इनका कहीं पर जिक्र नहीं मिलता है। जो महिलाएं तंत्र साधना कर रही हैं वो उनका अपना निर्णय हो सकता है। वास्तिवक तंत्र साधना में इनका कोई अस्तित्व स्वीकार्य नहीं है। शिव के सद्योजात, तत्पुरुष, वामदेव, और ईशान रूप को लेकर वो साधना कर सकती हैं और इसे स्वीकार्य किया जाता है, पर अघोर पंथ में उनके अस्तित्व के प्रमाण नहीं है।

# अमृत स्नान के बाद भी होटलों की चांदी, लग्जरी कॉटेज की हो रही खचाखच बुकिंग



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने शहर के पर्यटन और आतिथ्य उद्योग को काफी बढ़ावा दिया है। सरकार के मुताबिक अमृत स्नान संपन्न होने के बाद भी, प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं तथा होटलों, लॉज और लक्जरी कॉटेज की मांग उच्च बनी रहती है।

उत्तर प्रदेश सरकार के एक बयान के मुताबिक, मंगलवार को त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 55 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। 12 साल बाद आयोजित हो रहा महाकुंभ 13 जनवरी को शुरू हुआ और 26 फरवरी तक जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को कहा कि होटलों में बुकिंग दर में तेजी से वृद्धि हुई है।

विशेष रूप से मेला क्षेत्र में, जहां 26 फरवरी के बाद के लिए कमरों की अधिक मांग है। प्रयागराज होटल्स एंड रेस्तरां वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह का कहना है कि महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में आने वाले तीर्थयात्रियों से प्रयागराज में होटल और रेस्तरां उद्योग के मुनाफे में पांच से 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।ह्ल

मौनी अमावस्या की घटना (भगदड़) के बाद लोगों ने बुकिंग निरस्त करानी शुरू कर दी थी। छह-सात फरवरी से बुकिंग में तेजी आई और अब हालत यह है कि 27 फरवरी तक होटलों की बुकिंग लगभग फुल है।ह्वउन्होंने कहा कि प्रयागराज के सभी होटल व होम स्टे में कमरों के लिए भारी मांग है। यही नहीं मेला क्षेत्र में बने लग्जरी टेंट हाउस भी पूरी तरह

# महाकुंभ के सेंट्रल हॉस्पिटल की सुविधाएं देख अमेरिका, लंदन, ऑस्ट्रेलिया और इजरायल वाले भी दंग

प्रयागराज

महाकुंभनगर में अस्थायी हॉस्पिटल की जो व्यवस्था की गई है, उसने न सिर्फ देश बल्कि विदेशों से आए श्रद्धालुओं को भी चकित कर दिया है। अमेरिका, लंदन, ऑस्ट्रेलिया, इजरायल जैसे देशों के नागरिकों ने यहां की चिकित्सा सेवाओं को दुनिया में सबसे बेहतरीन करार दिया है।

दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन महाकुंभ में इस बार केवल आस्था ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं का भी अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। महाकुंभनगर में अस्थायी हॉस्पिटल की जो व्यवस्था की गई है, उसने न सिर्फ देश बल्कि विदेशों से आए श्रद्धालुओं को भी चकित कर दिया है। अमेरिका, लंदन, ऑस्ट्रेलिया, इजरायल जैसे देशों के नागरिकों ने यहां की चिकित्सा सेवाओं को दुनिया में सबसे बेहतरीन करार दिया है।

उन्होंने सेंट्रल हॉस्पिटल के रिकॉर्ड बुक में बाकायदा लिखा है कि योगी सरकार ने प्रयागराज में जो कर दिखाया, वैसा अब तक दुनिया के किसी देश में नहीं देखा गया। महाकुंभ में सोमवार की शाम तक कुल साढ़े सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं का उपचार किया गया है। जिसमें एम्स दिल्ली और आईएमएस बीएचयू के एक्सपर्ट की भी प्रमुख भूमिका है।

### विदेशी श्रद्धालु भी हुए मुरीद

महाकुंभ के सेंट्रल हॉस्पिटल में इलाज करा चुके यूके के कैटेनियन डेविडसन ने कहा कि इतनी शानदार चिकित्सा सुविधाएं पहली बार किसी अस्थायी अस्पताल में देखी हैं। अपने देश में भी अस्थायी अस्पतालों में इतनी बेहतर व्यवस्थाएं कभी नहीं देखीं। यह तो पूरी तरह से स्थायी लगता



है। इसी तरह इजरायल के डाइटेच ने कहा कि सेंट्रल हॉस्पिटल समेत महाकुंभनगर के सभी चिकित्सा केंद्र अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। हर मरीज की यहां पर गहन जांच हो रही है। जो बेहद प्रभावशाली तरीके से की जा रही है।

योगी सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था की दुनिया में मिसाल

लंदन के नेकेल ने आईसीयू प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ पांडेय और उनकी टीम की तारीफ करते हुए कहा कि मेरे भाई का समय पर इलाज कर हमें पूरी तरह संतुष्ट किया गया। भारत की सबसे बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं हमें यहीं महाकुम्भ में देखने को मिली हैं।ऑस्ट्रेलिया के डेनियल ने महाकुंभनगर की स्वास्थ्य व्यवस्था को बहुत ही प्रभावशाली करार दिया है। उनका कहना था कि इस सेंट्रल हॉस्पिटल के जरिए ही दुनिया के सबसे बड़े आयोजन की सार्थकता साबित हुई है।

### भारतीय श्रद्धालु भी संतुष्ट

वहीं, सुप्रीम कोर्ट के जज अनिमेष गुप्ता ने कहा कि योगी सरकार ने जिस तरह एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम और विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की है, वह काबिले तारीफ है। दिल्ली से आए वासु ने बताया कि मैं परिवार के साथ महाकुंभनगर में संगम स्नान के लिए आया था। यहां अचानक तबीयत खराब हो जाने से पूरा परिवार परेशान हो गया। इसके बाद लोगों ने सेंट्रल हॉस्पिटल में डॉक्टरों को दिखाने की सलाह दी। जैसे ही हम सेंट्रल हॉस्पिटल पहुंचे, वहां के एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम ने तुरंत हमारी जांच की और उपचार करने के बाद दवाएं उपलब्ध कराईं।

### साढ़े सात लाख श्रद्धालुओं का उपचार

महाकुंभ में सोमवार शाम तक 7.5 लाख श्रद्धालुओं को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं दी जा चुकी हैं। महाकुंभ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए एम्स दिल्ली और आईएमएस बीएचयू के विशेषज्ञ डॉक्टरों समेत पूरे देश की एक्सपर्ट टीम यहां तैनात है। अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ राकेश शर्मा, सेंट्रल हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज कौशिक के नेतृत्व में यहां एलोपैथी के 23 अस्पतालों में साढ़े पांच लाख से अधिक मरीजों का इलाज किया जा चुका है।

इसके अलावा पांच लाख से अधिक पैथोलॉजी टेस्ट किए गए हैं। वहां, 4000 छोटे और 12 बड़े ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। वहीं, डॉ. गिरीश चंद्र पांडेय ने बताया कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मनोज सिंह के नेतृत्व में टीम ने आयुष चिकित्सा से अब तक 2.25 लाख से अधिक मरीजों का उपचार किया है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



आमबगान साकची के मैदान में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान योद्धा और आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की यह भव्य प्रतिमा लगी है। अब इस मैदान को नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान के नाम से जाना जाता है।

# इस्ट प्लांट बस्ती में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 29 मार्च से 5 अप्रैल तक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन ईस्ट प्लांट बस्ती बमार्माइंस जमशेदपुर में 29 मार्च से 5 अप्रैल तक किया जाएगा। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए जल कलश यात्रा 29 मार्च शनिवार सुबह 7.00बजे से यज्ञ स्थल ईस्ट प्लांट बस्ती नियर टी टी एस मैदान से होगी। महायज्ञ लिए 30 मार्च रविवार पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश,अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्रज्ज्वलन होगा।

उक्त जानकारी आयोजन समिति के महासचिव राजेश झा व उनके सहयोगियों ने दी। उन्होंने बताया कि 30 मार्च से 5 अप्रैल तक नित्य हवन प्रातः 7 बजे सुबह से और रुद्राभिषेक दोपहर एक बजे तक आयोजित होगा जबकि सुंदर कांड का पाठ अपरान्ह 3.00 बजे से शुरु होगा। श्री त्रिदंडी स्वामी, संत सुंदरराज (यतिराज) जी महराज एवं कई संत और महात्मा के मुखारबिंद से प्रतिदिन सुंदर कांड का पाठ होगा।

झा ने बताया कि महायज्ञ की पूणार्हुति एवं विशाल भंडारा 5 अप्रैल को अपरान्ह 3.00 बजे से होगा।

पत्रकार वार्ता में कोषाध्यक्ष बिनोद शाही, गंगाधर पांडे, यज्ञ प्रभारी कुलवंत सिंह बंटी, प्रदीप कुमार झा, प्रदीप कुमार मलिक ,राज किशोर शाही, मनोज श्रीवास्तव, मोहन चौबे, दुर्गा राव, संतोष ठाकुर, संजय जी, अनमोल सिंह, जवाहर प्रसाद संजीव पांडे, राम सूरत राम, ब्यूटी तिवारी, अधिवक्ता विनीता मिश्रा , रिपु शर्मा, मुन्ना चौबे, प्रीति सिंह भी उपस्थित थे।




संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित राजेश झा,मनमोहन चौबे व अन्य पदाधिकारी।

## स्पीड न्यूज



### धातकीडीह में दिन दहाड़े मुन्ना घोष के बेटे शिवम की गोली मारी

**जमशेदपुर।** बुधवार के बेखौफ अपराधियों ने धातकीडीह में दिन दहाड़े मुखी बस्ती निवासी मुन्ना घोष के बेटे शिवम घोष को गोली मार दी। शिवम पैदल ही धातकीडीह मेन रोड पर अपने साथियों के साथ जा रहा था कि अपराधियों ने घेर कर उसे गोली मार दी। शिवम घोष का इलाज टीएमएच में चल रहा है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि घटना के बाद अपराधी आरामा से मौके से फरार भी हो गए। गोली लगने पर लोग शिवम को टीएमएच लेकर गये। घटना के बाद बस्ती वासियों ने मौके पर हंगामा शुरू कर दिया। बस्तीवासियों को नियंत्रित करने के लिए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष भी पहुंचे। सिटी एसपी ने घटना को सीसीटीवी में देखा और अधीनस्थ पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शिवम बाल कटाने के लिए धातकीडीह आया था तभी अपराधियों ने उसे गोली मारी।

### गम्हरिया में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

**गम्हरिया।** झामुमो की ओर से बुधवार को आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड 6 से 8 तक सदस्यता अभियान चलाया गया। आदित्यपुर नगर संयोजक शंकर मुखी के नेतृत्व में चलाए गए इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान करीब 500 महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया जिसका मौके पर उपस्थित झामुमो जिला संयोजक डॉ0 शुभेन्दू महतो और पूर्व प्रत्याशी गणेश महाली ने स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के क्रम में जिले के सभी गांवों से काफी संख्या में युवा और महिलाएं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

## विभाग के अधिकारियों को विधायक राजेश कच्छप कहा
# कार्य नही हुआ तो कार्रवायी के लिए तैयार रहें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- विभाग को पंचायत प्रतिनिधि से एनओसी लेना जरूरी
- 17000 घरों में नल कनेक्सन पर पानी नही पहुंचा
- 61 आंगनीबाड़ी केंद्र में बिजली कनेक्सन नही दिया

**ओरमांझी।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में खिजरी विधायक राजेश कच्छप द्वारा बुधवार को पीएचइडी व विद्यूत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। उन्होने गर्मी आने से पूर्व प्रखंड क्षेत्र की जनता को बिजली व पेयजल की समस्या न हो व कार्य पुरा करने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों से एनओसी लेना जरूरी बताया। बैठक में उपस्थित प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने पंचायत की समस्याओं को रखते हुए दोनो विभाग के कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दिये। चंदरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने डाटा प्रस्तुत करते हुए कहा 30-32 वर्ष पूर्व बिजली कनेक्सन हुए गांव में तार जर्जर हो चूके हैं। जिसे बदला नही गया। जर्जर तारे गिरने से मवेशी व लोगों की जाने भी जा चूकी है। मधुकमा में बिजली पोल कम पड़े तो विभाग द्वारा तार पेड़ों में लटका कर छोड़ दिया गया है। कई मुखिया, पंसस व प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया हर घर जल योजना के तहत जलमीनार बना, घरों में कनेक्षन भी गया। लेकिन पेयजल सफालाई नही दी गई। ओरमांझी में लगभभग 50 वर्ष पूर्व बने छोटा व जर्जर के स्थान पर बड़ा जलमीनार मिर्नाण कराने की मांग की गई। वहीं सीडीपीओ लक्ष्मी भारती बताया प्रखंड के 61 आंगनबाड़ी केंद्र में बिजली कनेक्सन नही है। कनेक्सन के लिए दिए गए आवेदन पर विभाग द्वारा उचित कार्रवायी नही हुई। जिसके कारण केंद्र का उपकरण नही चल रहे, बच्चे योजना का लाभ लेने से वंचित हैं। जिस गांव को आडीएफ घोषित किया गया है उस गांव में शौचालय भी नही बना है। वहीं पीएचइडी विभाग के समन्वय द्वारा एनओसी के लिए सहिया को धमकाने से ही गई गंभीर मामले रखी गई। विधायक ने दोनो विभाग के अधिकारियों को पंचायत प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर विधानसभा सत्र से पूर्व समस्याओं समाधान करने को कहा, पंचायत में कार्य हुए योजना का एनओसी पंचायत प्रतिनिधियों से लेना जरूरी होगा। पुछा जब घरों में पेयजेल पहुंचा नही तो मेंटेनेंष का कार्य कहां हो रहा है। उन्होने पंचायत प्रतिनिधियों को प्रत्येक वार्ड का लंबित कार्य योजना लिस्ट बनाकर विभाग को देने व विभाग के कर्मियों से कहा समय पर कार्य नही हुआ तो कार्रवायी के लिए तैयार रहे। बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने दोनो विभाग से गुगल सिट बाने को कहा, वहीं दोनो विभाग के एसडीओ तिलोसफर मिंज व सुनील कुमार शर्मा ने पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को हो रहे बिजली व पानी की समस्या जल्द निपटारा करने की आश्वसन दी गई। बाद में ग्रामीणों द्वारा समस्या से संबंधित आवेदन भी सौंपा गया। बैठक में प्रमुख अनुपमा देवी, उपप्रमुख रजिवान अंसारी, जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, पीएचइडी विभाग के जेई दिव्या हंसदा, कांग्रेस के वरिष्ट कार्यकर्ता सुरेश साहू, शंकर गुप्ता, प्रेमनाथ मुंडा तुलसी खरवार, रमेश उरांव, सभी पंचायत के मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य व मुख्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थें।



समीक्षा बैठक में बोलेते विधायक राजेश कच्छप।

## एक नजर में

### स्थल सत्यापन किये ही बन रहा है अबुआ आवास, रैयत ने किया विरोध



**खलारी।** खलारी प्रखण्ड क्षेत्र के हुटाप पंचायत में अबुआ आवास योजना में स्थल का सत्यापन किये ही दुसरो के जमीन पर कार्य शुरू करने का मामला प्रकाश में आया। शिकायत कर्ता सुरेश मुंडा,पूरण मुंडा व सुधीर मुंडा ने बताया कि मेरा जमीन भुइहरी जमीन जिसका खाता न0 53 प्लॉट न0 317 व 321अथवा खाता न0 26 प्लॉट न. 319,320 है। जिसमें फर्जी दावा करते हुए हुटाप निवासी सुरेंद्र लोहरा, बीरेंद्र लोहरा, दिलु लोहरा के द्वारा जबरन बल प्रयोग कर अबुआ आवास निर्माण किया जा रहा है। आवास निर्माण में कई बार रोक लगाने के बाउजूद भी निर्माण कार्य किया जा रहा है। वही इस संबध में आवास योजना प्रभारी सह प्रखण्ड समन्वयक किशोर कुजूर ने बताया कि जाँच कर कारर्वाई किया जायेगा। अगर मामला इस तरह से सामने आता है,तो उस योजना का रिकवरी भी किया जाएगा।

### दोमुहानी घाट पर स्वर्णरेखा महाआरती 26 को

**जमशेदपुर।** महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अगुवाई में सोनारी दोमुहानी संगम घाट पर स्वर्णरेखा महाआरती की जा रही है। आज आमंत्रण पत्र वितरण के कार्य का शुभारंभ करने से पहले रंकिणी मंदिर कदमा में कार्यकताओं ने पूजा अर्चना कर महादेव को प्रथम आमंत्रण पत्र समर्पित किया। इस दौरान मनोज झा,राजा मंडल, रोशन सिंह,किट्टू पाजी,आशीष मलिक सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कटे-फटे नोटों को बदलने का शिविर लगा

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर जमशेदपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा द्वारा आज बिस्टुपुर बाजार में कटे फटे नोटों के बदलने के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया जहाँ बिस्टुपुर बाजार के व्यपारियों के बीच पुराने नोटों के बदले नये का बदलने का कार्य किया गया। जहां काफी संख्या मे लोग लाइन लगा कर पुराने कटे एवं फटे नोटों के बदले नये नोट लिये। बैंक ऑफ बड़ौदा, बिष्टुपुर मुख्य शाखा के वरीय प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देश पर यह पुराने एवं कटे फटे नोटों के बदले नये नोट को देने हेतु शिविर लगाया गया था।

### सदस्यता शुल्क कम करने की मांग

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के महासचिव राजेश रंजन को अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल ने सदस्यता शुल्क को कम करने को लेकर ज्ञापन दिया, अधिवक्ताओं ने बताया कि बार एसोसिएशन के द्वारा 20000 रुपये शुल्क कर दिया गया जिसके कारण नए अधिवक्ता सदस्यता नहीं ले पा रहे हैं और स्टाइपेंड से भी वंचित हो रहे हैं,और जब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी एनरोलमेंट फी को राहत के लिए घटाकर 750 रुपये कर दिया गया तो सदस्यता शुल्क को क्यों नही कम किया जाए । इस संबंध में बार को निर्णय लेने की जरूरत है और शुल्क को पहले की तरह 5000 करना चाहिए, ताकि स्टाइपेंड के लिए अधिवक्ता आवेदन दे सके। आस पास के बार मे सदस्यता शुल्क इतना नही है,और शुल्क को चार गुना करना सही नही है। इस पर महासचिव ने कहा कि इस संबंध में कमेटी से बात की जाएगी और निर्णय ली जाएगी। अधिकताओं में अमर तिवारी, विनोद कुमार, धनंजय मिश्रा पुष्पा कुमारी ,विनोद शाह ,पंकज कुमार एवं अन्य अधिवक्ता गण शामिल थे।

### बर्मामाइंस कमेटी ने किया ज्योति को सम्मानित

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह मठारू को बुधवार को रांची में बमार्माइंस गुरुद्वारा कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। सरदार सतबीर सिंह सोमु के अनुसार सरदार ज्योति सिंह मठारू झारखंड निर्माण आंदोलन में काफी सक्रिय रहे और उनकी भूमिका को हेमंत सरकार ने आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित कर पहचान दी है। झारखंड का सिख समाज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करता है और ज्योति सिंह को बधाई देता है। आंदोलन में भाग लेकर और जोखिम लेकर ज्योति सिंह मठारू ने सिखों को गौरवान्वित होने का मौका दिया है।

### सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने कथा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा



**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा के तत्वावधान में सूर्यधाम परिसर स्थित भव्य श्रीराम मंदिर की पंचम वर्षगांठ पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा, नगर भ्रमण सह शोभायात्रा एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने मंदिर परिसर के शंख मैदान में बनाये जा रहे कथा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन के उपसमिति के सदस्यों से चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। इससे पहले, उन्होंने सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और आयोजन उपसमिति के सभी सदस्यों के साथ बैठक कर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवशयक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस आयोजन के तहत 21 फरवरी को नगर भ्रमण सह भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो सुगना कॉलोनी, बारीडीह मंदिर से सूर्यधाम तक पहुंचेगी। वहीं, 22 से 28 फरवरी तक संगीतमय श्रीराम कथा होगी, जिसमें श्रीधाम वृंदावन से आचार्य राजेंद्र जी महाराज श्रीरामचरितमानस की कथा का प्रवचन करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7:30 बजे तक चलेगी। इसके अलावा प्रतिदिन विशेष पूजन, हवन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे।

## झारखंड पब्लिक स्कूल मे विज्ञान प्रदर्शनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विज्ञानी सोंच की मॉडल प्रस्तुत करती छात्राए।

**ओरमांझी।** झारखंड पब्लिक स्कूल केदल में विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने मॉडल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश सहित मॉर्डन विलेज, मॉर्डन सिटी, पर्यावरण प्रदुषण, जल संरक्षण, सौर मंडल, मानव कंकाल तंत्र, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ज्वाला मुखी का मॉडल प्रस्तुत कर अपनी ज्ञान का प्रदर्शन किया। विजेता छात्र-छात्राओं में प्रथम प्रीति कुमारी के ग्रुप मॉडल सिटी, द्वितीय तमन्ना व ग्रुप के तितली का जीवन चक्र व तृतीय रौनक परवीन ग्रुप रेन वाटर हार्वेस्टिंग को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रचार्य फिरोज अंसारी ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी विज्ञानी सोंच की कमी नही है। अवसर व सुविधा मिले तो कई बच्चें विज्ञान के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर सकते हैं। मौके पर शिक्षक तारिक अनवर, रेशमा खातून, रंजीत कुमार, दिव्या सोरेंज, पिंकी शर्मा, अमित कुमार, नौशाद अंसारी सहित छात्र-छात्राऐं व अभिभावक आदि उपस्थित थें।

## खुले में चिकन-मटन दुकान पर कार्रवायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** मेसरा थाना पुलिस द्वारा बीआईटी चैक व आसपास क्षेत्र में खुले में चिकन-मटन ब्रिकी करने वालों के खिलाफ कार्रवायी की गई है। बुधवार को थाना प्रभारी संजीव कुमार पुलिस बल के साथ अभियान में निकले और नियम विरोध खुले में बिक्री कर रहे आधा दर्जन चिकन-मटन दुकानों को हटवा दिया गया। वहीं नियमों का पालन नही करने वाले अन्य दुकानों को भी लाइसेंस बनवा लेने व नियम विरोध दुकान लगाने पर कार्रवायी करने की चेतवानी दी गई। बताया गया कि प्रशासन द्वारा पूर्व में भी खुले में चिकन मटन बेचने वालों को चेतावनी दी गई थी। थाना प्रभारी व सब इस्पेंक्टर अभय कुमार ने बताया कि खुले में मांस मटन अंडा आदि दुकान पर प्रतिबंधित है। आम लोगों के स्वास्थ्य व संक्रमण बीमारियों की रोकथाम को लेकर यह कानून का अनुपालन कराना जरूरी है। पुलिस द्वारा विनम्रता पूर्वक दुकानदारों को समझा दी गई है। जा रही है। आगे से दुकानों को पूरी तरह ढांककर रखें। कोई भी दुकानदार खुले में मांस मछली बेचता है, उसपर आगे भी कर्रवायी होगी। पुलिस के इस कार्रवायी से खुले में दुकान लगाने वालों में हडकंप मच गया है।



चिकन मटन की दुकानों पर कार्रवायी करती पुलिस।

## श्री राम सेना चैती दुर्गा पूजा, रामनवमी पूजा समिति की पहली बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नामकुम।** मंगलवार को श्री राम सेना चैती दुर्गा पूजा, रामनवमी पूजा समिति की बैठक लोअर चुटिया हाई टेंशन परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में हर वर्स की भांति इस वर्स भी दस दिवसीय चैती दुर्गा पूजा रामनवमी पूजा को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। समिति के विकास जायसवाल ने कहा कि इस वर्स पंडाल मेला में नगरवासियों के लिए दस दिवसीय पूजा को और विस्तृत रूप से किया जाएगा। उन्होने सभी नगरवासियों से इसमें बढ़चढ़ कर सहयोग करने की बात कही। बैठक के दौरान संचालन समिति का पुर्नगठन किया गया साथ ही निर्णय लिया गया कि ससमय अतिथियों को आमंत्रण दे दिया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से विकास जायसवाल, दीपेश पाठक, भुनू साहू, राजेश पंडित, अनूप कुमार शर्मा, रवि राय, विष्णु वर्मा, मुकेश साहू, मनोज पंडित, असीमित राज, शिवम मोदी, निलेश कुमार, यशराज, राजू शर्मा नीरज, रोहित कुमार, विशाल कुमार, आकाश कुमार साहू आदि उपस्थित थे।



बैठक के दौरान उपस्थित समिति के सदसयगण।

## खलारी प्रखंड के मायापुर मुखिया को सर्वश्रेष्ट मुखिया के अवार्ड से सम्मानित किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** झारखंड शिक्षा परियोजना रांची की ओर से जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ सहदेव (जिला स्कूल)में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त रांची द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त रांची, जिला पंचायती राज पदाधिकारी (डीपीआरओ) जिला शिक्षा अधीक्षक अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहित शिक्षा के पदाधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम में रांची जिले के सभी प्रखंडों के शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले नामित श्रेष्ट मुखिया को सम्मानित किया गया। जिसमें खलारी प्रखण्ड के माननीय मुखिया पुष्पा खलखो, ग्राम पंचायत मायापुर को सर्वश्रेष्ट मुखिया के अवार्ड से सम्मानित किया गया। सभी अवार्डी माननीय मुखिया को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न और शाल देखकर सम्मानित किया गया।

## भाजपा रांची जिला ग्रामीण के सक्रिय सदस्यों की जांच एवं सत्यापन कार्य संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नामकुम।** बुधवार को सांसद समाधान केन्द्र सदाबहार चैक में भाजपा रांची जिला ग्रामीण के सक्रिय सदस्यों की जांच एवं सत्यापन का कार्य ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज के अध्यक्षता में किया गया। पार्टी के द्वारा नियुक्त सत्यापन पदाधिकारी के रूप में भाजपा नेता ओम सिंह एंव सह प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार उपस्थित थे। नेताद्वय द्वारा जिले में भाजपा नेताओं द्वारा सदस्यता अभियान के अवसर पर बनाये गये सक्रिय सदस्यों का जांच एवं सत्यापन किया गया। मौके पर ओम सिंह ने कहा कि मंडल गठन के लिए 50 प्रतिशत बुथों में सक्रिय सदस्य होना आवश्यक है। वहीं जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि पार्टी पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य होना जरूरी है। नेताद्वय द्वारा अभियान के दौरान कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ताओ से कई तरह की जानकारी ली गई। मौके पर सह सत्यापन पदाधिकारी प्रमोद सिंह, सुधाकर चैबे, रामकुमार दुबे, सूरजन गोडाईत, गोरखनाथ सिंह, अलखनाथ महतो, जगेश्वर महतो, अनिरुद्ध पांडे समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।




सक्रिय सदस्यता बुक की जांच एवं सत्यापन करते प्रभारी गण।

### कांके विधायक ने शशि मुंडा को प्रखंड खेलकूद एवं कला संस्कृति विभाग के प्रतिनिधि चुना, लोगो ने दी बधाई



**खलारी।** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा के द्वारा खलारी प्रखंड में खेलकूद एवं कला संस्कृति विभाग के प्रतिनिधि का लपरा पंचायत के शशि मुंडा को चुना। प्रतिनिधि चुने जाने डकरा अम्बेडकर पार्क मे अम्बेडकर साहब की प्रतिमा मे माल्यार्पण कर हर्षोल्लास के साथ विधायक प्रतिनिधि खलारी को कमल मुंडा,मोनू रजक, रंथू उराव, कन्हाई पासी, सुनील पाण्डेय, अब्दुल्ला अंसारी, जैनुल खान बधाई देकर नागरिक अभिनन्दन किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बांग्लादेश के खिलाफ जीत से शुरुआत करने उतरेगा भारत



### भारत और बांग्लादेश हेड टू हेड आंकड़े

भारत और बांग्लादेश की टीम के बीच अब तक अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में कुल 41 मैच खेले गए हैं। इस दौरान भारत ने 32 वनडे मैचों में जीत हासिल की है, जबकि बांग्लादेश की टीम भारत के खिलाफ सिर्फ 8 वनडे मैचों में जीत दर्ज कर पाई है। इन दोनों टीमों के बीच एक मैच बेनतीजा रहा है।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत-बांग्लादेश की टक्कर

बात करें, चैंपियंस ट्रॉफी की तो इन दोनों टीमों ने टूनार्मेंट के 27 सालों के इतिहास में सिर्फ एक बार ही एक दूसरे का आमना-सामना किया है। इस दौरान भारत ने बांग्लादेश को पर जीत दर्ज की थी। इन दोनों टीमों की टक्कर चैंपियंस ट्रॉफी 2017 के सेमीफाइनल में हुई थी, जिसे जीतकर भारत ने फाइनल में जगह बनाई थी। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए 264/7 रन बनाए थे। भारत ने 265/1 बनाकर 9 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में एंट्री मारी थी। इस मैच में रोहित ने नाबाद 123 और कोहली ने नाबाद 96 रनों की पारी खेली थी।

एजेंसी

**दुबई।** पिछली कुछ सीरीज में भारतीय टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और यही वजह है कि चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के प्रदर्शन पर काफी कुछ निर्भर होगा। भारत को इस टूनार्मेंट में जीत हासिल करनी ही होगी और गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाला उसका पहला मैच इस टीम से जुड़े मौजूदा सवालों को दूर करने की दिशा में पहला कदम होगा। हालांकि, प्लेइंग-11 को लेकर टीम मैनेजमेंट को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय टीम को अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलने हैं। ऐसे में प्लेइंग-11 में तीन स्पिनर रखा जाए या फिर तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरा जाए, यह सोचने का विषय होगा।

हालांकि, भारत तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकता है। अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद शमी का खेलना तय है। वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह में से सिर्फ दो गेंदबाजों को मौका मिल सकता है। हार्दिक पांड्या छठे गेंदबाज की भूमिका निभा सकते हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी से इन सवालों के जवाब ढूढ़ने हैं

भारत टूनार्मेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है, लेकिन क्या यह टीम चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति से उबरकर अच्छा प्रदर्शन कर पाएगी? क्या विराट कोहली और रोहित शर्मा अपने शानदार दिनों को वापस ला पाएंगे? क्या शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन करके कई देशों की मौजूदगी वाली प्रतियोगिता के दबाव को झेल पाएंगे? यह तो समय ही बताएगा, लेकिन आईसीसी टूनार्मेंट भारतीय खिलाड़ियों के लिए वरदान की तरह है। भारत के दिग्गज और युवा खिलाड़ी वनडे प्रारूप में सहज महसूस करते हैं और वे इस टूनार्मेंट में भी अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।



### गेंदबाजी में सही संतुलन बनाना भी चुनौती

हालांकि, गेंदबाजी में सही संतुलन हासिल करना बड़ी चुनौती होगी। मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नई गेंद के साझेदार के रूप में साथ निभाने के लिए अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से एक को चुना जाएगा। शमी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। राणा ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और वह सपाट पिचों पर भी अपनी गति और उछाल के साथ बल्लेबाजों को परेशान करने की क्षमता रखते हैं, लेकिन अर्शदीप बाएं हाथ के कोण और अपनी गेंदबाजी में मौजूद विविधता के कारण नई गेंद की जिम्मेदारी साझा करने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

### तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकता है भारत

इसके अलावा भारत के तीन स्पिनरों को खिलाने की संभावना है, जबकि हार्दिक पांड्या तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर होंगे। यहां भी भारत को इस बात पर विचार करना होगा कि रवींद्र जडेजा और अक्षर के बाद प्लेइंग-11 में तीसरा स्पिनर कौन होगा। भारत को बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के बीच से किसी एक को चुनने का मुश्किल फैसला करना होगा।

### कोहली-रोहित व गंभीर पर लटकी है तलवार

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कोहली, रोहित और यहां तक कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पास अधिक समय नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली असफलताओं से मिले झटके का असर कम नहीं हुआ है। एक और टूनार्मेंट में खराब प्रदर्शन इन तीनों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। हालांकि, कुछ अच्छे संकेत भी हैं। कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्धशतक बनाया, जबकि गंभीर के मार्गदर्शन में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 4-1 से और वनडे सीरीज में 3-0 की शानदार जीत दर्ज की।







### दोनों टीम इस प्रकार है

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह/हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती/कुलदीप यादव।

**बांग्लादेशः** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद हसन, तौहीद ह्रदय/जाकिर अली अनिक, मुशफिकुर रहीम, महमूदुल्लाह, मेहदी हसन मिराज, तास्किन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, नासुम अहमद, तंजीम हसन साकिब/नाहिद राणा।

## मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का निधन



**मुंबई।** मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे को बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। रेगे को कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां और आज सुबह छह बजे उनका निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं।उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1966 से 1977-78 तक कुल 52 मैच खेलते हुए 126 विकेट लिए। कुल 23.56 की और औसत से 1532 रन भी बनाए। मुंबई के पूर्व कप्तान ने 1960 और 70 के दशक में एक दशक से अधिक समय तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

## भारत ने रोमांचक मुकाबले में जर्मनी को हराया

**भुवनेश्वर।** भारत ने बुधवार को विश्व चैंपियन जर्मनी को 1-0 से हराकर एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष) सीजन में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। बुधवार को भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले गये मैच में भारत की ओर से गुरजंत सिंह ने मैच का एकमात्र गोल किया। यह गोल भारत के विजयी गोल रहा। इस जीत के साथ ही भारत अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया।

## स्पेन की महिला टीम ने भारत को हराया

**भुवनेश्वर।** स्पेन की महिला टीम ने बुधवार को एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के रोमांचक मुकाबले में भारतीय टीम को हराया। बुधवार को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारतीय महिला और स्पेन की टीम के बीच चारों क्वार्टरों में कड़ी टक्कर देखने को मिली। इस रोमांचक मुकाबले में स्पेन को 1-0 से जीत हासिल हुई।

## गिल और तीक्षणा एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर

एजेंसी

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 796 रेटिंग अंक के साथ पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ कर दुनिया के नंबर वन एकदिवसीय बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं श्रीलंका के महीश तीक्षणा ने 11 अंकों की छलांग लगाकर गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये है। बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार एकदिवसीय में शीर्ष 10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी हैं। इसमें गिल के अलावा रोहित शर्मा 761 अंके के साथ तीसरे स्थान पर, विराट कोहली 727 अंक के साथ छठे स्थान पर और श्रेयस अय्यर 679 अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं। श्रेयस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। गिल के रेटिंग अंक 796 हैं, जबकि बाबर का रेटिंग अंक 773 हैं। रोहित के रेटिंग अंक 761 हैं। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन 756 रेटिंग अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 740 रेटिंग अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलांका आठ स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर 713 अंकों के साथ सातवें स्थान पर और वेस्टइंडीज के शाई होप 672 अंक



के साथ दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 अंकों के साथ टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़ दिया है। राशिद खान के रेटिंग अंक 679 है। गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप-10 में दो भारतीय कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज हैं। कुलदीप को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 652 अंके साथ चौथे स्थान पर तथा मोहम्मद सिराज 624 अंके साथ 10वें स्थान पर बने हुए है। नामीबिया के बर्नार्ड शोल्ज 662 अंके साथ तीसरे, पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी 646 अंके साथ पांचवें, दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज 642 अंके साथ छठे, न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर 639 अंक के साथ सातवें,न्यूजीलैंड मैट हेनरी 632 अंके साथ आठवें और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती 632 रेटिंग अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं।

### गेंदबाजों को भरदम कूटा तो बल्लेबाजों की तोड़ी कमर, न्यूजीलैंड के आगे पाकिस्तान ने यूं घुटने

## न्यूजीलैंड ने गत चैंपियन पाकिस्तान को 60 रनों से हराया

- चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में हारी पाकिस्तान
- टूनार्मेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है पाकिस्तान
- रुर्के-सैंटनर को तीन-तीन विकेट
- न्यूजीलैंड ने जीत के साथ की शुरूआत



एजेंसी

**कराची।** बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मुकाबले में 60 रनों से हराकर जीत से शुरूआत की। न्यूजीलैंड ने टॉम लाथम और विल यंग के शतकों से 50 ओवर में पांच विकेट पर 320 रन बनाए थे। जवाब में गत चैंपियन पाकिस्तान की पूरी टीम 47.2 ओवर में 260 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान के लिए खुशदिल शाह और बाबर आजम ने अर्धशतक जड़े, लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं रहे। न्यूजीलैंड की ओर से कप्तान मिचेल सैंटनर और विलियम ओ रुर्के ने तीन-तीन विकेट झटके, जबकि मैट हेनरी को दो और माइकल ब्रेसवेल तथा नाथन स्मिथ को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और 69 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे। बाबर आजम ने 90 गेंदों पर 64 रन बनाए, लेकिन उनकी पारी काफी धीमी रही जिससे बल्लेबाजों पर रन गति बढ़ाने का दबाव बढ़ा। खुशदिल ने अंत में कुछ शॉट लगाए, लेकिन वह भी 49 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 69 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान के लिए बाबर और खुशदिल के अलावा सलमान आगा ने 24 रन, सऊद शकील ने 6, मोहम्मद रिजवान ने 3, तैयद ताहीर ने 1, शाहीन अफरीदी ने 14, नसीम शाह ने 13 और हारिस रऊफ ने 19 रन बनाए। इससे पहले, न्यूजीलैंड ने विल यंग और टॉम लाथम के शतक तथा ग्लेन फिलिप्स के अर्धशतक की मदद से पाकिस्तान के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। यंग ने लाथम के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई जिससे न्यूजीलैंड की पारी संभली। यंग 113 गेंदों पर 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 107 रन बनाकर आउट हुए, जबकि टॉम लाथम 104 गेंदों पर 10 चौके और तीन छक्के के दम पर 118 रन बनाकर नाबाद लौटे। फिलिप्स भी पचासा लगाने में सफल रहे और 39 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 61 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान की ओर से तेज गेंदबाज नसीम शाह और हारिस रऊफ को दो-दो विकेट मिले।

### यंग और लाथम ने ठोका शतक

सलामी बल्लेबाज विल यंग और विकेटकीपर टॉम लाथम ने न्यूजीलैंड के लिए शतकीय पारी खेली। यंग ने 113 गेंद में 107 रन बनाये जबकि लाथम 118 रन पर नाबाद रहे। ग्लेन फिलिप्स ने नेशनल स्टेडियम पर खेले जा रहे मैच में 39 गेंद में 61 रन बनाये। यंग ने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया जबकि लाथम ने 10 चौके और तीन छक्के जड़े।

**शुरूआत में गेंदबाजों का था दबदबा :** युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह ने केन विलियमसन का कीमती विकेट लिया जो पिछली 35 वनडे पारियों में पहली बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने विकेट के पीछे मोहम्मद रिजवान को कैच थमाया। चोट के बाद वापसी कर रहे हारिस रऊफ ने डेरिल मिचेल को पवेलियन भेजा जो खराब पूल शॉट खेलकर शाहीन शाह अफरीदी को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे सबसे पहले आउट हुए। अबरार अहमद ने आठवें ओवर में कैरम बॉल पर उन्हें रवाना किया।

**पाकिस्तान की बैटिंग फेल रही :** पाकिस्तान की शुरूआत काफी धीमी रही। फखर जमान फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। इसी वजह से ओपनिंग करने नहीं उतरे। उनकी जगह आए साउद शकील बुरी तरह फेल रहे। 19 गेंदों पर उनके बल्ले से 6 रन निकले। कप्तान रिजवान (6) भी फेल रहे। बैटिंग पावरप्ले के बाद पाकिस्तान ने सिर्फ 22 रन बनाए थे।

## बेरेटिनी से हारे जोकोविच, मुकोवा के खिलाफ हारी राडुकानु

एजेंसी

**दुबई।** नोवाक जोकोविच मंगलवार को कतर ओपन टेनिस टूनार्मेंट के पहले दौर में मातियो बेरेटिनी के हाथों शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे सर्बिया के जोकोविच को सीधे सेट में 6-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच की इटली के खिलाड़ी के खिलाफ पांच मैच में यह पहली हार है। जोकोविच को अब एटीपी टूर पर 100 खिताब जीतने वाले जिमी कोनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) के क्लब में शामिल होने के



लिए और इंतजार करना होगा। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन पैर की मांसपेशियों की चोट के कारण उन्हें एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ मैच के बीच से हटना पड़ा। जोकोविच ने कहा कि उन्हें कोई दर्द या परेशानी महसूस नहीं हुई। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ एक बेहतर खिलाड़ी से हार गया। मैं अपने वांछित स्तर पर नहीं था और यह हो सकता है कि मैं अब भी उस तरह से मूव नहीं कर पा रहा हूं जैसा कि मैं चाहता हूं। लेकिन मैं बिना दर्द के खेला इसलिए इसमें कोई बहाना नहीं है। बेरेटिनी ने अपने करियर में 10वीं बार शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ जीत हासिल की और दूसरे दौर में टेलोन ग्रीक्सपूअर का सामना करेंगे। मंगलवार को ही दूसरे वरीय एलेक्स डि मिनोर ने रोमन सफीउलिन को 6-1, 7-5 से हराया। वहीं, ब्रिटेन की ऐमा राडुकानु को दुबई टेनिस चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में कैरोलिन मुकोवा के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। राडुकानु ने दूसरे सेट में 0-4 से पिछड़ने के बाद सेट को टाईब्रेकर में खींचा लेकिन मुकोवा को 6-7, 4-6 से जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाईं। अमेरिकी ओपन 2021 चैंपियन राडुकानु मंगलवार को दूसरे गेम के बाद अंपायर की कुर्सी के पास जाते समय रोती हुई दिखाई दीं और कोर्ट दो पर उनके मुकाबले को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। अंपायर ने तुरंत टूनार्मेंट के आयोजकों को बुलाया जबकि मुकोवा ने भी उन्हें सांत्वना दी। इसके बाद राडुकानु ने एक तौलिया उठाया, अपना चेहरा पोंछा, सिर हिलाया और मैच जारी रखा। महिला टूर के आयोजकों ने बाद में एक बयान जारी कर कहा कि राडुकानु से सोमवार को एक व्यक्ति ने संपर्क किया था जिसने सार्वजनिक स्थान पर अड़ियल व्यवहार किया और मंगलवार को मैच के दौरान पहली कुछ पंक्तियों में इसी व्यक्ति की पहचान की गई और बाद में उसे बाहर निकाल दिया गया।

## दिल्ली ने यूपी वॉरियर्ज को सात विकेट से हराया



एजेंसी

**वड़ोदरा।** कप्तान मेग लानिंग (69) और ऐनाबेल सदरलैंड (नाबाद 41) की शानदार पारियों की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के छठे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज को सात विकेट से हरा दिया। दिल्ली की तीन मैचों में यह दूसरी जीत है। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शेफाली वर्मा और कप्तान मेग लानिंग की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। दीप्ति शर्मा ने शेफाली वर्मा (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद जेमिमाह रॉड्रिग्स बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गई। कप्तान मेग लानिंग ने 49 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए (69) रनों की पारी खेली। ऐनाबेल सदरलैंड (41) और मैरीजान कप्प (29) रन बनाकर नाबाद रही। दिल्ली कैपिटल्स ने 19.5 ओवर में तीन विकेट पर 167 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

# दुमका : एसकेएमयू के पीजी में नामांकन के लिए मेधा सूची हुआ जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में गुरुवार को पीजी नामांकन के लिए मेधा सूची जारी हुआ। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय की ओर से 2 से 16 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन के लिए चांसलर पोर्टल खोला गया था। इस दौरान कुल 7248 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न 5 कॉलेजों में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। कई विषय ऐसे हैं। जिनमें उपलब्ध सीटों से अधिक छात्रों ने नामांकन के लिए आवेदन किया है। जिसमें मुख्य रूप से भूगोल, हिंदी, इतिहास, संथाली, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, गणित, जन्तु विज्ञान आदि विषय शामिल हैं। जिस विषय में उपलब्ध सीटों से अधिक छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। उसकी मेधा सूची बनेगी। शेष अन्य विषयों में उपलब्ध सीटों से कम छात्रों ने आवेदन किया है। उनमें सभी छात्र नामांकन ले सकेंगे। विवि परिसर के पीजी विभाग में नामांकन लेने के इच्छुक छात्रों का प्रमाण प्रत्र सत्यापन विवि के पीजी ऑफिस और मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जाएगा। इसके लिए कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर डीएसडब्ल्यू ने विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के सहायक प्रोफेसर के नेतृत्व में छह टीमों का गठन किया। उक्त दस्तावेज सत्यापन टीम में डॉ अरिजीत, डॉ अनिता हेम्ब्रम, डॉ कमल शिवकांत हरि, डॉ गणेश, कृष्णा कुमारी, डॉ अमित मुर्मू, डॉ निर्मल मुर्मू, डॉ हिमाद्री दत्ता, डॉ सुनील यादव, डॉ ज्ञान चंद एवं विभिन्न विभागों के जेआरएफ शोधकर्ता शामिल थे। सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ पूनम हेम्ब्रम ने कहा कि मेधा सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। कोई भी छात्र सूची में अपना नाम देखकर गुरुवार से दस्तावेज सत्यापन करा नामांकन ले सकतें है।

### पीजी सेमेस्टर-3 समेत 2 व अन्य परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने कुल तीन परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी। जिसमें पीजी सेमेस्टर-3 के साथ बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-4 की परीक्षाएं भी शामिल हैं। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने बुधवार को उक्त परीक्षा के लिए फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। पीजी सेमेस्टर-3 का परीक्षा फॉर्म बिना विलंब शुल्क के 25 फरवरी से 4 मार्च तक भरे जायेंगे। जबकि 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ 5 से 7 मार्च तक फार्म भरे जा सकेगे। विलंब शुल्क 500 रुपये के साथ 8 से 10 मार्च तक परीक्षा फार्म भरे जायेंगे। बीबीए बीसीए सेमेस्टर-4 के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 22 फरवरी से 1 मार्च तक निर्धारित है।

# बोकारो : जागरुकता कार्यक्रम में इस्पातकर्मियों ने ली सुरक्षा-शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 81 अधिकारियों-कर्मचारीगण तथा निविदा-कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं विभाग से जीएम विकास गुप्ता एजीएम शुकदेव महतो सहायक प्रबंधक विराट चौधरी तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से एजीएम दिलीप तिर्की उपस्थित थे। सहायक प्रबंधक विराट चौधरी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में जीएम विकास गुप्ता ने इस कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व की जानकारी दी एवं सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। सहायक प्रबंधक विराट चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। तत्पश्चात ऊर्जा प्रबंधन विभाग के एजीएम दिलीप तिर्की ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को गैस सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक विराट चौधरी ने किया।

कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान था।

## एक नजर में

### एमजी कॉलेज में आपदा प्रबंधन को लेकर सेमिनार का हुआ आयोजन





रानेश्वर। मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज में आईक्यूएसी के तत्वावधान में भूगोल विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन को लेकर बुधवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो नव कुमार पाल ने बताया कि आपदा प्रबंधन की जानकारी हर विद्यार्थियों को होनी चाहिए। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो आबिद रजा ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न उपायों पर चर्चा किया। भूगोल के विभाग अध्यक्ष प्रो हुमायूं कबीर में विश्व में घटित हो रहे हैं विभिन्न प्रकार के आपदाओं की चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन आपदाओं में कुछ प्राकृतिक जनक है। भूगोल विभाग के प्रो जय मंगल राय ने बताया कि आपदा प्रबंधन आज मनुष्य के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। इसे ठीक से सीखने की जरूरत है। दर्शन विभाग के डॉ रूपम कुमारी ने आपदा प्रबंधन के लिए जागरूकता फैलाने का आवाह्न किया। मौके पर प्रशांत पातर आदि मौजूद थे।

### दुमका : झामुमों ने चलाया सदस्यता अभियान

दुमका। सिदो कान्हू चौक(पोखरा चौक) में झारखंड मुक्ति का सदस्यता अभियान बुधवार को चलाया गया। सदस्यता अभियान जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें शहर के लोगों ने सदस्यता रसीद कटवा कर सदस्यता प्राप्त की। जिसमें मुख्य रूप से जामा विधायिका डॉ लुइस मरांडी, जिला सचिव निश्चित बरन गोलदार, जिला प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष चंदन भुवानिया, नगर प्रभारी रवि यादव, शिवेंदु चक्रवर्ती, सुमंत यादव,राजेश सिंह, पराक्रम शर्मा, गौरव झा, मृणाल झा, अमित रक्षित, सोनु शेख, इंदु चोबे, गीता देवी, कृष्णा देवी आदि समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बेरमो थाना परिसर में पेवर ब्लॉग के कार्य का विधायक कुमार जयमंगल ने किया शिलान्यास

बेरमो। बेरमो थाना परिसर में पेवर ब्लॉक बिछाने का शिलान्यास बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने किया साथ ही बेरमो अनुमंडल के तूरियो भंडारी व चंद्रपुरा मैं करोड़ों की लागत पीसी सी पथ एवं फेबर ब्लॉक नाला का शुभ शिलान्यास किया साथी ही नगर परिषद में खड़े स्वीपर मशीन को जल्द से जल्द चालू करने के लिए नगर कार्यपालक को कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया क्षेत्र में जन समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।

### पेटरवार प्रखंड के सदमा, ओरदाना और पतकी में विशेष राजस्व शिविर आयोजित

बेरमो। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले के विभिन्न अंचलों में चल रहे विशेष राजस्व शिविरों के तहत मंगलवार को पेटरवार अंचल के सदमा, ओरदाना और पतकी में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया और खतियानी रैयत के उत्तराधिकार, आपसी बंटवारे एवं दाखिल-खारिज, जाति, आवासीय, आय से संबंधित आवेदन जमा किए। शिविर में पेटरवार सीओ अशोक राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं मौके पर ही हसीना खातून, आशीष मुण्डा का तुरंत ही आवेदन का सत्यापन भी किया गया। जबकि सुनीता मुण्डा का जाती प्रमाणपत्र निर्गत किया गया। साथ ही मौके पर कई मामलों का निपटारा किया। सीओ ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों का त्वरित समाधान करना है, जिससे लोगों को अनावश्यक दौड़भाग से राहत मिले। शिविर में हल्का कर्मचारी एवं अन्य अंचल कर्मियों ने भी भाग लिया और आमजन की समस्याओं को सुना। विशेष शिविर 3 मार्च तक जारी रहेंगे और जिले के विभिन्न हल्का क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे।

### जरीडीह प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में अमन पैंथर ने तरुण डिफेंडर्स को हराकर जमाया कब्जा

बेरमो। जरीडीह बाजार ग्राउंड में चल रहे जरीडीह प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मैच अमन पैंथर तथा तरुण डिफेंडर्स के बीच खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए अमन पैंथर ने 129 रनों का लक्ष्य दिया वहीं तरुण डिफेंडर ने स्कोर का पीछा करते हुए 116 रण में ही सिमट गई। बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी तथा मेडल देकर सम्मानित किया मैन ऑफ द मैच अमन कुमार को दिया गया ।

## स्पीड न्यूज

### दुमका : ट्रेन से कटकर युवक की गयी जान

**शिकारीपाड़ा।** दुमका शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के पिनरगड़िया रेलवे स्टेशन के पास बुधवार को दुमका रामपुरहाट रेलवे ट्रैक से एक युवक का क्षत विक्षत शव बरामद किया गया। बरामद शव की पहचान पिनरगढ़िया गांव के ही इमाम अंसारी उम्र लगभग 18 वर्ष के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार इमाम अंसारी अपनी मां की बीमारी को लेकर काफी उद्वेलित रहता था। इमाम अंसारी की मां गोलेनूर बीवी किडनी की बीमारी से गंभीर रूप से बीमार चल रही हैं। इमाम अंसारी के पिता नहीं है और दोनों भाई मजदूरी कर घर चला रहे थे। घटना की सूचना पाकर पहुंची शिकारीपाड़ा पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण हेतु अस्पताल भेज दिया है और मामले की छानबीन की जा रही है।

### बोकारो : जैक की 10वीं की परीक्षा में पकड़े गये मुन्ना भाई



बोकारो। बोकारो में जैक की ओर से संचालित मैट्रिक परीक्षा के दौरान किसी और परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहा एक छात्र पकड़ा गया। उसे तत्काल परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया। मामला चास प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनाबाद सेंटर का है। परीक्षा केंद्र में वीक्षक द्वारा छात्रों के एडमिट कार्ड का सत्यापन क्रम में पाया गया कि राज कुमार गुप्ता नामक एक छात्र एक अन्य छात्र दयाल कुमार बाउरी के नाम का एडमिट कार्ड लेकर बैठा है। वीक्षक द्वारा संदेह होने पर संबंधित छात्र के एडमिट कार्ड एवं उसके आधार कार्ड का मिलान किया गया, जिसमें अंतर पाया गया। इसके बाद वीक्षक ने पूरे मामले की जानकारी केंद्राधीक्षक को दी। केंद्राधीक्षक ने मामले से जिले के वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए संबंधित छात्र को निष्कासित करते हुए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। इस संबंध में जिला डीईओ जगरनाथ लोहरा ने बताया कि मामले से झारखंड अधिविद्य परिषद को अवगत करा दिया गया है।

### अंडर-23 क्रिकेट का पहला मैच लोहरदगा व गढ़वा के बीच होगा

दुमका। राज्य क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ एटीएम ग्राउंड में होगा। गुरुवार को पहला मुकाबला लोहरदगा और गढ़वा के बीच होगा। 28 फरवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में लोहरदगा गढ़वा के अलावा रांची, धनबाद, गुमला और जामताड़ा की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में जिला क्रिकेट संघ द्वारा तैयारी की गई है। बुधवार को भी संघ के पदाधिकारी स्टेडियम में तैयारी का जायजा लेते रहे। जेएससीए के तत्वाधान में आयोजित होने वाले अंडर 23 जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम बुधवार को गुमला के लिए रवाना हुई। जहां उसका पहला मुकाबला 21 फरवरी को पश्चिमी सिंहभूम से होगा। 16 सदस्य टीम के कप्तान अंकुश रावत को बनाया गया है। इसके अलावा टीम में लक्ष्मण यादव, अंकित रावत, कुणाल यादव, सचिन मुंडा, प्रीत सिंह, विकास कुमार सिंह, देवराज गुप्ता, ऋषि शर्मा, रज्जाक अंसारी, उल्लास महतो, अभिषेक मंडल, रोनित कुमार, जयकांत मंडल, तुषार कुमार जयसवाल तथा आयुष कुमार सिंह को शामिल किया गया है। टीम के मैनेजर दिनेश कुमार दिनेश कुमार सिंह को बनाया गया है।

### सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर एसडीओ चास ने की बैठक, कहा

# परिवहन नियमों की अनदेखी पर ट्रांसपोर्टर पर होगी सख्ती

- डीटीओ ने कहा कि वाहनों के साथ संबंधित ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध भी नियम संगत कार्रवाई होगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा की अध्यक्षता में जिले में संचालित सीटीपीएस/बीटीपीएस प्रबंधन के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की गई।

मौके पर डीटीओ वंदना शेजवलकर एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे। बैठक में डीटीओ ने बताया कि मालवाहक वाहनों का परिचालन खलासी द्वारा किए जाने व ओवरलोड एवं छाई/कोयले के ढुलाई क्रम में तिरपाल का इस्तेमाल नहीं करने से सड़क दुर्घटनाएं होती है।

मौके पर एसडीओ चास ने कहा कि पीएसयू अपने यहां संचालित वाहनों में सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में परिवहन नियमों की अनदेखी नहीं हो। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में परिवहन विभाग एवं उनके द्वारा सघन वाहन जांच अभियान दिन व रात में चलाया जाएगा। अगर किसी भी परिस्थिति में परिवहन नियमों/यातायात नियमों/मोटर वाहन अधिनियम आदि की अनदेखी पाई जाती है, तो कार्रवाई के साथ जुमार्ना वसूला जाएगा।

बैठक के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि वाहनों के साथ संबंधित ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध भी नियम-संगत कार्रवाई होगी। इसलिए ट्रांसपोर्टर सुनिश्चित करेंगे कि उनके वाहन में सभी वैद्य दस्तावेज उपलब्ध हो- वाहनों का बीमा व टैक्स आदि अपडेट हो।

# बीएसएल के सीओ एवं सीसी विभाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीओ एवं सीसी विभाग में जीएम भूषण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभाग के अधिशासी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यशाला का संचालन बीएसएल के राजभाषा अधिकारी डीजीएम आलोक कुमार तथा एजीएम मानस चंद्र रजवार द्वारा किया गया। कार्यशाला में राजभाषा विभाग की तरफ से प्रधानाचार्य डॉ एनके राय उपस्थित थे। कार्यशाला में उप प्रबंधक लखविंदर सिंह ने सभी का स्वागत किया एवं तत्पश्चात बीएसएल के राजभाषा अधिकारी डीजीएम आलोक कुमार ने हिंदी का राजभाषा के रूप में महत्व व इसकी उपयोगिता तथा संविधान में इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा संसदीय राजभाषा समिति की अपेक्षाओं के अनुरूप हिंदी पत्राचार में यूनिकोड का अधिकाधिक प्रयोग करने की अपील की। कार्यशाला में हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। कार्यशाला में उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन विभाग के उप प्रबंधक लखविंदर सिंह ने किया।

# बेरमो : याद किये गये छत्रपति शिवाजी, लगा रक्तदान शिविर





खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर समर्पण एक नेक पहल की ओर से महिला मण्डल करगली में रक्तदान शिविर सह बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता संस्था के चंदन कुमार चौहान ने किया। उद्घाटन मुख्य अतिथि बेरमो सीओ संजीत कुमार, विशिष्ठ अतिथि बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, संस्था के चंदन कुमार चौहान एवं अतिथियो ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि सीओ कुमार, थाना प्रभारी सिंह ने कहा कि देश के महान सपूत वीर शिवाजी के कार्यों की सराहना की। हम सबों को आज पुण्य प्रतापी राजा वीर शिवाजी से प्रेरणा लेकर स्वंय को सशक्त, साहसी और भारत को अक्षुण्ण रखने में पूर्ण सक्षम बनाना ही होगा। साथ ही रक्तदान शिविर में हेल्थ प्वाइंट ब्लड सेंटर रांची के द्वारा किया गया। जिसमे प्रवीण कुमार, रामप्रवेश, साजिद अंसारी, उर्मिला कुमारी ने रक्त दाताओ से लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रह किया। मौके पर महरुद्र सिंह, अध्यक्ष सत्येंद्र चौहान, अर्चना सिंह, कैलाश ठाकुर, भरत वर्मा, विनोद चौहान, बुक्कू दा, गुड्डू शर्मा, बबलू सिंह, शंभू पंडित, किशोर, परमानंद सिंह, जयंतिका, मंजू, परमिंदर, इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# दुमका : फंदे से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता



छानबीन करने पहुंची पुलिस।

**दुमका।** शहर के नगर थाना क्षेत्र के जरुआडीह इलाके में मो आर्यन नामक 22 वर्षीय युवक का शव मिला है। परिजनों का कहना है कि यह हत्या है और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात घर से मृतक आर्यन निकला था। बुधवार को शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक आर्यन के भाई मो सिद्दीकी ने बताया कि मंगलवार रात 8 बजे मेरी नजदीक के ही चौक पर मुलाकात हुई थी। उसे घर जाने को कहा। देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो हमलोगों ने उसे फोन लगाया। काफी रिंग हुआ पर उसने फोन नहीं उठाया। सुबह पड़ोसी ने जानकारी दिया कि जरुवाडीह बस्ती के आगे सुनसान इलाके में आर्यन का शव है। सिद्दीकी ने बताया कि वह पांच भाई हैं। आर्यन सबसे छोटा था। आर्यन मेन रोड स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करता था। कुछ ही दिनों के बाद जो दुमका में हिजला मेला लगने वाला है। उसमें एक दुकान भी खोलने वाला था। सिद्दीकी ने जोर देकर कहा कि भाई आत्महत्या करने वाला इंसान नहीं था। निश्चित रूप से उसकी हत्या की गई है और घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। उसने दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ विजय कुमार महतो, नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद व फॉरेंसिक जांच टीम मौके पर पहुंची। स्वान दस्ता भी बुलाया गया। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। जब मृतक मो आर्यन के कपड़ों की तलाशी ली गई, तो एक मोबाइल और एक पर्स बरामद हुआ है। उसने कान में आईपॉड भी लगा रखा था। सभी सामान का पुलिस जांच कर रही है।

#### क्या कहते हैं एसडीपीओ

**घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ विजय कुमार महतो ने कहा कि 22 वर्षीय युवक का शव मिला है। इस मामले में अनुसंधान के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।**

# कसमार : वन समितियों को सक्रिय करने को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री श्रीकीर्ति वर्धन सिंह के कसमार प्रखंड के भ्रमण के दौरान उत्तरी छोटानागपुर केंद्रीय वन पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विष्णुचरण महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के संबंध में महतो ने बताया कि तत्कालीन बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के संकल्प संख्या 5244/ व०प० दिनांक 08/11/1990 के कण्डिका 17-18 एवं 19 के तहत ग्राम वन प्रबन्धन सह संरक्षण समिति को वन से आधारित वनोपजों का विपणन में 90 प्रतिशत अधिकार वर्णित है तथा वनों की संरक्षण का दायित्व ग्रामीणों को दिया गया है। जिसके तहत समिति के अध्यक्ष तथा विभाग के वनपाल को संयुक्त खाता से वनों का विकास का कार्य करना है। आज झारखण्ड में दस हजार से अधिक समिति गठित है तथा वनों की सुरक्षा का कार्य किया जा रहा है। किन्तु विभाग की अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने तथा सरकार की संकल्प का अनुपालन नही होने से संयुक्त ग्राम वन प्रबन्धन समिति निष्क्रिय होते जा रही है। बोकारो वन प्रमण्डल के अंतर्गत सीसीएल कारो परियोजना का विस्तार हेतु 558 एकड वन भूमी का एनओसी दिया गया है। जिसमें समिति के द्वारा बचाया गया लाखों पेड़ कटेंगे। इस तरह से सरकार का संकल्प कहीं पर भी लागू होता नहीं दिखता है। इस पर राज्यमंत्री ने ज्ञापन को गंभीरता से लेकर निराकरण करने की बात कही है। प्रतिनिधिमंडल में आनंद महतो गंगाधर महतो व अन्य शामिल थे।

# बेरमो : 22 फरवरी को स्पेशल लोक अदालत आयोजित होगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो के निर्देशानुसार शनिवार 22 फरवरी को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में स्पेशल लोक अदालत लगाया जाएगा। स्पेशल लोक अदालत में मेट्रोमोनियल के मामले और चेक बाउंस के मामले का निष्पादन किया जाएगा। स्पेशल लोक अदालत के सफल निष्पादन के लिए तीन बेंच का गठन किया गया है। इसकी पहले बेंच पर कुटुंब न्यायालय प्रेमनाथ पांडेय और अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा, दूसरे बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एव अधिवक्ता प्रशांत पाल तथा तीसरे बेंच पर एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति व अधिवक्ता बिनोद गुप्ता रहेंगे। ये जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति की सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने देते हुए बताया कि अब तक कई मामलों का निष्पादन किया गया है। जिस भी मुवक्किल को अपने मामलों का समझौता के आधार पर मामले का निष्पादन कराना हो वह खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर मामले का निष्पादन करवा सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### डमरू और शंख ...

इसके बाद मंत्री और अन्य अतिथियों ने मंदिर परिसर में पौधरोपण भी किया।**पारंपरिक नृत्य-संगीत :** उद्घाटन के दौरान उरांव नृत्य, नागपुरी नृत्य, कडसा नृत्य और मानभूम छऊ नृत्य के माध्यम से अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। महोत्सव के अवसर पर कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया गया। सनातन, बौद्ध और जैन धर्म के इस संगम स्थल पर अगले तीन दिनों तक देश-प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। इसके अलावा, पुरातत्वविद और इतिहासकार भी महोत्सव के दौरान आयोजित सेमिनार में भाग लेंगे। 21 फरवरी की रात्रि में इटखोरी महोत्सव का समापन होगा।

### गिरिडीह सड़क हादसे ...

**मृतकों की पहचान :** पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो पर सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना अंतर्गत दरियापुर निवासी रहने वाले 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा (40), गोपाल कुमार (21), गुलाब कुमार ( इसरी बाजार ) के तौर पर की गयी। एक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं, बाइक पर सवार मृतकों में मधुबन थाना इलाके के छछंदो निवासी बबलू कुमार टुडू (26) तथा मधुबन थाना इलाके के धावाटांड निवासी हुसैनी मियां (55) के तौर पर हुई है।

### रेखा गुप्ता होंगी ...

अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद आतिशि ने दिल ली की सीएम की कुर्सी संभाली थी। अब रेखा गुप्ता यह पद संभालेंगी। 27 साल बाद भाजपा को दिल्ली विधानसभा में पूर्ण बहुमत मिला है।
**कौन हैं रेखा गुप्ता :** रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर आयी हैं। उन्होंने आप की वंदना कुमारी को हराया था। रेखा गुप्ता वर्तमान दौर में भाजपा की एकलौती महिला सीएम होंगी। दिल्ली भाजपा के एक बड़े नेता की मानें तो जिस दिन दिल्ली चुनाव के नतीजे आये थे, उसी दिन रेखा गुप्ता का नाम फाइनल कर दिया गया था। संघ से उनके कनेक्शन ने भी इसमें बड़ा रोल अदा किया। पार्टी आलाकमान ने संभावित सीएम और मंत्रियों को 90 दिन का रोडमैप प्लान तैयार कर देने को कहा था। इसमें खास बात यह है कि सिर्फ 48 विधायकों को ही यह रोडमैप बनाने के लिए कहा गया था। इनमें रेखा गुप्ता भी थीं। रेखा गुप्ता बनिया समुदाय से आती हैं, जिसका दिल्ली में बड़ा वोट शेयर है।

### इडी ने धनबाद ...

ईडी ने यह भी बताया कि एसीबी धनबाद द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर प्रमोद कुमार सिंह और अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति व राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) फंड के दुरुपयोग के लिए जांच शुरू की गयी। प्रमोद कुमार सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक अकाउंट मैनेजर के पद पर संविदा के आधार पर कार्यरत थे।

### नहीं मिला मैट्रिक का ...

इस कारण कई बार स्कूल समिति एवं शिक्षको के द्वारा छात्र व उनके परिजनों से संपर्क कर इस मामले को लेकर बात किया गया था लेकिन किसी प्रकार का सकारात्मक बात नहीं हो पाई थी। जिस कारण छात्र फॉर्म नहीं भर पाया था।

### पाकिस्तान आतंकवाद का ...

स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, लोगों की पसंद स्पष्ट और मुखर थी। जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र जीवंत और मजबूत है, जबकि पाकिस्तान में ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, गलत सूचना, झूठ तथा मिथ्या प्रचार का पाकिस्तानी अभियान जमीनी तथ्यों को नहीं बदलता। हरीश ने कहा, जैसा कि पाकिस्तान की आदत है कि वह संयुक्त राष्ट्र की किसी भी बैठक में कश्मीर मुद्दे को बिना किसी प्रासंगिकता के उठाता है। इस बार यह बहुपक्षवाद और वैश्विक शासन में सुधार पर परिषद के सत्र के दौरान हुआ।

स्पीड न्यूज

## पाकिस्तान में बस से उतार कर 7 यात्रियों की हत्या

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान के बरखान जिले में एक बस पर हमलावरों ने गोलीबारी की और बस से उतार कर कम-से-कम 7 यात्रियों की हत्या कर दी। मारे गए सभी यात्री पंजाब के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले थे। हमला मंगलवार देर रात हुआ। बरखान सहायक आयुक्त (एसी) खादिम हुसैन ने बुधवार सुबह इसकी पुष्टि की। जियो न्यूज के मुताबिक हथियारबंद हमलावरों ने मंगलवार देर रात बलूचिस्तान के बरखान जिले में एक बस पर गोलीबारी की और बाद में बस से उतार कर 7 यात्रियों की हत्या कर दी। हमला रारकन इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जहां अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने एक यात्री बस को रोका और हवा में गोलियां चलाईं। इसके बाद बंदूकधारी बस में चढ़े, यात्रियों के पहचान पत्रों की जांच की और 7 लोगों को जबरन पास के एक पहाड़ पर ले गए। कुछ ही देर बाद गोलियों की आवाज सुनाई दी। सुरक्षाबल के जवानों के घटनास्थल पर पहुंचने पर अपहृत यात्रियों के शव पहाड़ी इलाके से मिले।

## प्रधानमंत्री, गृह मंत्री के इशारे पर काम कर रहा है चुनाव आयोग : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर उन्हें कमजोर कर रही है इसलिए पार्टी संविधान की रक्षा के लिए अगले एक साल तक देश भर में संविधान बचाओ राष्ट्रीय यात्रा आयोजित करेगी। पार्टी ने कहा है कि इस दिनों देश में चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है और चुनाव आयोग पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम कर रहा है। श्री मोदी तथा श्री शाह से मिल रहे इशारे के अनुसार चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में हेरफेर किया जा रहा है।

## पनामा नहर टोल प्रणाली को बदलने का कोई मतलब नहीं:मोरेनो

**पनामा सिटी।** पनामा नहर के संचालन के उपाध्यक्ष बोरिस मोरेनो ने कहा है कि पनामा नहर में जहाजों से टोल एकत्र करने की प्रणाली ने 25 वर्षों के काम के दौरान अपनी प्रभावशीलता साबित की है और अब इसे बदलने का कोई मतलब नहीं है। श्री मोरेनो ने कहा,₹हमें लगता है कि इस प्रणाली को बदलने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह 25 वर्षों से अच्छी तरह से काम कर रही है।

## म्यांमार में बारूदी सुरंग विस्फोट में 9 लोग घायल

**यांगून।** दक्षिणी म्यांमार के तनिनथारी क्षेत्र में मंगलवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में बच्चों सहित नौ लोग घायल हो गए। सरकारी दैनिक द मिरर ने बुधवार को यह खबर दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादियों द्वारा किया गया यह हमला स्थानीय समयानुसार मंगलवार को दोपहर करीब 2:10 बजे हुआ उस समय जब नागरिकों को ले जा रहा एक हल्का ट्रक तनिनथारी टाउनशिप के एक गांव के पास से गुजर रहा था।

## ओटीटी पर रिलीज हुई वरुण की 'बेबी जॉन'

वरुण धवन, कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ जैसे सितारों से सजी फिल्म 'बेबी जॉन' बीते साल 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से निमार्ताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी। 180 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 39.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। हालांकि, अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो चुकी है, जिससे इसे नया दर्शक वर्ग मिलने की उम्मीद है। अगर आपने सिनेमाघरों में यह एक्शन-थ्रिलर मिस कर दी थी, तो अब अमेजन प्राइम वीडियो पर इसका लुत्फ उठा सकते हैं।
अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया है।

# महाकुंभ में तीन लाख करोड़ के कारोबार का अनुमान : कैट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि तीर्थ नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ के दौरान 45 दिनों में लगभग 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की उम्मीद है, जिससे तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के माल तथा सेवाओं के जरिए बड़े कारोबार के होने का अनुमान है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा की विश्व के इस सबसे बड़े मानव समागम ने यह स्थापित कर दिया है कि आस्था में अर्थव्यवस्था का भी समावेश होता है और भारत में सनातन अर्थव्यवस्था की जड़ें काफी मजबूत है जो देश की मुख्य अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा भी है।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि महाकुंभ प्रारम्भ होने से पूर्व एक अनुमान के अनुसार महाकुंभ में 40 करोड़ लोगों के आगमन के आने की संभावना के साथ लगभग दो लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान था लेकिन पूरे देश में महाकुंभ को लेकर लोगों के अभूतपूर्व उत्साह के कारण उम्मीद की जा रही है कि 26 फरवरी तक लगभग 60 करोड़ लोग महाकुंभ में आयेंगे जिससे लगभग तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के बड़े व्यापार होने की संभावना है।

इससे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बड़ी मजबूती मिली है तथा व्यापार के नए अवसरों का सृजन भी हुआ है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार अब तक 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं और लगातार भारी मात्रा में प्रतिदिन लोगों का महाकुंभ में जाना जारी है। श्री खंडेलवाल ने महाकुंभ के आर्थिक प्रभाव को रेखांकित करते हुए बताया कि अनुमान के अनुसार व्यापार के अनेक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है, जिसमें प्रमुख रूप से अतिथि सत्कार एवं आवास, खाद्य एवं पेय पदार्थ, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, धार्मिक वस्त्र, पूजा सामग्री एवं हस्तशिल्प सहित अन्य अनेक वस्तुएं, कपड़ा, परिधान एवं अन्य उपभोक्ता वस्तुएं, स्वास्थ्य सेवाएं एवं वेलनेस सेक्टर, धार्मिक दान एवं अन्य धार्मिक आयोजन , मीडिया, विज्ञापन एवं मनोरंजन, बुनियादी ढांचा विकास एवं नागरिक सेवाएं, टेलीकॉम, मोबाइल, ए आई तकनीक, सीसीटीवी कैमरा और अन्य तकनीकी उपकरणों के उपयोग आदि में बड़ा व्यापार हो रहा है जिससे बड़ी मात्रा में लोगों को रोजगार भी मिला है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि प्रयागराज के अलावा 150 किलोमीटर के दायरे में स्थित अन्य शहरों और गांवों में भी महाकुंभ के कारण व्यापक व्यापारिक लाभ हुआ है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त बढ़ावा मिला है।

## आंध्र के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने संगम में लगाई डुबकी


**कुंभनगर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हर दिन लाखों लोग डुबकी लगाने आ रहे हैं। इसी बीच साउथ सुपरस्टार और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण अपने परिवार के साथ महाकुंभ में पहुंचे। उन्होंने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगायी। साथ ही पूजा-अर्चना के बाद एक्टर ने मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि महाकुंभ में में आना उनका सपना रहा है। उन्होंने कहा, जब मैंने इस पल को अनुभव किया, मुझे केवल यही एहसास हुआ कि चाहे आप कितने भी मशहूर या अमीर क्यों न हों, इस विशेष अनुभव की भरपाई कभी नहीं की जा सकती। ऐसी शुभ स्थिति में करीब 50 करोड़ लोग एक स्थान पर एकत्र हुए हैं और मुझे खुशी है कि मैंने इसमें हिस्सा लिया।
यह मेरे लिए सबसे सुखद अनुभव है। मैं हमेशा देश और मानवता की भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। सुपरस्टार ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कर इसकी जानकारी दी । तस्वीरों के कोलाज में पवन कल्याण को अपनी दूसरी पत्नी अन्ना लेज्नवा और बेटे अकीरा नंदन के साथ नजर आ रहे हैं। डुबकी लगाने के बाद पवन कल्याण अपनी पत्नी को सिंदूर लगाते दिख रहे हैं।



# खतरे में तालिबान की अखुंदजादा सरकार

## डिप्टी संग खटपट के बीच गृह मंत्रालय के बाहर गोलीबारी

एजेंसी





**नयी दिल्ली।** तालिबान शासित अफगानिस्तान में हालिया हिंसा और नेताओं के बीच गहरे मतभेदों के चलते अखुंदजादा सरकार खतरे में है। बुधवार को राजधानी काबुल में गृह मंत्रालय के बाहर गोलीबारी की घटना ने इस अस्थिरता को और उजागर कर दिया। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब अखुंदजादा और डिप्टी हक्कानी के बीच गहरे मतभेद चल रहे हैं। तीन सीनियर तालिबानी नेता या तो देश से बाहर हैं या उन्हें निकाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, तालिबान के तीन सीनियर नेता उप प्रधानमंत्री अब्दुल गनी बरादर, गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी और उप विदेश मंत्री अब्बास स्तानिकजई झ्र हाल के हफ्तों में अफगानिस्तान से बाहर चले गए हैं। इससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि या तो वे निर्वासन में चले गए हैं या फिर उन्हें देश से बाहर भेजा गया है। सबसे चौंकाने वाली अनुपस्थिति हक्कानी की मानी जा रही है, जो तालिबान में एक बेहद प्रभावशाली नेता हैं और कुख्यात हक्कानी नेटवर्क का नेतृत्व करते हैं। उन्हें तालिबान के सर्वोच्च नेता शेख हैबतुल्लाह अखुंदजादा के बाद अफगानिस्तान का दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माना जाता है। कुछ लोगों का मानना है कि हक्कानी अखुंदजादा के बराबर ताकतवर हैं। लंबे समय से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि अखुंदजादा और हक्कानी के बीच सत्ता को लेकर गहरी खींचतान चल रही है। अखुंदजादा ने अफगानिस्तान में कठोर नीतियां लागू की हैं, जिनके तहत महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा और रोजगार के सभी अवसर खत्म कर दिए गए हैं। दूसरी ओर, हक्कानी और उनके समर्थक अपेक्षाकृत नरम रुख अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। उप विदेश मंत्री अब्बास स्तानिकजई भी उन नेताओं में शामिल हैं जो तालिबान शासन की सख्त नीतियों का विरोध कर चुके हैं। जनवरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने तालिबान सरकार द्वारा लड़कियों की शिक्षा पर लगाए गए प्रतिबंध की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था, ₹इस प्रतिबंध के लिए कोई बहाना नहीं है झ्र न अब और न भविष्य में। हम 2 करोड़ लोगों के साथ अन्याय कर रहे हैं। पैगंबर मुहम्मद के समय में भी ज्ञान के द्वार पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए खुले थे। स्तानिकजई की इस टिप्पणी को अखुंदजादा के अधिकार को चुनौती देने के रूप में देखा गया और इसके बाद उनकी गिरफ्तारी के आदेश जारी कर दिए गए। हालांकि, उन्होंने अफगान मीडिया के अनुसार अपनी जान बचाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (वअए) में शरण ले ली। इसी तरह, सिराजुद्दीन हक्कानी भी करीब एक महीने से अफगानिस्तान से बाहर हैं। पहले वह वअए गए और फिर सऊदी अरब की यात्रा पर चले गए। उप प्रधानमंत्री अब्दुल गनी बरादर भी इस महीने की शुरूआत से ही इलाज के नाम पर कतर में मौजूद हैं। सूत्रों के अनुसार, इन तीनों शीर्ष नेताओं की अनुपस्थिति से यह संकेत मिलता है कि तालिबान के भीतर कंधारी गुट और हक्कानी नेटवर्क के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ₹इन नेताओं की अनुपस्थिति यह दिखाती है कि तालिबान के भीतर सत्ता संघर्ष तेज हो गया है, विशेष रूप से अखुंदजादा के सत्ता-केंद्रित रवैये के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है। इन आंतरिक मतभेदों के अलावा, तालिबान सरकार और पाकिस्तान के बीच भी तनाव बढ़ता जा रहा है। हाल के दिनों में दोनों देशों के सैनिकों के बीच सीमा पर कई झड़पें हो चुकी हैं। पाकिस्तान लंबे समय से इस बात से नाराज है कि तालिबान सरकार तेहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को समर्थन दे रही है। यह संगठन पाकिस्तान में कई घातक हमलों को अंजाम दे चुका है और अफगानिस्तान में तालिबान शासन के तहत उसने अपनी गतिविधियां और अधिक बढ़ा ली हैं।

# सीएम ने रोहतास जिले को दी 1,378 करोड़ की सौगात

### 1220 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास



एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेलाड़ी परिसर से रोहतास जिला के लिये 1,378.46 करोड़ रुपये की कुल 1,220 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्?घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 1,110.23 करोड़ रुपये 1,971 योजनाओं का शिलान्यास और 268.22 करोड़ रुपये की 249 योजनाओं का उ?द्घाटन शामिल है।
प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी प्रखंड में 4,973.33 लाख रुपये की लागत से करमचट इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब योजना, ग्राम बादलगढ़ में 271.16 लाख रुपये की लागत से बोट हाउस कैंप योजना एवं दिनारा प्रखंड में 1489.33 लाख रुपये की लागत से भलुनी धाम इको पार्क योजना का रिमोट के माध्यम से अनावरण कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने दुर्गावती इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान हॉट एयर बैलून बैलून तथा आदिवासी जनजाति विकास समिति द्वारा साल के पत्तों से दोना एवं प्लेट के निर्माण प्रक्रिया का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने चेनारी प्रखंड के मलहीपुर पंचायत में ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मनहीपुर ग्राम का भ्रमण कर कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। मलहीपुर पंचायत में निर्मित कराए गए बैंडमिंटन कोर्ट का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया इस दौरान खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत मलहीपुर में पंचायत सरकार भवन के समीप 9.90 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिवा पशु पशु शेड, बैडमिंटन कोर्ट, 9.98 लाख रुपये की लागत से निर्मित खेल मैदान तथा 9.80 लाख रुपये की लागत से निर्मित तालाब का रिमोट के माध्यम से उ?द्घाटन किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के 321 लाभार्थियों को डेयरी उद्यम के लिए 1.8 करोड़ रुपये के आर्थिक सहयोग का सांकेतिक चेक, देशी गौ पालन प्रोत्साहन योजना का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया। जीविका दीदियों द्वारा संचालित भी प्रसंस्करण इकाई का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने संझौली प्रखंड के ग्राम बाजितपुर में कॉव नदी पर प्रस्तावित पुल के निर्माण का स्थल निरीक्षण किया। बिक्रमगंज प्रखंड के ग्राम घुसियोंखुर्द में इंटीग्रेटेड फार्मिंग एवं उत्कर्ष बायोफ्यूल प्लांट का मुख्यमंत्री ने भ्रमण कर अधिकारियों को आवश्यक विशा निर्देश दिए।

# संक्रमित व्यक्ति का इलाज हो सकता है, संक्रमित सोच का नहीं : योगी

एजेंसी



**लखनऊ।** महाकुंभ को लेकर विपक्षी नेताओं की भाषा शैली को सनातन संस्कृति पर सीधा हमला करार देते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि संक्रमित व्यक्ति का इलाज तो हो सकता है मगर संक्रमित सोच लाइलाज है। विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ को लेकर विपक्ष के आरोपों का सिलसिलेवार ढंग से जवाब देते हुये कहा ह्ल विपक्ष ने महाकुम्भ को लेकर कई गलत तथ्य प्रस्तुत किए और इसे धन की बबार्दी तक करार दिया। राजद प्रमुख महाकुंभ को फालतू कहते हैं तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इसे पैसे की बबार्दी बताते हैं। सपा नेता जया बच्चन ने कहा कि मौनी अमावस्या भगदड़ में मृत लोगों के शवों को बहा दिया गया जिससे त्रिवेणी प्रदूषित हो गयी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कहते हैं कि भगदड़ में हजारों लोगों की जान चली गयी। इनसे भी बढ़ कर एक नेता यह भी कहती है कि यह महाकुंभ नहीं बल्कि मृत्यु कुंभ है। उन्होने कहा कि सनातन संस्कृति का विरोध करना वास्तव में इन नेताओं की आदत बन चुकी है। वास्तव में संक्रमित व्यक्ति का इलाज तो किया जा सकता है मगर संक्रमित सोच का इलाज संभव नहीं है। विपक्ष निरंतर महाकुम्भ के आयोजन को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है, जबकि यह आयोजन सनातन संस्कृति का गौरव है और इसे भव्य रूप से मनाने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। अगर किसी को लगता है कि यह अपराध है तो उनकी सरकार यह अपराध बार बार करना पसंद करेगी। सरकार महाकुम्भ को ऐतिहासिक बनाने के लिए कृतसंकल्प है। श्री योगी ने कहा कि विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्ष के कुछ नेता महाकुम्भ जैसे आयोजन की भव्यता पर सवाल उठाते हैं और समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास करते हैं।

# जनता के मुद्दे उठाकर पांच साल में बनना है लोगों की पहली पसंद : मल्लिकार्जुन

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित लोगों को आगे बढ़ने का काम करके जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना है ताकि अगले पांच वर्ष में कांग्रेस देश की जनता की पहली पसंद बन सके। श्री खरगे ने पार्टी महासचिवों और प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए आज यहां कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े हैं। सबसे जरूरी बात जिम्मेदारी की है और इसमें यह स्पष्ट करना जरूरी है कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और वहां होने वाले चुनाव तथा उसके परिणामों के लिए जिम्मेदारी होंगे। उन्होंने कहा,हमारा 'संविधान बचाओ अभियान' चल रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम बेलगांव में हमने तय किया था। ये अगले एक वर्ष तक चलेगा। इसके तहत पदयात्रा, संवाद, कॉर्नर मीटिंग जैसी गतिविधियां चला कर कार्यक्रम आयोजित हों लेकिन ऐसे हर कार्यक्रमका लक्ष्य होना चाहिए संगठन का सशक्तिकरण।
श्री खरगे ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए फिर कहा, ₹हमारे सामने एक नयी चुनौती खड़ी हो गई है।

# रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा में सहयोग बढायेंगे भारत और मलेशिया

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत और मलेशिया ने रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय संपर्क और नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। मलेशिया-भारत रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक मंगलवार को कुआलालंपुर में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और मलेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव लोकमान हकीम बिन अली ने की। दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में दोनों सशस्त्र बलों के बीच नियमित संपर्क के साथ बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों को बढ़ाने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की। दोनों अध्यक्षों ने साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान की। उन्होंने विशेष रूप से रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय संपर्क के क्षेत्र में मौजूदा सहयोग को प्रगाढ करने के तरीकों की पहचान की। वे गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए एक संयुक्त फोकस समूह बनाने पर भी सहमत हुए। दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रक्षा स्तंभ के तहत नई पहलों को पूरी तरह से लागू करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष दातो सेरी अनवर इब्राहिम की पिछले वर्ष हुई बैठक में बनी सहमति के अनुरूप होगा। भारत और मलेशिया ने रणनीतिक मामलों के कार्य समूह की स्थापना पर अंतिम रूप से संदर्भ की शर्तों का भी आदान-प्रदान किया।
यह मंच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए मिडकॉम और दो उप-समितियों के बीच एक परामर्श तंत्र के रूप में कार्य करेगा।
दोनों पक्षों ने मिडकॉम के परिणामस्वरूप सुखोई-30 फोरम की स्थापना पर अंतिम रूप से शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह फोरम लड़ाकू विमान के रखरखाव में विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान में दोनों वायु सेनाओं के बीच घनिष्ठ सहयोग को सक्षम करेगा।
रक्षा सचिव ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता, विशेष रूप से मलेशियाई कंपनियों और सशस्त्र बलों के साथ उनकी क्षमता वृद्धि और आधुनिकीकरण में सहयोग करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मलेशिया को आसियान और आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस की अध्यक्षता संभालने पर बधाई दी और इस वर्ष एडीएमएम प्लस और आसियान रक्षा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के आयोजन के लिए मलेशिया के रक्षा मंत्रालय को शुभकामनाएं दीं।